


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 295 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) माघ कृ.4 2081 शुक्रवार, 17 जनवरी-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## अंतरिक्ष में डॉकिंग करने वाला चौथा देश बना भारत

बेंगलुरू, 16 जनवरी (एजेंसियां)। भारत अंतरिक्ष में दो स्पेसक्राफ्ट को सक्सेसफुली डॉक करने वाला चौथा देश बन गया है। इससे पहले रूस, अमेरिका और चीन ही ऐसा करने में सफल रहे हैं। इसरो ने बताया कि 16 जनवरी को सुबह डॉकिंग एक्सपेरिमेंट को पूरा किया गया। इस मिशन की कामयाबी पर चंद्रयान-4, गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन जैसे मिशन्स निर्भर थे। चंद्रयान-4 मिशन में चंद्रमा की मिट्टी के सैंपल पृथ्वी पर लाए जाएंगे। वहीं गगनयान मिशन में मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। इसरो ने 30 दिसंबर 2024 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से रात 10 बजे स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन लॉन्च किया था।

# 'दो से अधिक बच्चे वाले ही लड़ सकेंगे स्थानीय निकाय चुनाव'

## सीएम चंद्रबाबू नायुडू का एलान


तिरुपति, 16 जनवरी (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायुडू ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा है कि, कोई व्यक्ति सरपंच, नगर पार्षद या महापौर तभी बन सकता है, जब उसके दो से अधिक बच्चे हों। इस दौरान उन्होंने संकेत दिया कि इससे जनसंख्या में गिरावट को रोका जा सकेगा। सीएम ने आगे कहा कि, वे लोगों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए नीतियां लाएंगे।

**पहले भी सीएम नायुडू ने की थी वकालत :**

इससे पहले सीएम नायुडू ने कहा था कि, राज्य में विकास दर बढ़नी चाहिए। सभी को इस बारे में सोचना चाहिए और परिवारों को कम से कम दो या उससे अधिक बच्चे पैदा करने का लक्ष्य रखना चाहिए। दरअसल केंद्र की यूथ इन इंडिया-2022 रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में 25 करोड़ युवा 15 से 25 साल के बीच के हैं। अगले 15 साल में यह और तेजी से गिरेगी।

**कुछ लोग अपना रहे डीआईएनके की अवधारणा**

उन्होंने हाल ही में यहां नरवरिपल्ले में कहा, एक समय में, अधिक बच्चों वाले व्यक्तियों को पंचायत (चुनाव) या स्थानीय निकायों में चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं थी। अब मैं जो कह रहा हूं वह यह है कि कम बच्चों वाले व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकते। आप सरपंच, नगर पार्षद, निगम अध्यक्ष या महापौर तभी बन सकते हैं जब आपके दो से अधिक बच्चे हों। मुख्यमंत्री के अनुसार, उत्तर भारत लगभग 15 वर्षों में स्थिर प्रजनन दर का लाभ खो सकता है। टीडीपी सुप्रीमो ने कहा कि पुरानी पीढ़ी के पास अधिक बच्चे थे, जबकि वर्तमान पीढ़ी ने इसे एक बच्चे तक सीमित कर दिया है और यह भी उजागर किया कि आजकल कुछ 'स्मार्ट' लोग आनंद लेने के लिए डबल इनकम नो किड्स (डीआईएनके) अवधारणा को अपना रहे हैं।



**सभी देशों ने की गलती, हमें सही समय पर लेना होगा फैसला :**

सीएम नायुडू ने कहा आपके माता-पिता ने चार से पांच बच्चे पैदा किए और आपने इसे एक तक सीमित कर दिया। अब और भी अधिक स्मार्ट लोग कह रहे हैं कि डबल इनकम नो किड्स हमें आनंद लेने दें। अगर उनके माता-पिता ने उनकी तरह सोचा होता, तो वे इस दुनिया में नहीं आते। सीएम ने कहा कि सभी देशों ने यह गलती की है और हमें सही समय पर निर्णय लेना होगा। उन्होंने कहा कि अधिक बच्चे पैदा करने के महत्व पर जोर नहीं दिया गया और स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई।

**दक्षिण कोरिया और जापान का दिया हवाला :**

दक्षिण कोरिया, जापान और महाद्वीपीय यूरोप जैसे देशों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि उन स्थानों पर लोगों को जनसंख्या में गिरावट के खतरे का एहसास नहीं हुआ, बल्कि उन्होंने केवल धन सृजन, आय बढ़ाने और उन देशों को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया। सीएम ने कहा, अब उन्हें लोगों की जरूरत है, हमें उन्हें भेजना होगा।

हम उस स्थिति में आ गए हैं। इस महीने की शुरूआत में भी नायुडू ने गिरती जन्म दर पर चिंता जताई और कहा कि भारत को दक्षिण कोरिया और जापान जैसे अन्य देशों द्वारा की गई गलतियों को नहीं दोहराना चाहिए, जहां जन्म दर में गिरावट आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजकल कुछ जोड़े बच्चे पैदा करने से कतराते हैं क्योंकि वे अपनी कमाई को साझा नहीं करना चाहते और उस धन का उपयोग अपने आनंद के लिए नहीं करना चाहते।

# लैंड फॉर जॉब केस में अब 30 जनवरी को सुनवाई

### लालू-तेजस्वी समेत केस में 9 आरोपी



नई दिल्ली, 16 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में आज (16 जनवरी) लैंड फॉर जॉब मामले में सुनवाई टल गई है। अब इस मामले में 30 जनवरी को सुनवाई होगी। कोर्ट ने एक रेलवे अधिकारी पर केस चलाने की अनुमति नहीं दी। इससे पहले भी 23 दिसंबर को केस चलाने की अनुमति नहीं मिलने के कारण सुनवाई टल गई थी। इस केस में लालू परिवार के पांच सदस्य आरोपी हैं। इसमें लालू यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, मीसा भारती और हेमा यादव शामिल हैं। 7 अक्टूबर को हुई सुनवाई में लैंड फॉर जॉब केस में लालू परिवार समेत सभी 9 आरोपियों को जमानत मिल गई थी। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सभी को 1-1 लाख के निजी मुचलके पर बेल दी थी।

कोर्ट ने सभी को पासपोर्ट सरेंडर करने के निर्देश दिए थे। लैंड फॉर जॉब्स मामले में 20 जनवरी 2024 को ईडी की दिल्ली और पटना टीम के अधिकारियों ने लालू और तेजस्वी से 10 घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की थी। ईडी सूत्रों के मुताबिक लालू प्रसाद से 50 से ज्यादा सवाल किए गए थे। उन्होंने ज्यादातर जवाब हां या ना में ही दिए थे। पूछताछ के दौरान कई बार लालू झल्ला भी गए थे।

# गोधरा कांड पर 'सुप्रीम' सुनवाई 13 फरवरी को

नई दिल्ली, 16 जनवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड मामले में गुजरात सरकार और कई अन्य दोषियों की तरफ से दायर अपीलों पर 13 फरवरी को सुनवाई करेगा। वहीं इस मामले में जस्टिस जेके माहेश्वरी और अरविंद कुमार की पीठ ने स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई की तारीख पर मामले में कोई स्थगन नहीं दिया जाएगा।

बता दें कि, 27 फरवरी, 2002 को गुजरात के गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 कोच में आग लगने से 59 लोग मारे गए थे, जिसके बाद राज्य में दंगे भड़क गए थे। दरअसल, गुजरात उच्च न्यायालय के अक्तूबर 2017 के फैसले को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में कई अपीलें दायर की गई हैं, जिसमें कई दोषियों की दोषसिद्धि को बरकरार रखा गया था और 11 लोगों की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया गया था। गुजरात सरकार ने फरवरी 2023 में शीर्ष अदालत से कहा था कि वह उन 11 दोषियों के लिए मृत्युदंड की मांग करेगी, जिनकी सजा को उच्च न्यायालय ने आजीवन कारावास में बदल दिया था। गुरुवार को जब मामले की सुनवाई हुई तो एक दोषी की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि कोई सबूत रिकॉर्ड में नहीं रखा गया है। इस पर न्यायमूर्ति माहेश्वरी ने कहा, हमें नहीं पता। हम मामले की सुनवाई करेंगे और हमने पहले भी यह स्पष्ट किया था। हम इस मामले को स्थगित नहीं करेंगे। इस मामले को कम से कम पांच बार स्थगित किया जा चुका है। पिछले एक साल से मैं इस मामले को स्थगित कर रहा हूं। वकील ने अदालत को बताया कि कुछ दोषियों ने माफी याचिका दायर की है जो लंबित है। मामले को स्थगित करने से इनकार करते हुए पीठ ने कहा, हमें मुख्य न्यायाधीश के कार्यालय से निर्देश मिले हैं कि आपराधिक अपील और माफी के मामलों की एक साथ सुनवाई करने की जरूरत नहीं है।

एक दोषी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने कहा कि मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदलने के खिलाफ गुजरात की तरफ से दायर अपील पर पहले सुनवाई होनी चाहिए।

# सैफ अली खान पर घर में घुसकर हमला

### > रीढ़ की हड्डी में फंसा था चाकू का टुकड़ा > हाथ-कंधे की भी सर्जरी हुई > आरोपी मांग रहा था एक करोड़

मुंबई, 16 जनवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर उनके घर में घुसकर चाकू से हमला किया गया है। घटना मुंबई के खार स्थित गुरु शरण अपार्टमेंट के 12वें फ्लोर पर बुधवार देर रात करीब डेढ़ बजे हुई। इस हमले में एक्टर को गले, पीठ, हाथ और सिर समेत 6 जगह चाकू लगा था। सैफ को रात 2 बजे लीलावती हॉस्पिटल ले जाया गया था। लीलावती अस्पताल के सीओओ डॉ. नीरज उत्तमानी ने बताया कि सैफ की रीढ़ की हड्डी में चाकू का टुकड़ा फंसा था और फ्लूड भी लीक हो रहा था।


सर्जरी करके इसे निकाला गया है। एक्टर के बाएं हाथ पर दो गहरे घाव थे और गर्दन पर भी गहरी चोट थी। इनकी प्लास्टिक सर्जरी की गई है। अब उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मुंबई पुलिस के डीसीपी गेदाम दीक्षित ने बताया कि एक हमलावर की पहचान कर ली गई है। वह सीढ़ियों से अपार्टमेंट में दाखिल हुआ था। सैफ अली खान पर हमला करने वाला सीसीटीवी फुटेज में दिखा है। उसे बिल्डिंग की छठी मंजिल पर देखा गया। यहीं सैफ अली खान का अपार्टमेंट है। हमलावर ने भागने के लिए सीढ़ियों का इस्तेमाल किया। पुलिस ने घर में जबरन घुसने और हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया है।



पुलिस ने बताया कि सैफ के घर से 3 लोगों को पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन ले जाया गया है। इनमें हमले में घायल हुई हाउसकीपर भी शामिल है। शुरूआती जांच में पता चला कि घर के अंदर मौजूद किसी शख्स ने ही हमलावर को एंट्री दी। घर में कोई जबरदस्ती नहीं घुसा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये घटना सैफ-करीना के बच्चों तैमूर-जेह के कमरे की है। कमरे में उनकी हाउसकीपर अरियामा फिलिप उर्फ लीमा मौजूद थी, जिसे एक अज्ञात शख्स ने पकड़ लिया। उनकी चीखने की आवाज सुनकर सैफ बच्चों के कमरे में पहुंचे थे। सैफ को देखते ही अज्ञात शख्स ने उन पर हमला करना शुरू कर दिया। इस दौरान घायल हुई हाउसकीपर को भी लीलावती अस्पताल ले जाया गया है। बांद्रा पुलिस स्टेशन ने हमलावरों की तलाश के लिए 10 टीमें बनाई हैं।

वहीं क्राइम ब्रांच ने भी केस के इन्वेस्टिगेशन के लिए 8 टीमें गठित कर दी हैं। क्राइम ब्रांच जांच के लिए सैफ के घर भी पहुंच चुकी है। एनकाउंटर स्पेशलिस्ट दया नायक भी टीम का हिस्सा हैं।





## कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' पंजाब में होगी बैन? एसजीपीसी ने उठाया बड़ा कदम

चंडीगढ, 16 जनवरी (एजेंसियां)। एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को पंजाब में बैन करने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को चिट्ठी लिखी है। गुरुवार को लिखी चिट्ठी में हरजिंदर सिंह धामी ने कहा है कि शुक्रवार को रिलीज होने वाली फिल्म 'इमरजेंसी' में सिखों को गलत तरीके से पेश किया गया है। फिल्म 'इमरजेंसी' सिखों के खिलाफ दुष्प्रचार करेगी इसलिए इसे पंजाब में नहीं चलने दिया जाना चाहिए। एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने आगे लिखा है कि अगर फिल्म 'इमरजेंसी' पंजाब में चलती है तो इसका विरोध होगा।

## एससी: सजा पूरी कर चुके पाकिस्तानियों की रिहाई पर सुनवाई से इनकार

## जल जीवन मिशन मामले में कारोबारी को मिली राहत

नई दिल्ली, 16 जनवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को देश की विभिन्न जेलों में बंद पाकिस्तानी कैदियों को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। वहीं, श्री श्याम ट्यूबवेल कंपनी के मालिक पदम चंद जैन को जल जीवन मिशन मामले में बड़ी राहत मिली है।

**पदम चंद जैन को जमानत मिली**

शीर्ष अदालत से श्री श्याम ट्यूबवेल कंपनी के मालिक पदम चंद जैन को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उन्हें जमानत दे दी। बता दें, जैन को राजस्थान में जल जीवन मिशन (जेजेएम) योजना के कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं के लिए ईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया था। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद जैन को पिछले साल जून में ईडी की जांच के बाद गिरफ्तार किया गया था।



**पाकिस्तानी कैदियों को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई से इनकार**

शीर्ष अदालत में दायर याचिका में सजा पूरी कर चुके 103 पाकिस्तानी कैदियों की रिहाई के लिए भारत सरकार को निर्देश देने की मांग की गई थी। इस पर अदालत ने कहा कि इस मसले पर एक याचिका कई सालों से लंबित है। अदालत पहले से ही उसपर सुनवाई कर रही है, ऐसे में इस नई अर्जी पर सुनवाई करने की इच्छुक नहीं है।

**कैदियों की सूची उपलब्ध कराए केंद्र**

न्यायाधीश एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की सुनवाई करने से इनकार कर दिया। अधिवक्ता नितिन मट्टू द्वारा दायर याचिका में कहा गया था कि पाकिस्तानी कैदी, जिन्होंने अपनी सजा पूरी कर ली है या जिन्हें बरी कर दिया गया है, उन्हें जेल से रिहा किया जाना चाहिए। इसके अलावा, यह भी कहा गया कि केंद्र सरकार को विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर इन कैदियों की सूची उपलब्ध करानी चाहिए, ताकि भारत में बंद पाकिस्तानी नागरिकों के रिश्तेदारों का पता चल सके।

**पिछले साल आरटीआई से जानकारी आई सामने**

अधिवक्ता ने कहा कि उन्होंने पिछले साल 23 अप्रैल को आरटीआई के जरिए भारतीय जेलों में बंद पाकिस्तानी कैदियों की सूची मांगी थी, जिसमें यह जानकारी मिली कि 337 लोग भारतीय जेलों में बंद हैं, जिनमें से 103 पाकिस्तानी नागरिकों ने अपनी सजा पूरी कर ली है लेकिन वे अभी भी जेल में हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने सरकार से इन कैदियों की तत्काल रिहाई की मांग की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसलिए वह सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। उनका कहना था कि ऐसे कैदियों की रिहाई से राज्य सरकारों पर आर्थिक बोझ कम होगा और यह उनके अधिकारों का उल्लंघन भी नहीं होगा। इसके अलावा कैदियों को उनके देश में रिहा नहीं करना भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 ए के अनुसार उनके साथ अन्याय है।

## नाबालिग बेटियों के पासपोर्ट नवीनीकरण करने का आदेश, अभिनेता पिता की आपत्ति खारिज

जबलपुर, 16 जनवरी (एजेंसियां)। अभिनेता पिता नितीश भारद्वाज की आपत्ति को खारिज करते हुए जबलपुर हाईकोर्ट की एकलपीठ ने नाबालिग जुड़वा बेटियों के पासपोर्ट नवीनीकरण की कार्रवाई एक सप्ताह में पूरी करने के आदेश जारी किए हैं। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि नाबालिग बच्चों के पासपोर्ट नवीनीकरण के लिए पिता की अनुमति आवश्यक नहीं है। अभिनेता नितीश भारद्वाज की नाबालिग बेटियां देवयानी और शिवरंजनी की ओर से उनकी मां स्मिता भारद्वाज द्वारा याचिका दायर की गई थी। याचिका में कहा गया कि दोनों नाबालिग बच्चियों के पासपोर्ट नवीनीकरण के लिए भोपाल पासपोर्ट कार्यालय में आवेदन किया गया था। पासपोर्ट कार्यालय ने इस संबंध में बच्चों के पिता को सूचना दी थी। पिता द्वारा आपत्ति दर्ज कराए जाने पर पासपोर्ट कार्यालय ने पासपोर्ट नवीनीकरण से इनकार करते हुए न्यायालय की अनुमति लेने का निर्देश दिया था। याचिका में यह भी कहा गया कि माता-पिता के बीच तलाक और बच्चों की अभिरक्षा को लेकर मामला मुंबई की बांद्रा कोर्ट में लंबित है। मां ने बांद्रा कोर्ट में बच्चों के पासपोर्ट नवीनीकरण की अनुमति के लिए आवेदन किया था। पिता की आपत्ति के कारण मां ने आवेदन वापस लेकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में याचिका दायर कर राहत की मांग की। हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि विदेश यात्रा का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। पासपोर्ट अधिनियम के तहत पासपोर्ट नवीनीकरण के लिए दोनों माता-पिता की सहमति आवश्यक नहीं है, जब तक कि कोई न्यायालय इस संबंध में रोक न लगाए। याचिकाकर्ता मां ने फार्म सी में जानकारी दी है कि पति से तलाक और बच्चों की अभिरक्षा का मामला न्यायालय में लंबित है।

## युवक की हत्या मामले में मैतेई समूह के छह संदिग्ध गिरफ्तार

इंफाल, 16 जनवरी (एजेंसियां)। मणिपुर में सुरक्षा बलों की सक्रियता बढ़ रही है। थौबल जिले में पुलिस ने एक युवक की मौत के मामले में मैतेई समूह अरम्बाई तेंगोल के छह संदिग्ध सदस्यों को पकड़ा है। वहीं चुराचांदपुर में 4।8 हेक्टेयर में की जा रही अवैध पोस्त की खेती को नष्ट किया गया। इसके अलावा इंफाल पश्चिम में प्रतिबंधित केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि थौबल जिले में अरम्बाई तेंगोल समूह के सदस्यों ने फिरौती के लिए मंगलवार को मोहम्मद नवाज नामक व्यक्ति का उसके घर से अपहरण कर लिया था। बाद में उसे थौबल जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## चुराचांदपुर में अवैध पोस्त की खेती नष्ट

चुराचांदपुर, 16 जनवरी (एजेंसियां)। पुलिस ने चुराचांदपुर जिले में 4.8 एकड़ क्षेत्र में अवैध पोस्त की खेती को नष्ट कराया। पुलिस, असम राइफल्स, वन विभाग और कार्यकारी मजिस्ट्रेट की एक संयुक्त टीम ने बुधवार को संगाइकोट पुलिस थाना क्षेत्र में हाओपी मोलेन हिल पर अभियान चलाया। यहां से पोस्त की छह फलियां भी जब्त की गईं। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## वसूली करने पर केसीपी के दो सदस्य पकड़े

इंफाल, 16 जनवरी (एजेंसियां)। पुलिस ने इंफाल पश्चिम जिले में दुकान संचालकों और छोटे व्यवसायियों से वसूली करने के मामले में इंफाल पश्चिम जिले से प्रतिबंधित केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि उसने खानगेमबम सनातोन सिंह (51) और थोकचोम टिकेन सिंह (43) को मचांग बेकरी के पास उरीपोक मयई लीकाई से गिरफ्तार किया गया। उनके पास से चार मोबाइल फोन जब्त किए गए।

## नामांकन भरने के लिए तिहाड़ से बाहर आए ताहिर हुसैन, दिल्ली दंगा मामले में आरोपी

नई दिल्ली, 16 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में 5 फरवरी को विधानसभा चुनाव होने हैं। उससे पहले चुनावी तैयारियों के साथ नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया भी तेजी से चल रही है। इसके मद्देनजर दिल्ली दंगे के आरोपी और आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन को तिहाड़ से रिहा किया गया है। ताहिर हुसैन को हिरासत में पैरोल दी गई है। इसके तहत वह कुछ समय के लिए जेल से बाहर आए। जेल के सूत्रों के अनुसार, हुसैन को दिल्ली पुलिस की कड़ी सुरक्षा में तिहाड़ जेल से रिहा किया गया और वह गुरुवार सुबह करीब 9:15 बजे जेल से बाहर आए। ताहिर हुसैन को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन एआईएमआईएम ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुस्तफाबाद विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। यह विधानसभा सीट



उत्तर-पूर्वी दिल्ली में स्थित है, जहां 2020 में हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें 53 लोग मारे गए थे और कई घायल हो गए थे। दिल्ली हाई कोर्ट ने ताहिर हुसैन को नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए मंगलवार को दंगों से संबंधित हत्या के एक मामले में हिरासत में पैरोल दी। ताहिर हुसैन की तरफ से अंतरिम जमानत की अर्जी पेश करते हुए वकील रेबेका जॉन ने कहा था कि विधानसभा चुनावों में नामांकन करना एक जटिल प्रक्रिया है, जिसे 17 जनवरी तक पूरा करना है।

## गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होंगे 40 एयरक्राफ्ट, तेजस नहीं लेगा भाग

नई दिल्ली, 16 जनवरी (एजेंसियां)। राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। बता दें कि 26 जनवरी की तारीख को भारत अपना 76वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाएगा। इस दिन कर्तव्य पथ पर परेड का आयोजन किया जाएगा। इसमें भारत के सशस्त्र बलों के विभिन्न अंग परेड करेंगे। वहीं, वायुसेना अपना कौशल दिखाएगी और विभिन्न राज्य अपनी झांकियों का प्रदर्शन करेंगे। इस बीच खबर आई है कि गणतंत्र दिवस समारोह में भारत का स्वदेशी तेजस विमान हिस्सा नहीं लेगा। आइए जानते हैं इसका कारण।

**क्यों शामिल नहीं होगा तेजस?**

भारतीय वायुसेना के कुल मिलाकर 40 एयरक्राफ्ट



रिपब्लिक डे परेड का हिस्सा होंगे। हालांकि, तेजस विमान इसका हिस्सा नहीं होगा। जानकारी के मुताबिक, तेजस सिंगल इंजन का विमान है। इस कारण वह इस बार गणतंत्र दिवस की परेड में हिस्सा नहीं लेगा। जानकारी के मुताबिक, भारतीय वायुसेना ने इसे लेकर नई पॉलिसी तैयार की थी। जानकारी के मुताबिक, एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर की पूरी फ्लीट अभी ग्राउंड है जिसकी वजह से एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर भी गणतंत्र दिवस में पार्टिसिपेट नहीं करेंगे।

**कौन से विमान लेंगे हिस्सा?**

कुल मिलाकर 40 एयरक्राफ़्ट रिपब्लिक डे परेड का हिस्सा हैं जिनमें से 22 फाइटर एयरक्राफ्ट शामिल हैं। इनमें ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और इसके साथ ही हेलीकॉप्टर भी शामिल हैं। इसके अलावा तीन डोर्नियर विमान भी गणतंत्र दिवस की परेड का हिस्सा होंगे। हालांकि, गणतंत्र दिवस में इस बार भारतीय वायुसेना की कोई भी झांकी नहीं होगी।

**10 हजार विशेष अतिथियों को निमंत्रण**

भारत के 76वें गणतंत्र दिवस के समारोह में पारालंपिक दल के सदस्य, उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले गांवों के सरपंच, हथकरघा कारीगर और वन एवं वन्यजीव संरक्षण कार्यकर्ता समेत लगभग 10,000 विशेष अतिथियों को परेड देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने इन विशेष अतिथियों को विभिन्न क्षेत्रों और कार्यक्षेत्रों से चुना गया है। इसके लिए कुल 31 श्रेणियां थीं।

## बिष्णुपुर के नामबोल में हथियार और गोला-बारूद बरामद

थौबल, 16 जनवरी (एजेंसियां)। पूर्वोत्तर राज्य के बिष्णुपुर और थौबल जिले में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद मिला। बिष्णुपुर के नामबोल में एगेजांग और लीमरम उयोक चिंग के निकटवर्ती क्षेत्र से 51 मिमी मोर्टार ट्यूब लॉन्चर, मैगजीन के साथ एक एसएलआर, एक स्नाइपर राइफल, तीन 40 मिमी लैथोड शेल, चार 36 ग्रेनेड, एक स्मोक बम और दो वायरलेस सेट जब्त किया गया। वहीं थौबल जिले के नोंगपोक सेकमाई पुलिस स्टेशन क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने एक 9 मिमी सीएमजी मैगजीन, चार 36 ग्रेनेड, 27 गोला बारूद, तीन आंसू धुआं गोले और तीन रेडियो सेट जब्त किए।

## बीड सरपंच हत्या मामले की न्यायिक जांच के लिए पैनल गठित, तीन से छह महीने के भीतर देनी होगी रिपोर्ट



मुंबई, 16 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र सरकार ने बीड में सरपंच संतोष देशमुख की हत्या की न्यायिक जांच के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एमएल तहलियानी की एक सदस्यीय समिति का गठन किया। प्रारंभिक जांच से मालूम चला कि सरपंच ने क्षेत्र में पवनचक्की परियोजना संचालित करने वाली एक ऊर्जा कंपनी पर जबरन वसूली के प्रयास का विरोध करने की कोशिश की थी। पुलिस ने इस मामले में अबतक कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। महाराष्ट्र मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी वाल्मिक कराड को जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया है। सरपंच की हत्या मामले की जांच कर रही विशेष जांच दल (एसआईटी) ने कराड को सात दिन की हिरासत में लिया है। बुधवार को जारी सरकारी आदेश के अनुसार, न्यायिक समिति यह निर्धारित करेगी कि देशमुख की मौत के लिए कोई व्यक्ति या संगठन जिम्मेदार था या नहीं। आदेश में कहा गया कि समिति को भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उपाय सुझाने का भी काम सौंपा गया है।

**क्या है बीड सरपंच हत्या मामला**

महाराष्ट्र में बीड के मासाजोग के सरपंच संतोष देशमुख को 9 दिसंबर को अपहरण कर प्रताड़ित किया गया और फिर उनकी हत्या कर दी गई, क्योंकि वे बीड जिले में एक पवनचक्की परियोजना का संचालन करने वाली एक ऊर्जा कंपनी पर जबरन वसूली की कोशिश को रोकने की कोशिश कर रहे थे।

**सोमनाथ सूर्यवंशी मौत मामले में भी समिति गठित**

महाराष्ट्र सरकार ने परभणी प्रदर्शनकारी सोमनाथ सूर्यवंशी की हिरासत में मौत की न्यायिक जांच के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश वीएल अचलिया की एक सदस्यीय समिति भी गठित की। समिति दलित प्रदर्शनकारी की हिरासत में मौत से संबंधित कारणों की जांच करेगी। अधिकारियों के अनुसार, पैनल हिंसा के दौरान स्थिति को संभालने के लिए पुलिस द्वारा उठाए गए कदमों की भी जांच करेगा। 35 वर्षीय सूर्यवंशी को संविधान की कांच से बनी प्रतिकृति के अपमान पर परभणी में हुई हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि बीमार पड़ने के बाद सूर्यवंशी की मौत हो गई थी। दोनों समितियों को तीन से छह महीने के भीतर सरकार को अपने निष्कर्ष सौंपने होंगे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पिछले महीने दोनों घटनाओं की न्यायिक जांच की घोषणा की थी।

## किन्नर के वेश में रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठिये को दबोचा, 10 साल पहले आया था भारत; 19500 संदिग्धों की सूची तैयार

नई दिल्ली, 16 जनवरी (एजेंसियां)। किन्नर के वेश में अवैध रूप से दिल्ली में रह रहे बांग्लादेशी पुरुष को पश्चिमी जिला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी 10 साल पहले भारत आया था। राजधानी में अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशियों की धर पकड़ और उन्हें वापस बांग्लादेश भेजने का अभियान विधानसभा चुनाव के बाद भी चलता रहेगा।

दिल्ली पुलिस को पहले जनवरी तक यह अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। वहीं, अब इसे कुछ महीने और ताजी मार्च तक चलाने को कहा गया है ताकि अधिक से अधिक बांग्लादेशियों की पहचान कर उन्हें पकड़ा जा सके और उन्हें वापस बांग्लादेश भेजा जा सके। उप राज्यपाल के निर्देश पर दिसंबर में यह अभियान शुरू किया गया था। अब तक सभी 15 जिले की पुलिस 19500 संदिग्ध बांग्लादेशियों की सूची तैयार की है,

## 'चुनाव प्रचार में एआई का उपयोग जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ करें राजनीतिक दल', निर्वाचन आयोग की सलाह




नई दिल्ली, 16 जनवरी (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों से चुनाव प्रचार में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ प्रयोग करने के लिए कहा है। इसे लेकर आयोग ने राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को सलाह जारी की है। आयोग ने कहा है कि राजनीतिक दल और उम्मीदवार एआई से जारी होने वाली सामग्री का उचित रूप से खुलासा जरूर करें। चुनाव आयोग ने उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों को जारी की गई एडवाइजरी में कहा है कि अगर कोई राजनीतिक दल या उम्मीदवार आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के जरिये किसी फोटो, वीडियो या अन्य सामग्री का उपयोग करे तो उसके स्रोत की जानकारी का खुलासा जरूर किया जाए। आयोग ने कहा कि राजनीतिक दल विज्ञापन और प्रचार सामग्री पर अगर सिथेंटिक कंटेट का उपयोग करेंगे तो उनको इसका अस्वीकरण देना होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार लगातार चुनाव में एआई के गलत उपयोग को लेकर चिंता जताते रहे हैं। सात जनवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा के दौरान उन्होंने कहा था कि प्रशासन को गलत सूचना फैलाने के प्रयास करने वालों के प्रति सतर्क रहना होगा। साथ ही ऐसी सूचनाओं को रोकने के लिए तेजी से कार्रवाई करनी होगी। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान भी आयोग ने सोशल मीडिया के सावधानीपूर्ण उपयोग को निर्देश जारी किए थे। दिल्ली विधानसभा चुनाव में डीपफेक और भ्रामक संदेश फैलाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। हाल ही में पुलिस ने आप के खिलाफ प्रधानमंत्री व गृहमंत्री की एआई-जनरेटेड तस्वीरें और वीडियो पार्टी के आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट करने के आरोप में पांच एफआईआर दर्ज की हैं। शिकायतें 10 जनवरी और 13 जनवरी को पोस्ट किए गए वीडियो से जुड़ी थीं, जिनमें से एक में 90 के दशक की बॉलीवुड फिल्म के दृश्य में भाजपा नेताओं को चित्रित करने के लिए एआई-डीपफेक तकनीक का उपयोग किया गया था। इसके साथ ही सोशल मीडिया और एआई के दुरुपयोग को रोकने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। आयोग का मानना है कि डीपफेक वीडियो चुनाव कानूनों और निर्देशों का उल्लंघन करके चुनावी प्रक्रिया को बाधित करते हैं।

## 50 से ज्यादा लड़कियों के शोषण के आरोपी मनोवैज्ञानिक को लेकर खुलासा, वारदात में पत्नी का भी हाथ



नागपुर, 16 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के नागपुर में करियर काउंसिल के बहाने बच्चियों को बाहर लेकर उनके साथ दुष्कर्म करने वाले मनोवैज्ञानिक की गिरफ्तारी पर सीपी डॉ. रविंदर सिंगल ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि मनोवैज्ञानिक के खिलाफ तीन मामले दर्ज किए गए हैं। एक समिति गठित की गई है। आरोपी ने पिछले 15 वर्षों में 50 से भी ज्यादा महिलाओं और बच्चियों से दुष्कर्म किया। इस मामले में एक खुलासा भी हुआ है। आरोपी के साथ उसकी पत्नी भी इस अपराध में शामिल थी। मीडिया से बात करते हुए सीपी डॉ. रविंदर सिंगल ने कहा, करियर काउंसिलर के खिलाफ तीन मामले दर्ज किए गए हैं। अन्य पहलुओं का पता लगाने के लिए मैंने व्यक्तिगत रूप से एक समिति बनाई है, जिससे नाबालिग सीडब्ल्यूसी के समक्ष अपना बयान दे सकें।

वह नागपुर में कई वर्षों से काम कर रहा था।उसने कुछ बच्चों को एक आवास में आश्रय दिया था जहां से हमें कुछ सबूत मिले। उसके आधार पर हमने अपनी कार्रवाई की। उसकी पत्नी भी इसमें शामिल थी। उसकी संलिप्तता के आधार पर उस पर धाराएं लगाई जाएगी। पीड़ितों की संख्या बढ़ने की संभावना है। 47 वर्षीय आरोपी मनोवैज्ञानिक बच्चों को परामर्श देता था। वह काउंसिल कैंप के नाम पर बच्चों को च्चों और बच्चियों को बहार लेकर जाता था और उनके साथ दुष्कर्म करता था। वह इलाके की महिलाओं के साथ छेड़छाड़ भी करता था। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद हुडकेश्वर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि आरोपी पूर्वी नागपुर में एक क्लीनिक और आवासीय कार्यक्रम चलाता था। उसके खिलाफ पोक्सो और एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। वह उनकी अश्लील तस्वीरें लेता और बाद में उन्हें ब्लैकमेल करने के लिए इनका इस्तेमाल करता। एक पूर्व छात्र ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कई पीड़ित विवाहित हैं और वे शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस के पास जाने में झिझकते हैं।

## सैफ अली खान पर हुआ हमला तो फडणवीस सरकार पर भड़कीं प्रियंका चतुर्वेदी

**बोलीं- 'बाबा सिद्दीकी, सलमान खान और अब सैफ अली खान पर हमला '**



मुंबई, 16 जनवरी (एजेंसियां)। फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर हमले की खबर ने सभी को हैरान कर दिया है। घर में घुसकर चाकू से हमले के बाद पुलिस पर सवालिया निशाना उठने लगे हैं। इस बीच शिवसेना यूबीटी की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार को घेरा है। शिवसेना यूबीटी की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, यह कितनी शर्म की बात है कि मुंबई में एक और हाई प्रोफाइल हत्या की कोशिश की गई। सैफ अली खान पर हमला एक बार फिर मुंबई पुलिस और गृह मंत्री पर सवाल उठाता है। यह उन घटनाओं की एक श्रृंखला के बाद हुआ है जो दिखाती हैं कि बड़े नामों को निशाना बनाकर मुंबई को कमजोर करने की जानबूझकर कोशिश की जा रही है। उन्होंने आगे लिखा, उन्होंने आगे बाबा सिद्दीकी जी की चौंकाने वाली हत्या के बाद उनका परिवार अभी भी न्याय का इंतजार कर रहा है। सलमान खान को बुलेटप्रूफ घर में रहने के लिए मजबूर होना पड़ा। अब सैफ अली खान के साथ हुआ वो भी सब बांद्रा में। बांद्रा एक ऐसा इलाका जहां सबसे ज्यादा मशहूर हस्तियां रहती हैं, जहां पर्याप्त सुरक्षा होनी चाहिए। अगर मशहूर हस्तियां सुरक्षित नहीं हैं तो मुंबई में कौन सुरक्षित है? सैफ अली खान के जल्द स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

## दिल्ली चुनाव: कोर्ट ने आतिशी और संजय सिंह को जारी किया नोटिस, मानहानि से जुड़ा है मामला




नई दिल्ली, 16 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव की तारीख सामने आ रही है वैसे-वैसे राजनीतिक दलों के बीच बयानबाजी और भी तीखी होती जा रही है। आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और भाजपा सभी दलों के नेता एक दूसरे पर जमकर निशाना साध रहे हैं। इस बीच चुनाव से पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आप के सांसद संजय सिंह की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दरअसल, राउज़ ऐवन्यू कोर्ट ने आतिशी और संजय सिंह को आपराधिक मानहानि का नोटिस जारी किया है। बता दें कि ये मामला कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित से जुड़ा हुआ है। दिल्ली की राउज ऐवन्यू कोर्ट ने कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित द्वारा दिल्ली मुख्यमंत्री आतिशी और आप नेता संजय सिंह के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि के मामले में नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने आपराधिक मानहानि के मामले में आतिशी और संजय सिंह से उनका जवाब मांगा है। दरअसल, कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित दिल्ली विधानसभा चुनाव में नई दिल्ली सीट से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस प्रत्याशी संदीप दीक्षित को चुनाव प्रचार के लिए बीजेपी ने फंडिंग की है। इसके खिलाफ संदीप दीक्षित ने आपराधिक मानहानि का मामला दायर किया था। कोर्ट ने आतिशी और संजय सिंह से जवाब मांगा है और 27 जनवरी को अगली सुनवाई की तारीख रखी है। दिल्ली विधानसभा का चुनाव त्रिकोणीय हो गया है। यहां आम आदमी पार्टी, भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला है। कांग्रेस भी पूरे दमखम से चुनाव मैदान में उतर रही है। दिल्ली में 70 सीटों के लिए विधानसभा चुनाव एक ही चरण में संपन्न कराया जाएगा। चुनाव आयोग के मुताबिक, दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग 5 फरवरी 2025 की तारीख को होगी। वहीं, चुनाव का परिणाम 8 फरवरी 2025 को जारी किया जाएगा।

**सुविचार**

अपनी गलती दूसरे पर लगाना यह भी पर-चिन्तन है

# पृथक तेलंगाना के सपने को साकार करने में जयपाल रेड्डी की भूमिका सराहनीय : रेवंत रेड्डी



नई दिल्ली, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने पृथक तेलंगाना राज्य के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री एस जयपाल रेड्डी की सराहना की। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को जयंती के अवसर पर प्रख्यात सांसद जयपाल रेड्डी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि जयपाल रेड्डी ने नैतिक मूल्यों का सख्ती से पालन करते हुए गांव से दिल्ली तक अपने राजनीतिक जीवन की सीढ़ी चढ़ी। देश के सर्वश्रेष्ठ सांसद जयपाल रेड्डी ने तत्कालीन एकीकृत आंध्र प्रदेश की विधानसभा और भारतीय संसद के दोनों सदनों में विधायक के रूप में अपने उल्लेखनीय भाषणों के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाई। इस अवसर पर राज्य के राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी, जहीराबाद के सांसद सुरेश शेतकर, बेल्लमपल्ली और परिगी के विधायक गद्दाम विनोद और राममोहन रेड्डी, राज्य सरकार के सलाहकार शब्बीर अली, नेता रोहिन रेड्डी और विद्यासागर मौजूद थे।

## प्रेम में असफलता के कारण युवक ने की आत्महत्या

हैदराबाद, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कीसरा के करीमगुडा में गुरुवार को एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रेम में असफलता के कारण उसने यह कदम उठाया।

पुलिस ने बताया कि अपने परिवार के साथ रह रहे आई मल्लारेड्डी (24) प्रेम में असफलता से परेशान थे और उन्होंने अपने कमरे में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। कीसरा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भारत में स्टार्टअप्स के लिए आने वाला वर्ष व्यस्त रहेगा

हैदराबाद, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। 2016 में भारत में लगभग 500 स्टार्टअप थे, जो आज बढ़कर 1,59,157 हो गए हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि देश में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है जिसमें 100 से ज़्यादा यूनिकॉर्न शामिल हैं। स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने 2016 में स्टार्टअप इंडिया पहल शुरू की थी। आज इस पहल का नौवां वर्ष है और इसे राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्टार्टअप आर्थिक विकास को गति देने और विभिन्न उद्योगों में रोजगार के अवसर पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जीवन को आसान बनाने के अलावा कई कंपनियां रोज़गार सृजन में भी सबसे आगे हैं। 31 अक्टूबर, 2024 तक, डीपीआईआईटी-मान्यता प्राप्त स्टार्टअप ने विभिन्न क्षेत्रों में 16.6 लाख से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियां सृजित की हैं, जो रोज़गार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के अनुसार, आईटी सेवा उद्योग 2.04 लाख नौकरियों के साथ शीर्ष पर है, इसके बाद हेल्थकेयर एवं लाइफसाइंसेज 1.47 लाख नौकरियों के साथ दूसरे स्थान पर है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि एक दशक पहले तक लोग इस प्रणाली में भारत की सफलता की क्षमता पर संदेह करते थे। उन्होंने लिखा कि पिछले 9 वर्षों में, इस परिवर्तनकारी कार्यक्रम ने अनगिनत युवाओं को सशक्त बनाया है, उनके अभिनव विचारों को सफल स्टार्टअप में बदल दिया है। इवोल्यूटआईक्यू के सह-संस्थापक और सीईओ समीत गुप्ते ने इसे एक उद्देश्यपूर्ण आंदोलन बताया, जो नई पीढ़ी के उद्यमियों के साहसिक विचारों और निडर प्रतिबद्धता से प्रेरित है। इंटेलिजेंट बिजनेस ऑटोमेशन फर्म के प्रमुख ने कहा कि भारत के स्टार्टअप भविष्य को आकार दे रहे हैं।

# इसरो के पहले सफल डॉकिंग मिशन स्पैडेक्स का हैदराबाद से संबंध



हैदराबाद, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के पहले डॉकिंग मिशन, स्पैडेक्स की गुरुवार को हुई सफलता का हैदराबाद से संबंध है। इसरो के विश्वसनीय साझेदार के रूप में अनंत टेक्नोलॉजीज (एटीएल) ने इस मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी तथा उसने रेंदेवू प्रोसेसिंग यूनिट्स (आरपीयू) और एसडीएक्स01 तथा एसडीएक्स02 के लिए डीसी-डीसी कन्वर्टर्स सहित अन्य महत्वपूर्ण घटक प्रदान किए थे। गुरुवार को अनंत टेक्नोलॉजीज ने सफल डॉकिंग मिशन की उल्लेखनीय उपलब्धि पर इसरो को बधाई दी।

अनंत टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक डॉ. सुब्बा राव पावुलुरी ने कहा कि हमें भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक और ऐतिहासिक कार्यक्रम में प्रमुख योगदानकर्ता होने पर गर्व है। इसरो की सफलता अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र में हम सभी को उत्कृष्टता और नवाचार के लिए प्रयास जारी रखने के लिए प्रेरित करती है।

एक बयान में कहा गया है कि अनंत टेक्नोलॉजीज तीन दशकों से अधिक समय से इसरो का विश्वसनीय साझेदार रहा है, जो उपग्रह प्रणालियों, प्रक्षेपण यान घटकों और मिशन-महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में अत्याधुनिक समाधानों में योगदान दे रहा है। हैदराबाद में मुख्यालय वाली एटीएल, लॉन्च वाहन उप-प्रणालियों और उपग्रहों के निर्माण, संयोजन और परीक्षण के लिए तिरुवनंतपुरम में उन्नत सुविधाए संचालित करती है। आज तक, इसने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए 102 उपग्रहों और 82 लॉन्च वाहनों की सफलता में योगदान दिया है।

## बिहार पीएससी प्रतिनिधिमंडल ने तेलंगाना पीएससी का किया दौरा

हैदराबाद, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बिहार लोक सेवा आयोग के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को तेलंगाना लोक सेवा आयोग (टीजीपीएससी) के सर्वोत्तम कार्यों का अध्ययन करने के लिए वहां का दौरा किया। सर्ब नारायण यादव, नवल किशोर और प्रो. अरुण कुमार भगत के प्रतिनिधिमंडल ने टीजीपीएससी के अध्यक्ष बुर्रा वेंकटेशम, सदस्यों और सचिव के साथ मुलाकात की और टीजीपीएससी द्वारा अपनाई गई वर्तमान संरचना, कार्य कुशलता और सर्वोत्तम प्रथाओं पर चर्चा की। टीजीपीएससी ने दावा किया कि दौरा करने वाला प्रतिनिधिमंडल टीजीपीएससी द्वारा अपनाई गई सीबीआरटी परीक्षा प्रणाली से प्रभावित था। भर्ती प्रक्रिया में कानूनी निहितार्थों पर भी चर्चा हुई।

# धान की खेती से तेलंगाना के जल संसाधनों पर दबाव

*> अनुमानित से बहुत कम दिख रही है पानी की उपलब्धता*



हैदराबाद, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। रबी सीजन के दौरान भी धान की खेती अन्य फसलों की तुलना में अधिक प्राथमिकता प्राप्त कर रही है, जिससे राज्य अपने बहुमूल्य जल संसाधनों पर अत्यधिक निर्भर होता जा रहा है। यह फसल अपनी सीधी खेती प्रक्रिया के कारण पसंद की जाती है। इसकी निर्भरता इसे कई किसानों के लिए अंतिम विकल्प बनाती है।

धान की खेती के लिए आवश्यक गहन सिंचाई ने सिंचाई अधिकारियों के बीच गंभीर चिंता पैदा कर दी है। जल संसाधन सीमित हैं और यहां तक कि कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना जैसी प्रमुख परियोजनाओं को निष्क्रिय रखने के कारण उन पर दबाव भी है। यह एक गंभीर चुनौती पेश करता है। धान की खेती के लिए व्यापक, अनियोजित दृष्टिकोण अब सवालों के घेरे में है। धान एक ऐसी फसल है जो पानी की बहुत ज़्यादा खपत करती है। सिंचाई अधिकारियों ने धान की खेती की मौजूदा स्थिति पर अपनी निराशा व्यक्त की है। उनका तर्क है कि धान की बेतरतीब और व्यापक रोपाई टिकाऊ नहीं है और यह क्षेत्र के जल संसाधनों के दीर्घकालिक स्वास्थ्य को कमज़ोर करती है। ये अधिकारी पानी की उपलब्धता और अन्य फसलों की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए धान की खेती के लिए ज़्यादा रणनीतिक और योजनाबद्ध दृष्टिकोण की वकालत करते हैं।

एकीकृत जल नियोजन एवं प्रबंधन के लिए राज्य स्तरीय समिति (एससीआईडब्लूएएम) ने रबी सीजन के दौरान लगभग 43 लाख एकड़ भूमि को सिंचाई सहायता प्रदान करने की योजना की घोषणा की है। सरकार ने कृष्णा और गोदावरी बेसिन दोनों में प्रमुख और मध्यम सिंचाई परियोजनाओं के तहत लगभग 350 टीएमसी पानी उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा था लेकिन अधिकांश लोगों द्वारा धान की खेती को प्राथमिकता दिए जाने के कारण उन्हें डर है कि यह बहुत मुश्किल हो जाएगा। इस साल रबी के अनुमानित 80 लाख एकड़ क्षेत्र में से 70 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र में धान की खेती होने जा रही है।

पानी की उपलब्धता अनुमानित से बहुत कम दिख रही है। सिंचाई अधिकारियों पर धान की खेती के लिए पानी के लिए निर्वाचित प्रतिनिधियों का भारी दबाव है। अब तक, लगभग 30 लाख एकड़ में रबी की बुआई पूरी हो चुकी है और 20 लाख एकड़ से अधिक क्षेत्र में धान की बुआई हो चुकी है। श्रीशैलम और नागार्जुन सागर तथा कृष्णा बेसिन की अन्य परियोजनाएं तेजी से समाप्त हो रही हैं तथा गोदावरी बेसिन में श्री रामसागर में भंडारण की स्थिति खराब है, जिससे सिंचाई अधिकारियों के लिए रबी के दौरान पूरी तरह से जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो रहा है।

## अमित शाह 18 को आंध्र प्रदेश का दौरा करेंगे

अमरावती, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को आंध्र प्रदेश का दौरा करेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री कृष्णा जिले के गन्नवरम के पास बने एनडीआरएफ और एनआईडीएम परिसर का उद्घाटन करेंगे। वह शनिवार रात दिल्ली से गन्नवरम पहुंचेंगे। अमित शाह के आगमन पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के उंडावल्ली स्थित आवास पर उनके लिए रात्रिभोज का आयोजन किया गया।

बाद में वह विजयवाड़ा के एक होटल में रुकेंगे। 19 तारीख की सुबह वह एनआईडीएम केंद्र और एनडीआरएफ की 10वीं बटालियन का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह के बाद अमित शाह एक जनसभा में हिस्सा लेंगे और सभा को संबोधित करेंगे।

# हैदराबाद विश्वविद्यालय में लोक उत्सव 2025 का किया जाएगा आयोजन




हैदराबाद, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद विश्वविद्यालय (यूओएच) के सामाजिक विज्ञान स्कूल (एसएसएस) के लोक संस्कृति अध्ययन केंद्र, भाषा और संस्कृति विभाग के सहयोग से 23 और 24 जनवरी को लोक महोत्सव 2025 का आयोजन कर रहा है। पहले दिन डॉ. मोहम्मद इंताज़ अली, नेताजी सुभाष ओपन यूनिवर्सिटी द्वारा रार लोककथाओं पर एक प्रदर्शनी, पराई और करागतम प्रदर्शन का एक शो और सहायक प्रोफेसर डॉ. जस्टिन सेल्वराज, मदुरै कामराज विश्वविद्यालय और डॉ. राजशेखरन द्वारा पेपर प्रस्तुतियां शामिल होंगी। कार्यक्रम में कई लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे, जिनमें मदुरै के कलाकारों द्वारा तप्पत्तम और करागतम और असमिया कलाकारों द्वारा बिहू नृत्य शामिल हैं।

दूसरे दिन शोध-पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे तथा विद्वानों डॉ. गोविंद वर्मा राजा और डॉ. रेथी थम्पट्टी (जेडजीसी कोझिकोड), डॉ. इंताज अली और प्रो. भीम सिंह (यूओएच) के साथ बातचीत होगी, जिसके बाद डॉ. ओग्गू रवि और उनके साथियों द्वारा ओग्गुडोलु, डॉ. लिंगा श्रीनिवास और उनके साथियों द्वारा तेलंगाना लोकगीत, वर्कला वसुमति और उनके साथियों द्वारा पेरीनी प्रदर्शन तथा गंगा सौवरव द्वारा मलयालम लोकगीत प्रस्तुत किए जाएंगे। महोत्सव का समापन पश्चिम बंगाल के पूर्णेन्दु दास के बाउल गीत और मणिपुर के गुरु रेवन मशांगवा के हाओ लोकगीतों की प्रस्तुति के साथ होगा।

# पलामुरू जिले का नाम जयपाल रेड्डी के नाम पर रखा जाएगा : स्पीकर प्रसाद कुमार



हैदराबाद, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। विधानसभा अध्यक्ष गड्डाम प्रसाद कुमार ने कहा कि पलामुरू जिले का नाम पूर्व केंद्रीय मंत्री जयपाल रेड्डी के नाम पर रखा जाना चाहिए, जिन्होंने तेलंगाना राज्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। प्रसाद कुमार ने गुरुवार को हैदराबाद के नेकलेस रोड स्थित स्फूर्ति स्थल पर आधिकारिक रूप से आयोजित जयपाल रेड्डी की 83वीं जयंती समारोह में भाग लिया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बोलते हुए, स्पीकर ने कहा कि जयपाल रेड्डी ने विधायक, लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य और साथ ही केंद्रीय मंत्री के रूप में अपने हर पद को गौरवान्वित किया है। प्रसाद कुमार ने कहा, तेलंगाना प्रक्रिया के तहत उन्होंने संसद में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और तेलंगाना के लोगों की आकांक्षाओं और भावनाओं को केंद्र तक पहुंचाने में सफल रहे। इसके अलावा, जयपाल रेड्डी एक बेहतरीन सांसद थे। मौजूदा पीढ़ी के नेताओं को राजनीति में जयपाल रेड्डी द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलना चाहिए। इसी तरह, पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायुडू ने जयपाल रेड्डी को श्रद्धांजलि दी। बाद में उन्होंने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री एस. जयपाल रेड्डी एक महान राजनेता, एक बेहतरीन सांसद, अच्छे शिष्टाचार और ईमानदारी वाले महान राजनेता थे, जो भारतीय राजनीति में पहले स्थान पर थे। विधान परिषद के अध्यक्ष गुथा सुखेंद्र रेड्डी ने कहा कि लोग तेलंगाना राज्य के गठन में जयपाल रेड्डी द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को कभी नहीं भूलेंगे और वह एक महान सांसद थे जिन्होंने अपने पदों को गौरवान्वित किया। उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की पत्नी गीता रेड्डी, परिवार के सदस्य, सरकारी सलाहकार केशव राव, वेम नरेंद्र रेड्डी, राज्य वित्त निगम के अध्यक्ष सिरिसिला राजैया, योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष चिन्ना रेड्डी, एमएलसी जीवन रेड्डी और कोदंडा राम, सांसद कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी और इटेला राजेंदर, विधायक गड्डाम विवेक, सुदर्शन रेड्डी, नलमादा उत्तम पद्मावती रेड्डी, यशस्विनी, जयवीर रेड्डी, कुन्ननेनी संबाशिव राव और सैमुअल, पूर्व मंत्री कुंदुरु जना रेड्डी, पूर्व सांसद उंदावल्ली अरुण कुमार और केवीपी रामचंद्रया, डीजीपी डॉ. जितेंद्र, हैदराबाद के जिला कलेक्टर अनुदीप दुरीसेट्टी और मेट्रो एमडी एनवीएस रेड्डी शामिल रहे।

**IN THE COURT OF HON'BLE I SENIOR CIVIL JUDGE**
**CITY CIVIL COURT AT : HYDERABAD**
**S.O.P.No.150 OF 2024**

**BETWEEN:**
**Smt.Shammem Begum .... Petitioner**
**AND**
**Office Incharge, The Marahta Light Infantry, Belgaum & Others .... Respondents**

**To**
**All Concerned**

This is to bring to the notice of the general public that the Petitioner **Smt.Shammem Begum** have filed the **S.O.P.No.150 of 2024** against the Office Incharge The Marahta Light Infantry, Belgaum & others and All Concerned, for the grant of Succession Certificate in her favour in respect of dependant family pension of her father Late Abdul Sattar with **PPO.No.F/NA/549/86** with TS.No.22972. If any member of the general public have any objection with respect to grant of the said succession certificate in favour of Petitioner, they are required to appear in person or through a duly appointed advocate before the Hon'ble I Senior Civil Judge, City Civil Court, Hyderabad on **28-01-2025 at 10.30 a.m.** and place their objections if any. In the absence thereof, the Hon'ble Court will proceed to decide the matter based on the material available on record.

"ISSUED UNDERE ORDER OF THE COURT"

**V.PAVAN KUMAR,** Advocate
H.No.15-2-122, Gowliguda Chaman,
Hyderabad-12.
Ph: 9390082939, 7382786108

# भाजपा ने रेवंत रेड्डी के विरोधाभासों को उजागर किया

हैदराबाद, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा प्रवक्ता और तेलंगाना मीडिया प्रभारी एन वी सुभाष ने आज कहा कि तेलंगाना भाजपा ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के विरोधाभासी बयानों को उजागर किया है, जिसमें उनके दोहरेपन और निरंतरता की कमी को उजागर किया गया है।

यहां एक प्रेस बयान में एन वी सुभाष ने रेवंत रेड्डी की इस बात के लिए आलोचना की कि उन्होंने दिल्ली के मतदाताओं से वादा किया था कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो वह अपनी "पांच गारंटी" को पूरा करेगी, जबकि इससे पहले उन्होंने दावा किया था कि लोग प्रदूषण और स्वास्थ्य जोखिमों के कारण दिल्ली आने से डरते हैं। उन्होंने सवाल किया कि रेवंत के बयानों के किस संस्करण पर जनता को भरोसा करना चाहिए और कांग्रेस से आग्रह किया कि वह पहले तेलंगाना के लोगों से किए गए इसी तरह के वादों को पूरा करे। उन्होंने बताया कि राज्य की कई महिलाएं अभी भी महबूबनगर अभियान के दौरान दिए गए 2,000 रुपये मासिक सहायता का इंतजार कर रही हैं, जो चुनाव से पहले बहुत धूमधाम से किया गया वादा था। भाजपा ने कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी द्वारा अपनी गारंटी को लागू करने में विफलता को भी उजागर किया, जिससे राज्य की वित्तीय स्थिति खराब हो गई। सुभाष ने विश्वास व्यक्त किया कि दिल्ली के मतदाता, जिन्होंने हाल के चुनावों में लगातार कांग्रेस को खारिज किया है, एक बार फिर निर्णायक प्रतिक्रिया देंगे।

# अधिकारी बिना किसी दबाव के स्वतंत्र रूप से काम करें : सीतक्का



हैदराबाद, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पंचायत राज मंत्री ने कहा कि अधिकारी बिना किसी दबाव के स्वतंत्र रूप से और निडर होकर काम करें। मंत्री ने गुरुवार को सचिवालय में पंचायत राज और ग्रामीण विकास विभागों में विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति पर समीक्षा बैठक की।

इस अवसर पर मंत्री सीतक्का ने अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश जारी करते हुए कहा कि वे नियमों के अनुसार काम करें। सीतक्का ने कहा, तथ्यों की विभागीय रिपोर्ट दी जानी चाहिए और मंत्रियों की प्रशंसा के लिए आंकड़े नहीं छिपाए जाने चाहिए। अधिकारियों को गलतियां नहीं करनी चाहिए और सरकार को परेशानी में नहीं डालना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंचायत राज और ग्रामीण विकास विभागों में लंबित बिलों के भुगतान की प्रक्रिया शुरू हो गई है और 300 करोड़ रुपये के नरेगा बिल पहले ही जारी किए जा चुके हैं। सीतक्का ने आगे बताया कि बहुउद्देशीय कर्मचारियों का बकाया वेतन जारी कर दिया गया है और पंचायत राज विभाग की तरह हर विभाग में रोजगार के मुद्दों को ऑनलाइन हल करने की व्यवस्था अपनाई जानी चाहिए। आंगनवाड़ी सेवाओं पर बच्चों के अभिभावकों से फीडबैक लिया जाएगा। इसी तरह, महीने में एक बार अभिभावकों के साथ फोन-इन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अभिभावकों की राय के आधार पर आंगनवाड़ी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगों के लिए उपकरणों पर 50 करोड़ रुपये खर्च कर रही है, जो तेलंगाना के इतिहास में अभूतपूर्व है और हर निर्वाचन क्षेत्र में एक अभियान आयोजित किया जाएगा और दिव्यांगों को उपकरण प्रदान किए जाएंगे।

**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें @SCRailwayindia पर फॉलो करें. द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**प्रपत्र 10-01**
**सार्वजनिक अधिसूचना**

PUB/0045

इसके द्वारा सभी रेल लाइन के उपयोगकर्ताओं और अधोलिखित खण्ड के तहत संपूर्ण खण्ड पर स्थित परिसरों के लिए सूचना दी जाती है कि,

विद्युतीकरण किया जानेवाला सेक्शन: एलओसी: 62/22(सीएच/किमी 62/968.00) से नया ट्रैक्शन स्ट्रक्चर नं. एलओसी: 61/12ए(सीएच/किमी 61/61/763.40) पोडुर इयर माडिफिकेशन या संशोधन,(आरकेएम:1किमी एण्ड टीकेएम: 1.706किमी) पोडुर स्टेशन।

पोडुर स्टेशन ओएचइ मास्ट लोकेशन: एलओसी.62/22(सीएच/किमी62/968.00) से नया ट्रैक्शन स्ट्रक्चर नं. एलओसी 61/12ए(सीएच/किमी61/763.40) सहित दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद डिवीजन के पोडुर स्टेशन पर अतिरिक्त या एडीशनल लूपलाइन्स से संबंधित उपरोक्त सेक्शन के 25केवी, 50एचजेड,ए.सी. ओवरहेड ट्रैक्शन वायर्स दि.24-01-2025 को या इसके बाद उर्जावान(एनर्जाइज) किया जायेगा। तत्संबंधित प्रभावी तिथि को एवम् वही तिथि से, ओवरहेड ट्रैक्शन लाइन्स को, सभी समय पर सक्रिय या लाइव माना जायेगा और उपरोक्त ओवरहेड लाइन के परिसर में कोई भी अनधिकृत व्यक्ति न प्रवेश कर सकेगा या न कोई कार्य ही कर सकेगा।

ए0057 हस्ता. /- उप मुख्य बिजली अभियंता, गति शक्ति, सिकंदराबाद

## बेडरूम में भांजे के साथ थी मामी, तभी अचानक मामा ने मारी एंट्री, फिर शुरू हुआ खूनी खेल

फिरोजाबाद, 16 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में हैरतअंगेज मामला सामने आया है। फिरोजाबाद के कि खैरगढ़ के गांव सिरमई में एक पत्नी ने भांजे के साथ मिलकर अपने ही पति की हत्या कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गांव में एक महिला अपने ही भांजे के साथ चक्कर चला रही थी। ऐसे में एक दिन उसके पति ने दोनों को अवैध संबंध बनाते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया।बीवी और भांजे को साथ देख पति को गुस्सा आ गया और तीनों में खूब कहासुनी हो गई। पति का गुस्सा देखकर भांजे के साथ अवैध संबंध की बातें सार्वजनिक होने के डर से महिला ने साजिश रच दी। महिला ने भांजे के साथ मिलकर पति का गला दबा दिया और उसको मौत के घाट उतार दिया।

# इसरो की इस सफलता पर सीएम योगी आदित्यनाथ गदगद

### बोले- जय हिंद! भारत के लिए गर्व का क्षण





लखनऊ, 16 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बृहस्पतिवार को 'स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट' (स्पेडेक्स) के तहत उपग्रहों की 'डॉकिंग' सफलतापूर्वक की। इसरो ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भारत ने अंतरिक्ष इतिहास में अपना नाम दर्ज कर लिया है। सुप्रभात भारत, इसरो के स्पेडेक्स मिशन ने 'डॉकिंग' में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। इस क्षण का गवाह बनकर गर्व महसूस हो रहा है।''इसरो की इस सफलता पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर सीएम ने लिखा- ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए इसरो की टीम को बधाई! भारत अंतरिक्ष डॉकिंग में सफलता प्राप्त करने वाला चौथा देश बन गया है, जो हमारी अंतरिक्ष क्षमताओं में एक बड़ी छलांग है। स्पैडेक्स डॉकिंग प्रक्रिया को सटीकता के साथ संपन्न किया गया। यह भारत के लिए गर्व का क्षण है! जय हिंद! इससे पहले 12 जनवरी को इसरो ने उपग्रहों को 'डॉक' करने के परीक्षण के तहत दो अंतरिक्ष यान को तीन मीटर की दूरी पर लाकर और फिर सुरक्षित दूरी पर वापस भेजा था। इसरो ने 30 दिसंबर, 2024 को 'स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट' (स्पेडेक्स) मिशन को सफलतापूर्वक शुरू किया था। दो छोटे उपग्रहों, एसडीएक्स 01 (चेजर) और एसडीएक्स02 (टारगेट) को 24 पेलोड के साथ ले जाने वाले पीएसएलवी सी60 रॉकेट ने श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के पहले 'लॉन्चपैड' से उड़ान भरी थी और उड़ान भरने के करीब 15 मिनट बाद लगभग 220 किलोग्राम वजन वाले दो छोटे अंतरिक्ष यान को लक्षित तरीके से 475 किलोमीटर की गोलाकार कक्षा में प्रक्षेपित किया गया था। इसरो के अनुसार, स्पेडेक्स मिशन दो छोटे अंतरिक्ष यान का उपयोग कर अंतरिक्ष में 'डॉकिंग' के लिए एक किफायती प्रौद्योगिकी मिशन है जिसे पीएसएलवी के जरिये लॉन्च किया गया था। अंतरिक्ष में 'डॉकिंग' तकनीक तब आवश्यक होती है जब सामान्य मिशन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए कई रॉकेट प्रक्षेपण की आवश्यकता होती है। यह प्रौद्योगिकी भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं जैसे चंद्रमा पर भारतीय मिशन, चंद्रमा से नमूने वापस लाना, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) का निर्माण और संचालन आदि के लिए आवश्यक है। इस मिशन के माध्यम से, भारत अंतरिक्ष डॉकिंग प्रौद्योगिकी रखने वाला दुनिया का चौथा देश बनने की ओर अग्रसर है।

# भाजपा नेता को थाने में पीट-पीटकर बेहोश किया



प्रयागराज, 16 जनवरी (एजेंसियां)। प्रयागराज में भाजपा नेता मनोज पासी को थाने में पीटने पर बड़ा एक्शन हुआ है। पुलिस कमिश्नर ने 3 दरोगा और एक हेड कॉन्स्टेबल को सस्पेंड कर दिया। भाजपा नेता के भाई अपनी जमीन पर बाउंड्री वाल बना रहे थे। जमीन पर एक व्यक्ति ने अपना दावा ठोंक दिया और पुलिस में शिकायत कर दी। पुलिस ने काम रुकवा दिया। भाजपा नेता थाने गए। पुलिसकर्मियों से काम शुरू करवाने को कहा। आरोप है कि इस पर पुलिसकर्मी भड़क गए। उन्हें इतना मारा कि बेहोश हो गए। पिटाई के बाद मनोज का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें थाने के बाहर खड़े होकर चोट दिखाते हुए नजर आ रहे हैं। मनोज की पत्नी सन्नो ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ पुलिस कमिश्नर को प्रार्थना पत्र दिया। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज किया। डीसीपी सिटी अभिषेक भारती जांच करने को कहा है। देर रात उन्होंने पुलिस कमिश्नर को रिपोर्ट सौंपी। इसके बाद कमिश्नर ने दरोगा संतोष सिंह, जय नारायण और श्रीराम यादव और हेड कॉन्स्टेबल जे यादव को सस्पेंड कर दिया।

# प्रेमी युगल ने दी जान: 'चाचा हमने जहर खा लिया है, अब नहीं बचेंगे'

### तड़पते शिवांक ने कहा- ये मेरी आखिरी कॉल





मेरठ, 16 जनवरी (एजेंसियां)। मेरठ के खरखौदा थाना इलाके में प्रेमी जोड़े शिवांक त्यागी (24) और सोनाली (23) ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। युवती के घर में उसकी हल्दी की रस्म होनी थी। शुक्रवार को उसकी शादी थी। युवक का भी दूसरी जगह रिश्ता तय हो गया था। पुलिस ने बताया कि अतराड़ा गांव निवासी शिवांक त्यागी और पड़ोस के बावनपुरा की सोनाली के बीच तीन साल से प्रेम संबंध थे। युवती एनसीआर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में क्लर्क थी। उसके पिता भी वहीं नौकरी करते हैं। शिवांक अपने चाचा भाजपा नेता उमेश त्यागी के साथ हार्डवेयर की दुकान चलाता था। प्रेम संबंधों का पता चलने पर युवती के परिजनों ने विरोध किया और खरखौदा निवासी पुलिसकर्मी से उसकी शादी तय कर दी। मंगलवार को युवती के परिजन सगाई लेकर गए थे। दोपहर हल्दी की रस्म होनी थी। सुबह सोनाली शादी की खरीदारी की बात कहकर घर से निकली। गांव के बाहर से प्रेमी कार में उसे ले गया। दोपहर में शिवांक ने परिजनों को फोन किया और बताया कि दोनों ने एक साथ जहर खा लिया है। परिजन तलाश करते हुए बिजली बंबा चौकी क्षेत्र में काजीपुर गांव के पास पहुंचे तो दोनों कार में तड़पते हुए मिले। परिजनों ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान शाम को पहले युवक और फिर युवती ने दम तोड़ दिया। सीओ कोतवाली आशुतोष कुमार का कहना है कि किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है। दोनों का हस्तलिखित सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उन्होंने आत्महत्या के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है।

## आईजी शिवदीप का इस्तीफा मंजूर, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जारी किया नोटिफिकेशन



पटना, 16 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार कैडर के चर्चित आइपीएस अधिकारी और आईजी शिवदीप लांडे का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उनका इस्तीफा मंजूर करते हुए अधिसूचना जारी कर दी है। शिवदीप लांडे बिहार कैडर के 2006 बैच के आइपीएस हैं। पिछले साल सितंबर में पूर्णिया आईजी रहते उन्होंने पुलिस सेवा से इस्तीफा दे दिया था। इससे संबंधित पत्र पुलिस मुख्यालय को भेजा गया था, जिसके बाद उनको आवेदन पर विचार किया जा रहा था। मुख्य सचिव के माध्यम से उनका इस्तीफा केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजा गया था जहां इसे मंजूरी दे दी गई। मालूम हो कि शिवदीप लांडे ने खुद अपने फेसबुक पेज पर इस्तीफा दिए जाने की सूचना सार्वजनिक की थी। मैंने भारतीय पुलिस सर्विस (आईपीएस) से त्यागपत्र दिया है, लेकिन मैं बिहार में ही रहूंगा और आगे भी बिहार मेरी कर्मभूमि रहेगी।

जय हिन्द। दूसरी तरफ, बिहार पुलिस के कामकाज में बड़ा बदलाव किया गया है। डीजीपी विनय कुमार ने नई पहल करते हुए पुलिस के वरीय अधिकारियों को अलग-अलग जिलों का प्रभारी बनाया है। इसमें पुलिस उप-महानिरीक्षक (डीआइजी), पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) और अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) रैंक के अधिकारियों को यह काम सौंपा गया है। यह अफसर जिले में ओवरऑल पुलिसिंग की मानीटरिंग के साथ डीएसपी से लेकर एसएसपी तक के काम की भी समीक्षा करेंगे।

# महाकुंभ में होगी योगी कैबिनेट की बैठक

### संगम में डुबकी लगाएंगे मंत्री प्रशासन ने शुरू की तैयारी



प्रयागराज, 16 जनवरी (एजेंसियां)। देशभर में प्रयागराज में आयोजित हो रहे भव्य महाकुंभ की चर्चा हो रही है। कोने-कोने से तमाम साधु-संत, अखाड़े और श्रद्धालु महाकुंभ में पहुंच रहे हैं। इन दिनों संगम नगरी की भव्यता देखते ही बन रही है। इस बीच महाकुंभ में अब सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी कैबिनेट की बैठक की भी तैयारी की जा रही है। जिसमें यूपी सरकार के सभी मंत्री शामिल होंगे। हालांकि ये बैठक कब होगी इसकी तारीख को लेकर अभी कोई फैसला नहीं हो पाया है। खबर के मुताबिक योगी सरकार ने महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में कैबिनेट बैठक का फैसला लिया है। बैठक की तारीख अभी तक तय नहीं हो पाई है। ऐसे में ये बैठक कब होगी इस पर अभी चर्चा की जा रही है। जल्द ही तारीख का भी ऐलान कर दिया जाएगा। माना जा रहा है कि इस बैठक में प्रयागराज और आस पास सहित प्रदेश के अन्य हिस्सों से जुड़े विकास की योजनाओं को लेकर बड़े फैसले लिए जा सकते हैं। इस बैठक को मुख्य स्नानों से अलग रखा जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक यूपी कैबिनेट की बैठक अगले सप्ताह में हो सकती है।

प्रयागराज में कैबिनेट बैठक को लेकर इस तरह के भी क़यास लगाए जा रहे हैं कि पहले योगी सरकार के मंत्री संगम में डुबकी लगाएंगे और उसके बाद बैठक में शामिल होंगे। माना जा रहा है कि मौनी अमावस्या का आसपास कैबिनेट बैठक की तारीख को लेकर फैसला हो सकता है। महाकुंभ में मौनी अमावस्या का अहम स्थान है। इस बार मौनी अमावस्या 21 जनवरी की पड़ रही है। ऐसे में यूपी कैबिनेट की बैठक 20 या 21 तारीख को हो सकती हैं। संभावित तारीखों को लेकर प्रशासन ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है।

# महाकुंभ में बाइक वालों ने 3किमी के 3 हजार वसूले

प्रयागराज, 16 जनवरी (एजेंसियां)। देश दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक मेले में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने को लेकर ठगों का इंटरनेशन ग्रुप भी सक्रिय है। श्रद्धालुओं को जाल में फंसाकर ऑनलाइन ठगी, डिजिटल अरेस्ट, साथ ही महाकुंभ में फर्जी वेबसाइट के जरिए लाखों की ठगी के मामले के बाद अब नया मामला सामने आया है। श्रद्धालुओं को पैदल संगत के करीब पहुंचाने के नाम पर ठगी करने वाले 8 लोग अरेस्ट किए गए हैं। बाइक बुकिंग के नाम पर बाइक पर बैठाया। महाकुंभ क्षेत्र में करीब पहुंचाने के नाम पर हजारों रुपए वसूल लिए। तीन किमी के लिए श्रद्धालुओं से मजबूरी के नाम पर 3 हजार रुपए तक वसूल लिए। शिकायत अफसरों तक पहुंची तो कार्रवाई हुई है। हर कोई अमृत स्नान के दौरान पैदल चलने पर मजबूर था। इसी से बचने को लेकर श्रद्धालु ठगी का शिकार हुए। एक तरफ से वह मदद के नाम पर रुपए बाईकर्स को देते रहे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ परिवहन सेवा फेल होने की वजह से ठगी का शिकार हुई। इसी का फायदा शातिरों ने उठाया। श्रद्धालुओं को तीन-चार किलोमीटर बाइक पर बैठाकर ले जाने के बदले दो से तीन हजार रुपये वसूले गए।

रातों रात शिकायतें पहुंची तो सिविल लाइंस पुलिस ने पूछताछ और जांच की। ऐसे ही आठ शातिरों को पकड़ा गया जो श्रद्धालुओं को बाइक पर ले जाने के नाम पर मोटी रकम ले रहे थे। ऐसे 8 युवकों को अरेस्ट कर लिया गया है। सभी गाड़ियों को सीज करते हुए मुकदमा दर्ज किया गया है। सिविल लाइंस पुलिस को जानकारी हुई कि कुछ बाइक सवार श्रद्धालुओं की विवशता का लाभ उठा रहे हैं। रेलवे स्टेशन के पास छोड़ने के लिए उनको अपनी बाइक पर बैठा रहे हैं। बदले में दो से तीन हजार रुपये लिए जा रहे हैं। इंस्पेक्टर रामाश्रय यादव ने हनुमान मंदिर चौराहा, पत्थर गिरजाघर चौराहा, बिजली घर चौराहा समेत अन्य जगहों पर पुलिस टीम को लगाया। इस दौरान आठ बाइक सवारों को पकड़ा गया।

# राहुल गांधी पर आचार्य प्रमोद कृष्णम की विवादित टिप्पणी

### कहा- विदेशी डीएनए वाले देश'' को नहीं समझ सकते





अयोध्या, 16 जनवरी (एजेंसियां)। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व नेता राहुल गांधी को लेकर विवादित टिप्पणी की है। बता दें कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के उस बयान से विवाद खड़ा हो गया है कि उनकी लड़ाई सिर्फ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से नहीं, बल्कि 'इंडियन स्टेट' (भारतीय राज व्यवस्था) से भी है। दूसरी तरफ, कांग्रेस ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के एक बयान को लेकर उन पर 'राजद्रोह' का आरोप लगाया और कहा कि उन्हें माफी मांगनी चाहिए। सोशल मीडिया साइट एक्स पर राहुल गांधी को टैग करते हुए प्रमोद कृष्णम ने लिखा- विदेशी "डीएनए" वाले "देश" को नहीं समझ सकते।

**राहुल ने क्या कहा था?**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा था कि मोहन भागवत का यह बयान राजद्रोह के समान है कि भारत को सच्ची स्वतंत्रता राम मंदिर बनने के बाद मिली। राहुल ने पार्टी के नए मुख्यालय के उद्घाटन के अवसर पर पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि भागवत ने जो कहा है वह हर भारतीय का अपमान है और किसी दूसरे देश में ऐसा होने पर तो भागवत अब तक गिरफ्तार किए जा चुके होते। राहुल गांधी ने हालिया विधानसभा चुनावों का हवाला देते हुए चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर सवाल खड़े किए और कहा कि उनकी लड़ाई सिर्फ भाजपा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से नहीं, बल्कि 'इंडियन स्टेट' (भारतीय राज व्यवस्था) से भी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने यह दावा भी किया कि भारत की चुनाव प्रणाली में गंभीर समस्या है।

## बिहार विधानसभा चुनाव से पहले शाहनवाज हुसैन का बड़ा बयान, आरजेडी को लेकर कर दिया ये दावा

पटना, 16 जनवरी (एजेंसियां)। पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि इस साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए एक बार फिर से बिहार में भारी बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) अपने न्यूनतम स्कोर पर रहेगा और विपक्ष में बैठने की भी हैसियत नहीं रख पाएगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री देर शाम एक निजी कार्यक्रम में समस्तीपुर पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि आरजेडी परिवार में तेजस्वी यादव, तेज प्रताप और मीसा भारती अलग-अलग बयान दे रहे हैं. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए कोई दरवाजा खुला रहने तो कोई बंद रहने की बात कर रहा है जबकि एनडीए चट्टानी एकता के साथ सरकार चला रहा है।

## संभल में 123 मकानों और दुकानों पर चलेगा बुलडोजर! प्रशासन का नोटिस



संभल, 16 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के संभल में प्रशासन का अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर एक्शन जारी है, जहां अब 123 घरों और दुकान मालिकों को प्रशासन की ओर से नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि अगर नोटिस के बावजूद मकान और दुकान मालिकों ने खुद अपने मकान और दुकानों को नहीं तोड़ा, तो प्रशासन एक्शन लेगा और इन्हें तोड़ने का काम करेगा। जिन लोगों ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किया हुआ है। प्रशासन वहां बुलडोजर लेकर पहुंच रहा है और लगातार अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कराने का काम कर रहा है। बीते दिनों प्रशासन ने शाही जामा मस्जिद की जर्जर दुकानों को तोड़ने के लिए नोटिस जारी किया था। इसके बाद जामा मस्जिद कमेटी ने खुद जर्जर दुकानों को तोड़ा था। अब 123 मकानों और दुकानों पर गाज गिरी है। वहीं अब संभल नगर पालिका प्रशासन की ओर से ऐसे 123 मकान और दुकान के मालिकों को नोटिस जारी किए गए हैं, जिनके मकान और दुकान जर्जर हालत में हैं। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉक्टर मणि भूषण तिवारी ने बताया कि नगर पालिका अधिनियम 1916 में दिए प्रावधानों के तहत उन्होंने पूरे शहर में सर्वे कराया था, जिसमें 123 मकान और दुकान मालिकों को नगर पालिका की ओर से नोटिस जारी किए गए।

# 'लड़ाई करेंगे' बिहार चुनाव में जीतन राम मांझी को चाहिए 20 सीट

### एनडीए में अगला मिशन भी बता दिया



पटना, 16 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार चुनाव 2025 को लेकर सियासी दलें अपनी-अपनी तैयारी में जुट चुका है। इधर, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने बिहार चुनाव में कम से कम 20 सीट अपनी हम पार्टी के लिए लेने की इच्छा जता दी है। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के विधानसभा सह मिलन समारोह में शामिल होने जहानाबाद पहुंचे जीतनराम मांझी ने आगे की तैयारी भी बताई। मांझी मैदान में बड़े जुटान के बारे में उन्होंने बताया।

**20 सीट लेने की इच्छा- बोले मांझी**

जहानाबाद में मीडिया से बातचीत के दौरान जीतन राम मांझी ने कहा कि 'हमारे कार्यकर्ता कहते हैं कि 40 सीटों पर लड़िए। लेकिन हम सोचते हैं कि 20 सीट हमें मिला तो बढ़िया होगा।

लेकिन हमें कार्यकर्ताओं की बात को देखना होगा। गांधी मैदान पटना में दो से ढाई लाख लोग आएंगे और बैठक होगी। वहां कार्यकर्ता जो फैसला लेंगे उसे लिए लड़ना होगा। अगर सीट नहीं मिला तो क्या होगा। इसका जवाब देते हुए जीतनराम मांझी ने कहा कि कोई अगर मगर नहीं है। पीएम मोदी और नीतीश कुमार दोनों काफी प्यार और प्रतिष्ठा देते हैं, वो कहां मिलेगा। लेकिन जब भूख लगेगी तो कहां जाएंगे। ये हमारा पारिवारिक बात है।

**क्या है अगला मिशन?**

वहीं मिलन समारोह में हम पार्टी के संरक्षक जीतन राम मांझी ने कहा कि ये गरीबों की पार्टी है। आज हमलोग विधानसभा, लोकसभा और विधान परिषद तक पहुंच पाये हैं। अगला मिशन राज्यसभा है जहां हमलोग नहीं पहुंच पाए हैं। वहां पहुंचकर ही दम लेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री रहते गरीबों के विकास के लिए कई योजनाओं की रूपरेखा तैयार किया गया था। लेकिन कुछ लोगों को मेरा विकास करना अच्छा नहीं लगा और मुझे कुर्सी से हटा दिया था। जिसका आजतक मलाल है। इधर, हम पार्टी के अध्यक्ष संतोष सुमन ने कहा कि ये गरीबों की पार्टी है। गरीबों के विकास के लिए हमसे जितना संभव हो रहा है, हम काम कर रहे हैं।

## बिजली चोरी में मस्जिद और मदरसे भी पीछे नहीं, लगा 11 करोड़ का भारी जुर्माना

संभल, 16 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के संभल की शाही जामा मस्जिद में अदालत के आदेश पर 24 नवंबर, 2024 को किए गए सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा के बाद से जिले में बिजली चोरी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। अब तक 1,400 से अधिक बिजली चोरी के मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें 16 मस्जिदों और 2 मदरसों पर आरोप लगाए गए हैं। विद्युत विभाग ने इन मामलों में कुल 11 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है और अब तक लगभग 20 लाख रुपये की राशि वसूल की जा चुकी है। अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार ने बताया कि बिजली चोरी की जांच और कार्रवाई के बाद 22 मस्जिदों और एक चर्च से नए बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि विभाग ने विशेष ध्यान दिया है कि लोड पैटर्न में असामान्य बढ़ोतरी रात 10 बजे से सुबह 4:00 बजे के बीच होती है,

# मिल्कीपुर उपचुनाव के मैदान में उतरेंगे अखिलेश और डिंपल यादव, 40 स्टार प्रचारकों की सूची तैयार



मिल्कीपुर, 16 जनवरी (एजेंसियां)। विधानसभा उपचुनाव में बीजेपी को टक्कर देने के लिए समाजवादी पार्टी की ओर से पूरी ताकत लगाई जा रही है। सपा ने मिल्कीपुर में चुनाव प्रचार के लिए 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट तैयार की है। जिसमें कई बड़े नेताओं के नाम को शामिल किया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, डिंपल यादव और शिवपाल यादव भी चुनाव प्रचार के लिए पहुंचेंगे। मिल्कीपुर में उनके कार्यक्रम लगाए जाएंगे। मिल्कीपुर से सपा ने सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को उम्मीदवार बनाया है। गुरुवार को उन्होंने अपना नामांकन पत्र भी दाखिल कर दिया है। जिसके बाद अब पार्टी की ओर से उनके लिए चुनाव प्रचार की रणनीति भी तैयार कर ली गई है। मिल्कीपुर में जातीय समीकरण को ध्यान में रखते हुए नामों को लेकर फैसला लिया गया है। यहां पासी समुदाय के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं ऐसे में पार्टी के दलित चेहरे इंद्रजीत सरोज और प्रिया सरोज भी चुनाव प्रचार करते दिखाई देंगी।

**सपा ने बनाई स्टार प्रचारकों की लिस्ट**

सपा ने मिल्कीपुर में चुनाव प्रचार के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची तैयार की है। इस लिस्ट में स्थानीय प्रभारी व सांसद अवधेश प्रसाद, आनंद सेन, पूर्व विधायक पवन पांडेय, पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा समेत आठ से दस नेताओं को स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल किया गया है। इनके अलावा सांसद लालजी वर्मा, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे, राज्यसभा सांसद जया बच्चन, प्रदेशाध्यक्ष श्यामलाल पाल, लाल बिहारी यादव, इकरा हसन, जौनपुर से सांसद बाबू सिंह कुशवाहा और नरेश उत्तम पटेल के नाम भी शामिल हो सकते हैं। आज सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद ने अपना नामांकन भी दाखिल कर दिया है। माना जा रहा है कि अब सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, डिंपल यादव और शिवपाल यादव के भी कार्यक्रम मिल्कीपुर में लगाए जाएंगे। सपा अध्यक्ष यहां जनसभाओं से लेकर रोड शो कर सकते हैं। वहीं क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं की टीम स्थानीय मुद्दों को लेकर वोटर्स के बीच भी जाएगी और उन्हें पार्टी की रणनीति को लेकर बताया जाएगा। बता दें कि बीजेपी ने इस सीट से चंद्रभान पासवान को प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में मिल्कीपुर में सपा और बीजेपी के बीच की लड़ाई बेहद दिलचस्प हो गई है। जहां सपा ने बड़े स्तर पर चुनाव प्रचार की तैयारी में जुटी है तो वहीं भाजपा ने भी अपने छह मंत्रियों को जीत की जिम्मेदारी दी है। सीएम योगी खुद चुनाव की तैयारी पर नजर रख रहे हैं।

## मवेशी तस्करी का बड़ा खुलासाः चार कंटेनर से 66 जानवर बरामद हरियाणा और असम के आठ तस्कर गिरफ्तार

किशनगंज, 16 जनवरी (एजेंसियां)। किशनगंज पुलिस ने मवेशी तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 66 मवेशियों को बरामद किया है। साथ ही कुल आठ तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक सागर कुमार के निर्देश में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कुर्लीकोट थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की है। एनएच-327 ई पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने चार कंटेनर ट्रकों को पकड़ा। इन ट्रकों में 39 गाय, 26 बछड़े और एक सांढ़ को अवैध रूप से ले जाया जा रहा था। पूछताछ में पता चला कि मवेशियों को हरियाणा के करनाल से असम के गुवाहाटी ले जाया जा रहा था। चालकों के पास मवेशियों के परिवहन के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले।

# सीएम नीतीश की सुरक्षा व्यवस्था में दिखी लापरवाही
# बैरिकेडिंग पार कर झगड़ा करने लगे पति-पत्नी



खगड़िया, 16 जनवरी (एजेंसियां)। खगड़िया में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सुरक्षा में लापरवाही देखने को मिली। उनके आने से कुछ मिनट पहले समाहरणालय के सामने बेरीकेडिंग पार कर एक विवाहित जोड़ा आपस में उलझ गया। इस दौरान पति पत्नी में नोंकझोंक और धक्का मुक्की भी हुई। जबकि सीएम की सुरक्षा को लेकर समाहरणालय सहित तमाम वैसे मार्ग जहां से उनको गुजरना था वहां बेरीकेडिंग की गई थी। बावजूद सुरक्षा व्यवस्था को दरकिनार कर पति पत्नी और अन्य लोग बेरीकेडिंग पार कर गए। जो जिला प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा रहा है। वहीं दूसरी ओर एक अन्य शख्स बैरिकेडिंग पार करते हुए सीएम के हेलीपैड के पास जा पहुंचा। हालांकि सीएम नीतीश कुमार की सुरक्षा में तैनात कर्मियों ने उसे रोक लिया। इन दो घटनाओं के बाद सीएम नीतीश कुमार की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी देखने वालों पर सवाल उठने लगे। बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 16 जनवरी को प्रगति यात्रा के तीसरे चरण में खगड़िया पहुंचे। जहां उन्होंने 400 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री के साथ डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी मौजूद थे। वहीं सीएम ने समाहरणालय के सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक भी की।

**अलौली के बागमती नदी स्थित गढ़ घाट में बनेगा पुल**

प्रगति यात्रा के दौरान सीएम नीतीश कुमार ने खगड़िया के महेशखूंट में 43 करोङ की लागत से बनकर तैयार पशु आहार कारखाना का उद्घाटन किया। सुधा के द्वारा खोले गए इस कारखाना में 300 मीट्रिकटन पशु आहार का उत्पादन प्रतिदिन किया जायेगा। वहीं उन्होंने अलौली प्रखंड में बागमती नदी स्थित गढ़ घाट में 39 करोड़ की लागत से बनने वाले आरसीसी पुल का भी शिलान्यास किया।

**बायपास स्थल का सीएम ने किया निरीक्षण**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को शहर में करीब 40 करोड़ की राशि से बनकर तैयार महिला आईटीआई कॉलेज का भी उद्घाटन किया। जबकि उन्होंने 39 करोड़ की राशि से निर्माण किए जाने वाला शहर के बायपास सड़क का निरीक्षण भी किया। जहां उन्होंने बायपास निर्माण स्थल की जानकारी अधिकारियों से ली। इस दौरान डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और पूर्व विधायक पूनम यादव के द्वारा उनको इस बाबत जानकारी दी गई।

## खौफनाक मंजर! पुणे में 15 गाड़ियों से जा भिड़ा बेकाबू ट्रेलर, सामने आया दिल दहला देने वाला सीसीटीवी फुटेज

पुणे, 16 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पुणे से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां एक बेकाबू ट्रेलर तेज रफ्तार से करीब 12 से 15 गाड़ियों से जा भिड़ा। इस हादसे में 5 लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की खबर है। कई गाड़ियां ट्रेलर की चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। यह दिल दहला देने वाली घटना शिकरापुर चाकन हाईवे पर घटी। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि हाईवे पर ट्रेलर बिना रुके सीधे गाड़ियों से भिड़ जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा आज दोपहर करीब 1 बजे हुआ। हादसे के बाद कंटेनर ट्रेलर के रुकने के बाद इसे चलाने वाले ड्राइवर की लोगों ने जमकर पिटाई की है। इसके बाद लोगों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया जिसे अब जांच के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया है।

# केरल पुलिस ने समाधि लेने वाले शख्स का शव निकाला

**पड़ोसियों को था हत्या का शक, शिकायत के बाद कार्रवाई**


तिरुवनंतपुरम, 16 जनवरी (एजेंसियां)। केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में पुलिस ने 69 वर्षीय व्यक्ति का शव कब्र से बाहर निकाल लिया। कड़ी सुरक्षा के तहत पुलिस ने कब्र को खोदा और शव बरामद किया। शव की पहचान गोपन स्वामी के तौर पर की गई है। पूछताछ की कार्यवाही पूरी करने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। शव को जब बाहर निकाला गया तब वह बैठी हुई अवस्था में पाया गया था। विभूति समेत कई पूजा की सामग्री शव के पास से बरामद किया गया। बता दें कि पड़ोसियों को हत्या का शक था, जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। तिरुवनंतपुरम के उप-कलेक्टर अल्फ्रेड ओवी ने कहा, हमने परिवार के सदस्यों से बातचीत की। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि पुलिस आगे की जांच करेगी और पोस्टमॉर्टम के बाद शव को परिवार को वापस कर दिया जाएगा। परिवार के सदस्यों और स्थानीय निवासियों के एक वर्ग के विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस ने सोमवार को कब्र खोदने का काम अस्थायी रूप से रोक दिया था। परिवार ने केरल हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और पुलिस को 'समाधि' स्थल को ध्वस्त करने के प्रयास को रोकने का आदेश देने की मांग की। हालांकि, अदालत ने जांच में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि जांच एजेंसियों को ऐसे व्यक्तियों से जुड़े मामलों की जांच करने का अधिकार है जो लापता हो जाते हैं या जिनकी संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो जाती है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कुछ संदिग्ध लग रहा है इसलिए जांच नहीं रोकी जा सकता है।

### मोहनलाल बड़ौली पर केस दर्ज का मामला
## भाजपा नेता अमित बिंदल बोले- मित्तल के आरोपों में कोई सच्चाई नहीं

सोनीपत, 16 जनवरी (एजेंसियां)। भाजपा नेता अमित बिंदल ने बताया कि उस रात वह अपनी महिला दोस्त के साथ कसौली गए थे। उस समय मोहनलाल बड़ौली और गायक रॉकी मित्तल के साथ उनकी मुलाकात हुई थी। पीड़ित लड़की से उनकी मुलाकात हुई या नहीं, यह संज्ञान में नहीं है। एक ही होटल में अलग-अलग कमरे में वह तीनों रुके थे। कोर्ट में जज के सामने उनके बयान हुए हैं। रॉकी मित्तल के आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। रॉकी मित्तल खुद अपना शहर छोड़कर भागा हुआ है। भाजपा नेता अमित बिंदल गुरुवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीड़ित लड़की मेरे साथ करीब दो से तीन साल पहले काम करती थी। वह प्रेस कांफ्रेंस करने वाली महिला को नहीं जानते। उन पर टिकट और पैसे के जो आरोप लग रहे है वह निराधार है। यह काम उन्हें करना होता तो लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान कर सकता था। अमित बिंदल ने कहा कि यह पूरा मामला जांच का विषय है। दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। उनके साथ महिला मित्र कसौली घूमने गई थी। जिसके चलते उन्हें गवाह बनाया गया है। अमित बिंदल ने स्वयं को जान का खतरा बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें और उनके परिवार को जान का खतरा हो सकता है। उन्हें शंका है कि उन्हें धमकियां देने के साथ गलत फंसाया जा सकता है।

# काजी जी! न्याय करो, नहीं तो थाना बदल लो

**जीतू पटवारी ने टीआई की लगा दी क्लास**



देवास, 16 जनवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वे एक थाना प्रभारी तहजीब काजी को जमकर फटकार लगा रहे हैं। साथ ही उनके खिलाफ धरना देने की बात कह रहे हैं। दरअसल, पूरा मामला देवास जिले के कन्नौद थाने के कुसमानिया का है, जहां दो पक्षों में किसी मामले को लेकर विवाद हो गया था। इस विवाद को लेकर एक शख्स अपनी फरियाद लेकर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के पास पहुंचा। फरियादी ने पटवारी को बताया कि कन्नौद थाने में उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। पुलिस ने मारपीट करने वाले आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया है। शिकायत सुनने के बाद जीतू पटवारी ने देवास एसपी पुनीत गहलोत को फोन कर कन्नौद थाना प्रभारी की शिकायत की और पूरे मामले से अवगत करवाया। इसके बाद उन्होंने कन्नौद थाना टीआई तहजीब काजी को फोन लगाया और उनकी जमकर क्लास लगाई। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की बात करते हुए पटवारी ने सख्त लहजे में कहा, क्यों काजी जी, न्याय करो नहीं तो थाना बदल लो। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने थाना प्रभारी तहजीब काजी को फोन लगाकर मामले की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने सख्त लहजे में कहा, 'क्यों थाना प्रभारी जी, उस दिन मैंने आपके इशारों को समझ लिया था। आपके समझ में नहीं बनेगी। कुसमानिया में इन लोगों के साथ मारपीट हुई है। एक बच्चा भर्ती है, लेकिन आपने दूसरे पक्ष को अब तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया? किस कागज का इंतजार कर रहे हो? क्या आपको मृत्यु प्रमाण पत्र चाहिए? या तो आप न्याय करो या थाना बदल लो। जब मैं कन्नौद पहुंचा, तो सब आपकी शिकायत कर रहे थे। आपके खिलाफ बहुत शिकायतें हो गई हैं। अब मैं आपके खिलाफ धरना देने आ जाऊंगा।' कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और थाना प्रभारी तहजीब काजी के बीच फोन पर हुई बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में जीतू पटवारी थाना प्रभारी को फटकार लगाते हुए उनके खिलाफ धरने की बात करते हुए नजर आ रहे हैं।

# जिला भाजपा अध्यक्ष के नाम की घोषणा का फर्जी पत्र जारी

**ऐसा करने वाले पर कानूनी कार्रवाई करेगी पार्टी**

सीहोर , 16 जनवरी (एजेंसियां)। सीहोर जिला भाजपा अध्यक्ष के नाम की मध्य प्रदेश भाजपा द्वारा कोई घोषणा नहीं की गई। जिला भाजपा अध्यक्ष रवि मालवीय ने कहा कि रात को सोशल मीडिया पर एक फर्जी पत्र जिला भाजपा अध्यक्ष के नाम की घोषणा का वायरल हुआ, जो पूरी तरह से फर्जी है। मध्य प्रदेश भाजपा द्वारा अधिकृत रूप से सीहोर जिला भाजपा अध्यक्ष के नाम की कोई घोषणा नहीं हुई है। जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती ने कहा कि जिला भाजपा ने इस मामले को अति गंभीरता से लिया है। सोशल मीडिया पर किस ग्रुप में सबसे पहले उक्त फेक और फर्जी घोषणा का पत्र पोस्ट हुआ, इसकी गहराई से जांच की जा रही है। फर्जी पत्र बनाने और उसे जारी करने वाले की खोज कर, जिला भाजपा द्वारा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**पर्यवेक्षक बोले जिलाध्यक्ष की घोषणा के लिए नहीं आए**

भाजपा के नए जिलाध्यक्ष को लेकर बुधवार दोपहर से देर रात तक कशमकश चलती रही। कार्यकर्ताओं को उम्मीद थी कि पर्यवेक्षक बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष की घोषणा करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बैठक में पर्यवेक्षक ने स्पष्ट किया कि वह जिलाध्यक्ष की घोषणा करने नहीं आए, बल्कि संविधान गौरव अभियान के तहत यह बैठक आयोजित की गई। इस दौरान पर्यवेक्षक ने संविधान गौरव अभियान पर चर्चा की और प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया के तहत सभी जिला प्रभारियों से फार्म भरवाए। बता दें कि बुधवार रात भाजपा ने 15 जिलाध्यक्षों की घोषणा की थी, लेकिन सूची में सीहोर जिलाध्यक्ष का नाम नहीं था।

**सहमति न बनने से रुकी घोषणा**

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि सीहोर जिलाध्यक्ष के नाम पर सहमति न बनने के कारण घोषणा रुकी है। कुछ पदाधिकारी यह भी कयास लगा रहे हैं कि नियमों को शिथिल करते हुए जिलाध्यक्ष की घोषणा की जा सकती है। यदि ऐसा हुआ, तो रवि मालवीय और गौरव सत्री महाजन में से किसी एक को जिलाध्यक्ष बनाया जा सकता है।

## अब कैसे जलेगा 21,816 घरों का चूल्हा? ब्लॉक हो गया इन परिवारों का राशन कार्ड

शिमला, 16 जनवरी (एजेंसियां)। भारत सरकार अपने नागरिकों के लिए कई योजनाओं का संचालन करती है जिनमें से एक महत्वपूर्ण योजना है राशन कार्ड योजना। इस योजना के तहत देश के कई गरीब परिवारों को सस्ती दरों पर राशन उपलब्ध कराया जाता है, जिससे उन्हें खाने समेत जरूरी चीजें सस्ते दामों में मिल सके। ऐसे में सरकार ने राशन कार्ड धारकों के लिए एक नई शर्त लागू की है। भारत में राशन कार्ड धारक लोगों को अब ई-केवाईसी करवानी जरूरी हो गई है। हालांकि अभी भी ऐसे कई लोग हैं, जिन्होंने अपनी ई-केवाईसी नहीं करवाई है और उनके कार्ड ब्लॉक कर दिए गए हैं। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर के जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के नियंत्रक ब्रिजेंद्र पठानिया ने बताया कि जिले में अब तक लगभग 3 लाख राशन कार्ड धारकों द्वारा ई-केवाईसी पूरी की जा चुकी है।

## स्पा सेंटर में चल रहा था देह व्यापार, संचालिका महिला समेत छह युवती और तीन युवक गिरफ्तार



जबलपुर, 16 जनवरी (एजेंसियां)। जबलपुर जिले के विजय नगर थाना अंतर्गत हॉट बाजार के समीप स्थित स्पा सेंटर में देह व्यापार चर रहा था। पुलिस ने दबिश देकर स्पा सेंटर की संचालिका महिला समेत 6 युवतियों और 3 युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। विजय नगर थाना प्रभारी वीरेंद्र पवार के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि हॉट बाजार में एक महिला द्वारा संचालित आओ स्पा सेंटर में देह व्यापार का अनैतिक कारोबार किया जा रहा है। इसके लिए महिला ने एक असिस्टेंट को भी रखा था। सूचना के आधार पर पुलिस ने रात स्पा सेंटर पर दबिश दी। दबिश के दौरान पुलिस को स्पा सेंटर में संचालिका, उसकी असिस्टेंट और पांच युवतियां मिलीं। इनमें से तीन युवतियां और तीन युवक आपत्तिजनक स्थिति में पाए गए। इसके अलावा, पुलिस को स्पा सेंटर से अनैतिक सामग्री भी बरामद हुई। पुलिस ने सामग्री जब्त करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। स्पा सेंटर की संचालिका, उसकी असिस्टेंट और अन्य युवतियों के मोबाइल से कई नंबर और वॉट्सऐप ग्रुप भी बरामद हुए हैं, जिनकी जांच जारी है।

# केजरीवाल से लड़ाई में प्रवेश वर्मा ने अपनी पत्नी को क्यों उतारा? इस डर से बना बीजेपी का बैकअप प्लान



नई दिल्ली, 16 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली की सत्ता की धुरी मानी जाने वाली नई दिल्ली विधानसभा सीट पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। अरविंद केजरीवाल ने अपनी राजनीतिक पारी का आगाज नई दिल्ली सीट से ही किया था। कांग्रेस की दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को नई दिल्ली सीट से हराकर केजरीवाल सीएम बने थे। इसके बाद से केजरीवाल लगातार तीन बार नई दिल्ली सीट से जीत दर्ज कर चुके हैं, और अब चौथी बार चुनावी मैदान में है।

केजरीवाल के खिलाफ इस बार कांग्रेस से पूर्व सांसद संदीप दीक्षित तो बीजेपी से पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं, जिसके चलते मुकाबला काफी रोचक माना जा रहा है। नई दिल्ली विधानसभा सीट से अरविंद केजरीवाल और प्रवेश वर्मा ने बुधवार को अपना नामांकन दाखिल किया। बीजेपी प्रत्याशी प्रवेश वर्मा ने अपने साथ अपनी पत्नी स्वाति सिंह का भी नई दिल्ली सीट से नामांकन दाखिल कराया है। इस तरह अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रवेश वर्मा और उनकी पत्नी स्वाति सिंह दोनों ने चुनावी ताल ठोक रखी है। ऐसे में सवाल उठता है कि प्रवेश वर्मा को किस बात का डर सता रहा है, जिसके चलते अपनी पत्नी को नई दिल्ली सीट से नामांकन दाखिल कराया है?

**क्या है प्रवेश वर्मा का प्लान?**

अरविंद केजरीवाल के खिलाफ माहौल बनाने के लिए नई दिल्ली सीट पर किसी तरह की कोई गुंजाइश प्रवेश वर्मा नहीं छोड़ रहे हैं। इस तरह से उन्होंने अपनी पत्नी स्वाति सिंह को नई दिल्ली सीट से नामांकन कराना बैकअप प्लान का हिस्सा है। नई दिल्ली सीट से पर्चा दाखिल करने के बाद स्वाति सिंह ने मीडिया से खुद कहा कि उन्होंने अपने पति प्रवेश वर्मा के बैकअप कैंडिडेट के रूप में यह पर्चा भरा है। नई दिल्ली सीट पर प्रवेश वर्मा के नामांकन पत्र में अगर किसी तरह की कोई कमी आती है, और उनकी उम्मीदवारी पर खतरा मंडराता है, तो स्वाति सिंह फिर फ्रंटफुट पर केजरीवाल से दो-दो हाथ करनी नजर आएंगी। इसीलिए प्रवेश वर्मा के नामांकन के बाद नई दिल्ली सीट से स्वाति सिंह ने भी अपना नामांकन पत्र भर दिया है।

ऐसे में पति प्रवेश वर्मा का नामांकन पत्र स्वीकार कर लिया जाएगा तो स्वाति अपना नाम वापस ले सकती हैं।

## 'मेट्रो में घुस गया, घर तक पीछा किया ' ऑफिस से लौट रही युवती के साथ चौंकाने वाली घटना; बोली- अनसेफ फील हो रहा

बैगलुरू, 16 जनवरी (एजेंसियां)। बेंगलुरु में एक युवती उस वक्त काफी डर गई, जब एक व्यक्ति उसका पीछा करने लगा। वह मेट्रो से पीछा करते हुए उसके घर तक पहुंच गया। युवती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट पर अपना अनुभव शेयर किया है। उसने बताया कि वह अपने दफ्तर से काम खत्म कर शाम के करीब 6 बजे घर लौट रही थी। युवती ने लिखा, 'मैंने हमेशा की तरह मेट्रो ली। एक व्यक्ति जिसे मैं जानती नहीं थी, मेरे पास आया और बात करने लगा। वह मुझे अपने बारे में बताने लगा।' युवती ने जो जैकेट पहना था, उस पर उसकी कंपनी का लोगो प्रिंटेड था। इसलिए वह आदमी युवती से उसकी कंपनी के बारे में पूछने लगा कि वह कहां काम करती है।

## नीमच एडीएम लक्ष्मी गामड़ की शिकायत कार्यालय में बैठकर रील बनाती हैं



नीमच, 16 जनवरी (एजेंसियां)। नीमच के एक एडवोकेट ने एडीएम लक्ष्मी गामड़ की शिकायत की है। एडवोकेट ने आरोप लगाया है कि एडीएम सरकारी कार्यालय में बैठकर रील बनाती हैं, जबकि बाहर एडवोकेट और जनता सुनवाई के लिए परेशान होते हैं। लेकिन, उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। शिकायतकर्ता एडवोकेट ने एडीएम को पद से हटाने की मांग की है। शिकायतकर्ता एडवोकेट दर्शन शर्मा ने बताया कि उन्होंने नीमच एडीएम लक्ष्मी गामड़ की शिकायत देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से की है। शिकायत में उन्होंने एडीएम लक्ष्मी गामड़ को पद से हटाने की मांग की है। एडवोकेट दर्शन शर्मा ने कहा कि एक तरफ एडीएम कार्यालय और न्यायालय में जनता और एडवोकेट परेशान होते हैं, वहीं दूसरी तरफ नीमच एडीएम लक्ष्मी गामड़ सरकारी कार्यालय में रील बनाती हैं। वह सरकारी काम करने से बचती हैं। ऐसे अधिकारी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। इस संबंध में एडीएम लक्ष्मी गामड़ ने किसी भी तरह की प्रतिक्रिया देने से इंकार कर दिया। नीमच एडीएम सोशल मीडिया फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित अन्य माध्यमों पर काफी सक्रिय रहती हैं। वह पूर्व में भी सोशल मीडिया पर रील डालने और बनाने को लेकर विवादों में आ चुकी हैं। नीमच में पदस्थापना के दौरान ही एडीएम लक्ष्मी गामड़ ने अपने बंगले पर पुलिसकर्मी और होमगार्ड के जवानों से खटिया बुनवाई और इसकी रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड की थी। इसके कारण वह काफी ट्रोल हुई थीं और विवादों में आ गई थीं।

### पंजाब में कुछ बड़ा करने की साजिश रच रहे आतंकी
## निशाने पर कई नेताओं के करीबी खुफिया एजेंसियों ने दिए इनपुट



चंडीगढ़, 16 जनवरी (एजेंसियां)। पंजाब में पुलिस थानों, चौकियों को निशाना बनाने के बाद अब विदेशों में बैठे आतंकियों ने स्लीपर सैल के जरिए नेताओं के करीबी व्यापारियों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। राज्य में पिछले 50 दिन में एक दर्जन से ज्यादा धमाके हो चुके है। बीती रात जहां मजीठा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जैंतीपुर में सांसद व पूर्व कैबिनेट सुखजिंदर सिंह रंधावा के करीबी को निशाना बनाया गया।धमाके की जिम्मेदारी बब्बर खालसा इंटरनेशनल ने ली। इस बीच केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने पंजाब पुलिस के साथ फिर इनपुट शेयर किया है कि आतंकी पंजाब में बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस लगातार दावा कर रही है कि हमलों की सभी वारदातों के आरोपितों को पकड़ लिया गया है लेकिन इसके बावजूद हमले नहीं रुक नहीं रहे है। उधर पंजाब पुलिस ने खुफिया एजेंसियों के इनपुट मिलने के बाद पुलिस थानों और चौकियों की सुरक्षा ओर बढ़ाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद राज्य भर में खास कर अमृतसर, तरनतारन और गुरदासपुर में पुलिस थानों की सुरक्षा कड़ी की गई है।

**आतंकी स्लीपर सैल के जरिए वारदात को दे रहे हैं अंजाम**

पंजाब पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक विदेशों में बैठे आतंकी पंजाब में सक्रिय स्लीपर सैल के जरिए इन वारदातों को अंजाम दे रहे है। विदेशों से ही इन हमलों की जिम्मेदारी ली जा रही है। पंजाब पुलिस के अधिकारियों ने कहा कि गैंगस्टरों को उत्साहित करने और हिंसा को हौसला देने वाले कम से कम 483 इंटरनेट मीडिया खातों को ब्लॉक किया गया है। इन से कुछ विदेशों से भी ऑपरेट हो रहे थे। बता दें कि पंजाब में धमाके कर हमलों की जिम्मेदारी लेने वाले हैपी पशिया पर एनआईए ने पांच लाख का इनाम रखा है।

## पत्नी पर था भूत का साया, पति ने कहा 'तलाक' फिर हुआ हैरान करने वाला खुलासा

भोपाल, 16 जनवरी (एजेंसियां)। भोपाल के फैमिली कोर्ट में अनोखा मामला सामने आया है, जिसे सुनकर हर कोई हैरान है। मामला भूतिया बहू से जुड़ा है।भोपाल की एक बहू अपने कमरे में आईने के सामने बैठकर अजीब हरकतें करती है। वह जोर-जोर से चिल्लाती है। बहू की ऐसी हरकतें देख घर के सभी सदस्य परेशान हैं। पति ने पत्नी से तलाक की अर्जी दे दी, लेकिन कोर्ट में महिला ने काउंसलिंग में ऐसे चौंकाने वाले खुलासे किए जिसे सुनकर सब दंग रह गए। दरअसल, ससुराल में एक महिला की हंसी मजाक तलाक की वजह बन गई। भोपाल में रहने वाले एक परिवार की बहू की हरकतें कुछ ऐसी थी कि उन्हें तलाक के लिए फैमिली कोर्ट में अर्जी दे दी। फैमिली कोर्ट में काउंसलिंग हुई तो पति ने बताया कि उसकी पत्नी कमरे में आईने के सामने बैठकर बाल खोलती और जोर-जोर से चिल्लाती है।

# देह व्यापार कराने के लिए रुपये लेती थी 'पुलिस'

**मसाज पार्लर के मालिक का खुलासा, दो पर गिरी गाज**



ग्वालियर, 16 जनवरी (एजेंसियां)। ग्वालियर में मसाज पार्लर की आड़ में देह व्यापार का धंधा चलाने वालों ने पुलिस की पोल खोल दी है। पार्लर के आरोपी मैनेजर ने खुलासा किया है कि थाने का हवलदार उससे हर महीने 15 हजार रुपए की वसूली करता था। उसे पैसा थमाकर वह बेफिक्र हो जाते थे कि पुलिस उनके धंधे की तरफ आंख उठाकर नहीं देखेगी। इसी कारण पार्लर के अलावा होटल और दूसरे ठिकानों पर भी लड़कियों की सप्लाई का काम शुरू किया गया था। देह कारोबार के धंधे में पुलिस की सांठगांठ सामने आने पर एसपी धर्मवीर सिंह यादव ने हवलदार को सस्पेंड और विश्वविद्यालय थाना प्रभारी को लाइन हाजिर किया है। दरअसल, विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के पटेल नगर सिटी सेंटर में द हीलिंग हैंड मसाज थैरेपी के नाम से चल रहे मसाज पार्लर पर दो दिन पहले पुलिस ने देह व्यापार का कारोबार पकड़ा था।

पार्लर में घुसने से पहले पुलिस ने एक पंटर ग्राहक भेजकर युवती से बातचीत करवाई थी। दबिश में पार्लर के अंदर छह युवतियां, ग्राहक जितेंद्र राजपूत और संकेत बंसल के अलावा पार्लर का मालिक प्रीतेश चौरसिया निवासी मॉडल टाउन और मैनेजर देवेंद्र शर्मा निवासी दहीसर मुंबई को गिरफ्तार किया गया।

स्वतंत्र वार्ता

शुक्रवार, 17 जनवरी - 2025

# महाकुंभ में दिखा आस्था का विराट स्वरूप



सुरेश गांधी

फिरहाल, पौष पूर्णिमा व पहला अमृत स्नान के साथ महाकुंभ का आगाज हो चुका है. ऐसे में हर कोई इस भक्ति में महाकुंभ के संगम में सराबोर होने के लिए जाने की जुगत में जुटा है. हर कोई संगम की धारा में डुबकी लगाने की कोशिश में लगा हुआ है। दो दिनों में 5.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में डूबकी लगा चुके है। इस बार 45 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु कुंभ स्नान के लिए पहुंचने वाले हैं. जिसको देखते हुए प्रशासन ने कड़े इंतजामात किया है. महाकुंभ की रौनक संगम नगरी में देखते बन रही है. इस धार्मिक नगरी में दुनियाभर से करोड़ों श्रद्धालु आ रहे हैं. देखा जाएं तो महाकुंभ अब सिर्फ भारतीय आयोजन नहीं रहा, यह एक वैश्विक पर्व बन गया है। ब्राजील, जर्मनी, जापान, इंग्लैंड, अमरीका और स्पेन जैसे देशों के श्रद्धालु भी प्रयागराज पहुंचने लगे हैं। यह आयोजन अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सनातन संस्कृति के बढ़ते प्रभाव को दिखा रहा है। खास बात यह है कि पाकिस्तान और अरब समेत इस्लामिक देश भी महाकुंभ में रुचि दिखा रहे हैं। प्रयागराज संगम में महाकुंभ की धूम भारत सहित पूरी दुनिया में देखने को मिल रही है. इस्लामिक देशों में महाकुंभ को लेकर बहुत ज्यादा चर्चा हो रही है. इसमें भी पाकिस्तान सबसे टॉप पर चल रहा है. या यूं कहे भारत के परस्पर विरोधी देश में लोग महाकुंभ के आयोजन और यहां जुट रही व्यापक भीड़ को खूब सर्च कर रहे हैं. पाकिस्तान के बाद इस लिस्ट में कतर, यूएई और बहरीन जैसे देश शामिल हैं. इसके अलावा, नेपाल, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, आयरलैंड, ब्रिटेन, थाईलैंड और अमेरिका जैसे देशों के लोग भी महाकुंभ के बारे में पढ़ और खोज रहे हैं. महाकुंभ के पहले अमृत स्नान के अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर महाकुंभ अमृत स्नान हैशटैग जबरदस्त ट्रेंड हुआ। हजारों यूजरों ने महाकुंभ के दौरान ली गई तस्वीरें, वीडियो और सूचनाएं साझा की। सोशल मीडिया पर लोगों ने महाकुंभ में हुई व्यवस्थाओं, श्रद्धालुओं की भारी संख्या, संगम स्नान और अपनी फोटो को खूब शेयर किया। टाटा ग्रुप की एयरलाइन एयर इंडिया ने मंगलवार को ऐलान किया है कि वह दिल्ली और प्रयागराज के बीच दैनिक उडा़न का संचालन करेगी। खास यह है कि हाथों में तलवार-त्रिशूल, डमरू लिए नागा बाबा भी संगम नगरी में चार चांद लगा रहे हैं। पूरे शरीर पर भभूत, घोड़े और रथ की सवारी से हर-हर महादेव के नारे गूंज रहे हैं। यह महाकुंभ अब अगले 45 दिनों तक यानी 26 फरवरी तक चलेगा. मेला क्षेत्र में उमड़ रही भीड़ के बीच श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सेना के जवानों से लेकर पुलिस और प्रशासनिक अफसर की टीमें मौके पर मौजूद हैं. सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं और चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है. अनेकता में एकता की अनुभूति, आस्था एवं आधुनिकता के संगम में साधना एवं पवित्र स्नान, कल्पवासियों की धुनी, सनातन की महत्ता का एहसास करा रही है। श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से लगातार फूल बरसाए गए। सुबह सुबह 6 बजे अमृत स्नान का अद्भुत दृश्य था। हाथों में तलवार-त्रिशूल और डमरू लिए संन्यासी हर-हर महादेव का उद्घोष करते हुए घाटों पर पहुंचे। हालात ये रही कि आज के लिए महाकुंभ नगर दुनिया का सबसे बड़ा जिला बन गया। एक दिन में दुनिया में कहीं भी इतनी ज्यादा भीड़ नहीं आई थी। भीड़ ज्यादा होने से प्रयाग स्टेशन कुछ देर के लिए बंद कर दिया गया। सुबह संगम पर इतने श्रद्धालु पहुंच गए कि पैर रखने की जगह नहीं थी। बता दें, ये महाकुंभ बेहद खास है. वजह ये है कि ऐसा महाकुंभ 144 साल बाद आया है. यूं तो महाकुंभ हर 12 साल में आता है. लेकिन इस बार के महाकुंभ का जो संयोग बना है वो 144 साल बाद बना है. यानि इस संयोग के साक्षी बनने वाले 144 साल पहले बने थे. बस यही वजह है कि इस बार के महाकुंभ का हर कोई हिस्सा बना चाहता है और बस इसीलिए इस महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की तादाद पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ने जा रही है. अगले डेढ़ महीने तक प्रयागराज पर सिर्फ देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की नजर होगी. पौराणिक कथाओं की मानें तो महाकुंभ का आयोजन अमृत की खोज का परिणाम है, लेकिन यह कथा सिर्फ इतनी ही नहीं है.असल में अब जो महाकुंभ हमारे लिए वरदान साबित हो रहा है, वह एक श्राप का परिणाम था. ऐसा श्राप जो देवताओं को मिला, जिससे एक समय मानवता खतरे में पड़ गई थी. समय के साथ वही श्राप मानव समुदाय के लिए वरदान साबित हुआ. इस पूरी परंपरा के पीछे एक ऋषि का श्राप है, जो आज वरदान बनकर हमारे सामने है. देवलोक से निकली इस परंपरा की धारा में मानवता के पुण्य का वरदान तो है ही, साथ ही यह नीति और नैतिकता की शिक्षा का आधार भी है. स्कंदपुराण की कथा के मुताबिक, स्वर्ग की राजधानी अमरावती हर सुखों से भरी थी, जिसकी वजह से इसका स्वर्ग नाम सार्थक था. देवताओं ने कई सालों तक चले देवासुर संग्राम को जीत लिया था और इसके कारण उन्हें अब शत्रुओं का भय भी नहीं था. कुल मिलाकर स्वर्ग में मन को प्रसन्न करने वाली हवा बह रही थी, उनमें फूलों की सुगंध घुली हुई थी. इनका संयोजन इतना खूबसूरत होता है कि कई बार गंधर्व अपनी तानों का गान छोड़कर उनका संगीत सुनने लग जाते थे. इसका असर ये था कि अब देवता भी धीरे-धीरे अपने कर्तव्यों को छोड़कर आमोद-प्रमोद में लगे रहते. उनके अधिपति इंद्र तो राग रंग में ऐसे डूबे थे कि अब उन्हें ज्ञात ही नहीं था कि संसार के प्रति भी उनका कुछ दायित्व है. वह गंधर्वों से दिन के आठों पहर नए-नए राग सुनते और सोमरस के मद में चूर रहते थे. इसकी वजह देव-दानवों का वह युद्ध है, जिसमें देवराज इंद्र ने विजय पाई थी. हालांकि उन्हें विजय त्रिदेवों (ब्रह्नमा-विष्णु-महेश) के कारण मिली थी, लेकिन विजय का अभिमान ऐसा हो गया कि वह अब सोच बैठे थे कि अब कोई आक्रमण होगा ही नहीं. देवगुरु बृहस्पति की चिंता भी यही थी. वह भविष्य की आशंका से कम चिंतित थे, लेकिन वर्तमान में संकट यह था कि राग-रंग में डूबे देवराज अब ग्रहमंडल की बैठक भी नहीं कर रहे थे. सप्तऋषियों ने इसके लिए चिंता जताई थी, लेकिन युद्ध की वजह से वह भी इस शांति को भंग नहीं होने देना चाहते थे, लेकिन कई पक्ष बीत जाने के बाद अब उन्हें चिंता होने लगी थी. ग्रहमंडल की बैठक नहीं हुई तो नक्षत्रों का सारा विधान रुक सकता था. संतुलन बिगड़ सकता था. इस चिंता को दूर करने ही देवराज इंद्र से बैठक बुलाने का अनुरोध करने ही ऋषि दुर्वासा सप्तऋषियों के प्रतिनिधि बनकर देवलोक की ओर बढ़े. बेशक, संगम पर डुबकी के लिए कड़ाके की ठंड की चिंता किए बिना देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। विदेशी भक्त भी महाकुंभ पहुंच रहे हैं। कुंभ मेला क्षेत्र दिव्य सजावट और भव्य तैयारियों से जगमगा उठा है। विश्व में महाकुंभ जैसा दूसरा कोई पर्व नहीं हैं। इस महापर्व में करीब 45 करोड़ श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है।

श्रद्धालुओं में देश के विभिन्न हिस्सों के लोगों के साथ-साथ विदेशी पर्यटक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे। श्रद्धेय संतों की पावन उपस्थिति में महाकुम्भ क्षेत्र का संपूर्ण वातावरण और अधिक दिव्य एवं अलौकिक हो गया। वैसे भी विश्व के लिए शांति के लिए सनातन धर्म बहुत जरुरी हैं। हमारा भारत महान हैं। हमारी संस्कृति हमारा देश हमारे सनातन धर्म का सबसे बड़ा तीर्थ प्रयागराज संगम पर आज जो मकर संक्रांति का जो पर्व मनाया गया, ये दुनियां का महान तीर्थ हैं। प्रयागराज में त्रिवेणी संगम आस्था के महासागर का साक्षी बना। यह आयोजन भक्ति, परंपरा और आध्यात्मिकता का अद्भुत महासंगम रहा, जिसमें श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। मतलब साफ है यह हमारी सनातन संस्कृति और आस्था का जीवंत स्वरूप है।

## सैफ की सुरक्षा में कहां हुई चूक?

सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि हाई सिक्योरिटी वाले सैफ के घर में हमलावर की एंट्री कैसे हो गई और किसी को भनक तक नहीं लगी। क्या हमलावर पहले से घर में मौजूद था या बाहर से आया। और फिर वह भागा कैसे? आखिर सिक्योरिटी गार्ड को इसकी भनक तक क्यों नहीं लगी? सैफ अली मुंबई के उपनगर बांद्रा की हाई सिक्योरिटी वाले सतगुरु शरण बिल्डिंग में रहते हैं। वहां तो हाई सिक्योरिटी है ही, खुद एक्टर के घर का सिक्योरिटी सिस्टम भी काफी तगड़ा है। ऐसे में यह बात हजम नहीं हो रही है कि घर में हमलावर घुस कर उन पर हमला कैसे कर गया?सैफ पर गुरुवार, रात ढाई बजे घर में घुसे हमलावर ने अटैक किया। उसने धारदार चाकू से सैफ पर छह बार वार किए। पुलिस के मुताबिक, हमलावर की सैफ की नौकरानी से बहस हो रही थी। आवाज सुनकर सैफ उठे और वह बीचबचाव के लिए पहुंचे। लेकिन तभी हमलावर ने सैफ पर चाकू चला दिए। इसमें सैफ की गर्दन, हाथ और पीठ पर छह जगह चोटें आई है। सबसे गहरा घाव रीढ़ की हड्डी के पास है, जिसकी सर्जरी की गई है। सैफ की हालत खतरे से बाहर हैं। सैफ और करीना का बयान भी आ चुका है, जिसमें उन्होंने फैंस से धैर्य बनाए रखने और अटकलें न लगाने की अपील की। मुंबई पुलिस ने सैफ पर हुए हमले से पहले और बाद की फुटेज खंगाली तो इसमें दो संदिग्ध दिखे हैं। शुरुआती जांच में पुलिस को फुटेज में कोई भी संदग्ध घर में घुसते या बाहर निकलते नहीं मिला था। जिस बिल्डिंग में सैफ और करीना का अपार्टमेंट है, वहां सिर्फ एक ही वॉचमैन है। सैफ पर तैमूर और जेह के कमरे में हमला हुआ। समझा जा रहा है कि हमलावर पहले बच्चों के कमरे में घुसा था। वॉचमैन ने किसी को घर में घुसते नहीं देखा। ऐसा भी माना जा रहा है कि संदिग्ध पहले घर के पिछले हिस्से में बने नौकरानी के क्वार्टर में घुसा और वहां से उसने घर में एंट्री ली। सैफ के घर के बालकनी में बुलेटप्रूफ ग्लास लगा है और हाई टेक सीसीटीवी कैमरा सिस्टम भी है, जिससे बाहर सड़क से लेकर बिल्डिंग और आसपास का एरिया निगरानी में रहता है। सैफ के घर पर तीन दिन से फर्श की पॉलिशिंग का काम चल रहा था। उनके घर मजदूर काम कर रहे थे। समझा जा रहा है कि उन्हीं में से किसी ने इस घटना को अंजाम दिया होगा। पुलिस अब इन मजदूरों से भी पूछताछ कर रही है। हमलावर ने नौकरानी पर भी अटैक किया था। एक्टर सैफ अली खान लीलावती अस्पताल में भर्ती हैं। बताया जा रहा है कि सैफ पर यह हमला चोर ने किया, जो रात के दो बजे उनके बांद्रा स्थित घर में घुसा और धारदार हथियार से सैफ पर हमला किया। इसमें सैफ की पीठ और हाथ के अलावा गर्दन पर घाव है। मुंबई पुलिस के मुताबिक, सैफ की घर में घुसे चोर के साथ हाथापाई हुई, जिसमें चोर ने उन पर कई वार किए। चोर घर में चोरी के इरादे से घुसा था या कोई और मकसद था, यह तो फिलहाल पता नहीं चल पाया है। लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि सैफ और उनका परिवार 24 घंटे सिक्योरिटी के बीच रहता है। घर में भी फुल सिक्योरिटी है, तो फिर चोर घर में घुसा कैसे? सैफ पटौदी के नवाब हैं। वह न सिर्फ पटौदी हाउस के मालिक हैं, बल्कि बांद्रा में भी उनके करोड़ों के अपार्टमेंट है, जिसमें चोर घुसा था। सैफ पटौदी खानदान के 10वें नवाब हैं। उन्होंने बचपन से ही शानो-शौकत वाली जिंदगी जी है। पिता मंसूर अली खान पटौदी खानदान के 9वें नवाब थे। सैफ की नेट वर्थ करीब 1200 करोड़ रुपये है। इसमें उनकी फिल्मों से लेकर ब्रांड एंडोर्समेंट्स, संपत्ति और बाकी बिजनेस से कमाई शामिल है। उनके पास कई बंगले और घर हैं। सैफ के पटौदी पैलेस की कीमत करीब 800 करोड़ रुपये बताई जाती है। इसके अलावा उनके मुंबई के बांद्रा में दो अपार्टमेंट हैं। पहले पटौदी पैलेस नीमराणा होटल्स के पास लीज पर दे दिया गया था, लेकिन बाद में सैफ ने 800 करोड़ रुपये देकर इसे वापस ले लिया। बांद्रा के सतगुरु शरण अपार्टमेंट में सैफ पत्नी करीना और बच्चों के साथ रहते हैं। यह अपार्टमेंट चार मंजिला है, जिसमें हर फ्लोर पर आलीशान हॉल और तीन बेडरूम हैं। इसमें बच्चों के लिए नर्सरी और थिएटर के लिए स्पेस भी है। सतगुरु शरण अपार्टमेंट की कीमत 103 करोड़ से ज्यादा बताई जाती है। सैफ और करीना का स्विट्जरलैंड के गस्ताद में लग्जरी होम है, जिसकी कीमत 33 करोड़ रुपये है। इसके अलावा सैफ ने साल 2018 में क्लोदिंग लाइन लॉन्च की थी, जिससे उन्हें करोड़ों की कमाई होती है। वह टाइगर्स ऑफ कोलकाता टीम के मालिक भी हैं, जो इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग में खेलती है।

## क्यों हैं हमारे समाज में इतने अतुल सुभाष ?

भाषणा बंसल गुप्ता

अतुल सुभाष का केस हमारे पूरे समाज के मुंह पर जोरदार तमाचा है। यही सुनते आए हैं कि विवाह एक सामाजिक संस्था है मगर अब इस संस्था का संपूर्ण ढांचा चरमरा रहा है। इस संस्था की विवाह रूपी गिरती हुई इमारत को अगर समय रहते नहीं संभाला गया तो पता नहीं कितने अतुल सुभाष और उनके परिवार तबाह हो जाएंगे। जैसे ही अतुल सुभाष का वीडियो सामने आया, पूरा देश सन्न रह गया लेकिन जिन पर पहले ही ये सब बीत चुका था, उनके जख्म भी हरे हो गए। अभी ताजा मामला दिल्ली के पुनीत खुराना का है। इसी तर्ज पर यूपी में पुष्कर जायसवाल ने अपनी पत्नी से दुखी होकर आत्महत्या कर ली। आगरा में भी एक व्यक्ति ने खुद को गोली मार दी। दिल्ली में भी एक वकील अपनी तलाक की कार्रवाईयों से इतना तंग आ चुका था कि उसने अपने लाइसेंसी रिवॉल्वर से अपने जान ले ली। हैदराबाद की एक लड़की प्रत्युषा छल्ला का वीडियो भी काफी वायरल हो रहा है जिसमें उसने अपनी भाभी की ज्यादतियों के बारे में बताया। हैरानी की बात ये है कि उसकी भाभी ने केवल दस दिन बाद ही उनके खिलाफ धारा 498 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करा दिया था। अब पांच साल हो चुके हैं, उसका पूरा परिवार झूठे केस को भुगत रहा है। जयपुर के रमाकांत शर्मा बाकायदा अतुल सुभाष को अमर जवान ज्योति, दिल्ली में श्रद्धांजलि देने पहुंचे। उन पर मेंटेनेंस और घरेलू हिंसा का केस दर्ज है। दीवांकर नाम का एक और पुरुष है, जिसकी दूसरी पत्नी ने उस पर घरेलू हिंसा का केस दर्ज किया हुआ है। इलेक्ट्रोनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया पर ऐसे अनेक उदाहरणों की भरमार है। शादी में मनमुटाव होना, संबंधों में बहस और लड़ाई-झगड़ा होना आम बात है लेकिन कुछ पत्नियां इसे अपना हथियार बना लेती हैं और ठान लेती हैं कि जब तक ससुराल वालों को तबाह नहीं कर देंगी, चैन से नहीं बैठेंगी। पति ही नहीं, उसके मां-बाप, भाई-बहन, यहां तक कि रिश्तेदारों को भी नहीं बख्शतीं। कुछ लड़कियां तो उसके सहकर्मियों तक को फोन करके उनकी बदनामी करने से बाज नहीं आतीं। पड़ोसियों को फोन करके झूठे किस्से बताती हैं ताकि ससुराल वालों की इतनी बदनामी हो कि वो कहीं मुंह न दिखा पाएं। डिटेक्टिव गुरू के नाम से मशहूर प्राइवेट डिटेक्टिव राहुल राय गुप्ता का कहना है, "इसका सबसे बड़ा कारण शादी से पहले जांच-पड़ताल न करना है। जयपुर वाला केस भी इसीलिए हुआ क्योंकि उन्होंने लड़की की कोई छानबीन नहीं की। अगर उन्होंने पता किया होता तो वो शादी हरगिज नहीं होती क्योंकि उस लड़की की पहले भी कई शादियां हो चुकी थीं। आज का जमाना ऐसा नहीं है कि किसी के कहे पर विश्वास कर लिया जाए।

## हिंडनबर्ग रिसर्च : भेड़िया आया और चला गया



राधा रमण

भेड़िया आया ... शिकार किया ... और चला गया। अमेरिकी नागरिक नाथन एंडरसन पर यह उक्ति सटीक बैठती है। अमेरिकी वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने बुधवार को अचानक अपनी दुकान बंद कर दी है। 2017 में नाथन एंडरसन नामक अमेरिकी नागरिक द्वारा स्थापित इस संस्था ने महज आठ साल के अंदर न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया के कई देशों के शेयर बाजार में भयानक उथल-पुथल मचाई थी। हिंडनबर्ग रिसर्च के काम करने का तरीका बिलकुल अलग था। यह रिपोर्ट तैयार करने के बाद अपनी वेबसाइट के माध्यम से दुनियाभर में जारी करती थी। रिपोर्ट में वित्तीय अनियमितता का जिक्र होता था। चूंकि हर व्यापारिक समूह मुनाफे के लिए ही कारोबार करता है। इसलिए तत्काल किसी को शक भी नहीं होता है। लोगबाग उस रिपोर्ट को सच मान लेते हैं। उस देश की विपक्षी पार्टियां हवा देने लगती हैं। सरकार किंकर्तव्यविमूढ़ हो जाती है। जिस किसी व्यापारिक समूह के खिलाफ यह रिपोर्ट होती थी, जब तक वह संभलता तब तक उसके शेयर बाजार में भूचाल आ चुका होता था। उसके हजारों-लाखों करोड़ रुपये अथवा डॉलर डूब चुके होते थे। इसने अपनी रिपोर्ट से देश के अग्रणी उद्योग समूह अडाणी को भी लाखों करोड़ रुपये की चपत लगा दी थी। इसके अलावा निकोला समूह, क्लोवर हेल्थ, कंडी और लार्डस्टाउन मोटर्स आदि कई प्रमुख कंपनियां हैं जिन्होंने हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट जारी होने से अपनी जमा पूंजी गंवाई है।

खास बात यह कि अमेरिका के नये राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ लेने और पद भार ग्रहण करने के पहले नाथन एंडरसन ने अपनी दुकान बंद कर दी। हिंडनबर्ग रिसर्च के खिलाफ अमेरिकी अदालतों में कई मुकदमें चल रहे हैं। अमेरिका का डिपार्टमेंट ऑफ़ जस्टिस जाँच कर रहा है। हालाँकि रिपोर्ट जारी करने के पहले हिंडनबर्ग रिसर्च दावा करता था कि 'वह धोखाधड़ी उजागर करके निवेशकों को नुकसान से बचाने के लिए ऐसा कर रहा है।' इससे किसी को इस पर शक भी नहीं होता था। लेकिन आरोप है कि रिपोर्ट जारी करके नाथन एंडरसन करोड़ों रुपये (डॉलर) कमाते थे। जब उन्हें लगा कि कार्यभार ग्रहण करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप उनके खिलाफ एक्शन ले सकते हैं तो कारोबार समेटकर एंडरसन संत बनने का दिखावा कर रहे हैं। एंडरसन कहते हैं कि 'कंपनी बंद करने का फैसला काफी बातचीत और सोच समझ कर लिया है। हमने उन एम्पायर्स को हिला दिया जिन्हें हिलाने की जरूरत थी।' उन्होंने लिखा कि ' कोई खास बात नहीं है। कोई खास खतरा भी नहीं है। स्वास्थ्य की कोई समस्या नहीं है और कोई बड़ा व्यक्तिगत मुद्दा भी नहीं है। मैंने वह सब हासिल कर लिया है जो हमने टारगेट किया था। मैंने पिछले 8 साल का ज्यादातर समय किसी लड़ाई में या अगली लड़ाई की तैयारी में बिताया है। अब मैं अपने शौक पूरे करने, घूमने, अपनी मंगेतर और बच्चों के साथ समय बिताने के लिए उत्सुक हूँ। मैंने फ्यूचर के लिए काफी पैसा भी कमा लिया है।'

नाथन एंडरसन की भोली प्रतिक्रिया और कारोबार समेटने से मुझे एक बार फिर बिहार के कुख्यात ठग मिथिलेश श्रीवास्तव उर्फ़ नटवर लाल की कही बातें याद आती है। एक बार अपनी गिरफ्तारी के बाद पत्रकारों से उसने कहा था कि 'दुनिया में जब तक लालची रहेंगे, ठग भूखा नहीं रहेगा।' लालच चाहे सत्ता की हो अथवा सामान की, दोनों हितकारक नहीं कही जा सकती। एंडरसन ने तो दूसरों पर दोषारोपण करके अपना घर भर लिया। लेकिन नाथन एंडरसन के आरोपों को सही मानकर और उलझकर हमने यह क्या कर लिया? क्या हमारे नेता अमेरिकी अरबपति जार्ज सोरोस को लेकर भी वही गलती तो नहीं कर रहे हैं? आलोचकों का दावा है कि सोरोस की ओपन सोसायटी फाउंडेशन ने कई देशों में राजनीतिक अस्थिरता को बढ़ावा दिया है। दावा तो यह भी है कि अब उसके निशाने पर भारत है। भारत के एक सियासी परिवार से सोरोस की नजदीकियां जगजाहिर है दोनों के कई फोटोग्राफ भी पब्लिक डोमेन में आ चुके हैं।

मुझे पूछने दीजिए कि जिस हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस पार्टी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी ने संसद से लेकर सड़क तक सरकार और गौतम अडाणी के खिलाफ हो-हल्ला मचाया था, अब क्या कहेंगे? क्या हिंडनबर्ग की जिस रिपोर्ट से गौतम अडाणी के 7 लाख करोड़ से अधिक की पूंजी डूब गई, उसे कांगेस पार्टी अब वापस दिलाने की पहल करेगी? क्या सरकार की छवि पर अडाणी को लेकर जो दाग लगा है, उसकी भरपाई हो सकेगी?

यकीन मानिए, मैं सरकार अथवा गौतम अडाणी की बेगुनाही का कोई दस्तावेज नहीं दिखा रहा हूँ, न ही मैं दोनों में से किसी का प्रतिनिधि हूँ। मैं पत्रकार हूँ और 35 वर्षों से पत्रकारिता ही कर रहा हूँ। मेरा तो बस इतना ही कहना है कि बिना किसी ठोस सबूत के, हमें किसी पर दोषारोपण करने अथवा किसी की छवि बिगाड़ने का हक नहीं है।

कीचड़ अगर हाथ में लेकर हम आसमान पर उछालेंगे तो वह हमारे ही सिर और चेहरे पर गिरेगा। अडाणी, अंबानी, टाटा, बिड़ला हों या कोई और उद्योगपति, राष्ट्र के निर्माण और इसके विकास में उनका योगदान सरकार से कमतर नहीं होता। सड़क, रेल, एयरपोर्ट, पोर्ट, संचार, इंटरनेट, शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, बांध, रोजगार से लेकर खानपान की सुविधा तक सभी सुलभ कराने में हमारे उद्योगपतियों का योगदान अहम है। देश की अर्थव्यवस्था के वही रीढ़ होते हैं। इसलिए मेरा मानना है कि उनकी आलोचना सुधार के लिए होनी चाहिए, विरोध के लिए नहीं। कहीं ऐसा न हो कि अकारण उनको कोसते-कोसते हम अपना अहित कर लें। हम 21 वीं सदी में जी रहे हैं। हमें अपनी सोच बड़ी रखनी होगी। तभी हम विकसित भारत की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं।

## पुष्पा: बागी बनने का आसान फार्मूला



डॉ. सुरेश मिश्रा

पुष्पाः द राइज, एक ऐसी फिल्म जो न केवल भारतीय सिनेमा में एक नया ट्रेंड सेट कर चुकी है, बल्कि हमारे कॉलेज के छात्रों की सोच और उनके व्यवहार पर भी गहरा असर डाल रही है। इस फिल्म ने न केवल बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाई है, बल्कि युवाओं के बीच बागी बनने का एक नया फैशन भी शुरू कर दिया है। चलिए, इस फिल्म के प्रभाव पर एक मजेदार व्यंग्य करते हैं। कॉलेज के पहले दिन ही, छात्रों की फजीहत शुरू हो गई थी। नई सेमेस्टर की शुरुआत में, सभी छात्र एक दूसरे से मिलते हुए अपने बागी अंदाज में घुस आए। उस दिन क्लास में राजू, जो हमेशा लेट आता था, ने फिल्म के एक्शन सीन की नकल करते हुए कहा, "मैं झुकेगा नहीं!" प्रोफेसर शर्मा, जो अंग्रेजी के अध्यापक थे और कक्षा में नियमों के पालन के लिए जाने जाते थे, ने झुंझलाते हुए कहा, "बच्चों, यह क्या बागीपन है? तुम लोगों को पढ़ाई करनी है, फिल्म नहीं देखनी है!" "सर, पढ़ाई तो बोरिंग है। पुष्पा तो बागी बनने का फॉर्मूला सिखाती है!" सीमा ने चुटकी लेते हुए कहा। प्रोफेसर शर्मा ने चश्मे के ऊपर से देखते हुए कहा, "फॉर्मूला? अगर बागी बनने का इतना ही शौक है, तो क्या तुम लोग अपनी किताबों को छोड़कर जंगल में जाकर लकड़ी काटने लगोगे?" राजू ने जवाब दिया, "सर, जंगल में जाने से तो अपनी 'क्लास' भी नहीं मिलेगी। वहाँ तो सब बागी हैं, और हम भी बागी बनकर राज करेंगे!" "अरे भाई, बागी बनना इतना आसान नहीं है। तुम्हें पढ़ाई करनी होगी, नहीं तो एक दिन बागी बनने के चक्कर में तुम खुद को 'पुष्पा' का फॉलोअर बना लोगे!" प्रोफेसर ने हंसते हुए कहा। कक्षा में हंसी का एक ठहाका गूंज उठा। तभी, चंदू, जो हमेशा कुछ नया करने की सोचता था, बोला, "सर, क्या हम पढ़ाई करते हुए बागी बन सकते हैं? जैसे 'पुष्पा' बागी था, वैसे ही हम भी बागी बनकर अच्छे अंक ला सकते हैं!" "बागी बनने से अंक नहीं आते, बच्चों। पढ़ाई करने से आते हैं। और अगर तुम्हें बागी बनने का इतना ही शौक है, तो तुम किताबों को बागी बना दो। पढ़ाई की किताबों में से बागियों का डायलॉग निकालो और एक्शन मूवी की स्क्रिप्ट लिखो!" प्रोफेसर ने व्यंग्य में कहा।

सभी छात्र फिर से हंस पड़े। सीमा ने कहा, "तो क्या हम 'पुष्पा' की तरह किताबों में खुदाई करें? जैसे वह चोरों से लड़ा, हम किताबों में बैठकर पढ़ाई से लड़ेंगे?" "बिल्कुल! और अगर तुम्हें किताबें नहीं मिलेंगी, तो तुम अपने से ज्यादा 'बागी' बन जाओगे," प्रोफेसर ने कहा। फिर राजू ने मजाक में कहा, "सर, अगर हम पढ़ाई नहीं करेंगे, तो क्या हमें भी अपने माता-पिता से भागना पड़ेगा? जैसे 'पुष्पा' अपने परिवार से भागा?" "हाँ, लेकिन ध्यान रखना, जब तुम भागोगे, तो तुम्हारे माता-पिता तुमसे कहेंगे, 'बेटा, पढ़ाई से भागना ठीक नहीं है, लेकिन बागी बनने में कोई बुराई नहीं!'" प्रोफेसर ने मुस्कुराते हुए कहा। इस तरह, छात्रों ने एक-दूसरे से सलाह-मशविरा करना शुरू कर दिया।

## हल्दी आयोग यानी क़ृषि की ठोस नीति

प्रभुनाथ शुक्ल

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने दिल्ली में हल्दी बोर्ड के गठन की घोषणा की है। गंगा रेड्डी को बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है। इससे हल्दी की उन्नतशील खेती में किसानों को जहाँ मदद मिलेगी, दूसरी तरफ वैश्विक बाजार पर भारत का सौ फीसदी कब्जा होगा क्योंकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा हल्दी उत्पादन और ख़पत करने वाला देश है। वैश्विक जरूरत की 70 फीसदी की आपूर्ति भारत करता है। हल्दी के निर्यात को पांच साल में एक बिलियन अमेरिकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। हल्दी हमारे संस्कृति और संस्कार में बसी है। हाथ पीले करने के लिए हल्दी आवश्यक है। हमारे यहाँ हल्दी को शुभ माना जाता है। हमारे यहाँ कोई भी संस्कार बगैर हल्दी के सम्पन्न नहीं होता है। जीवन के आगमन और महाप्रयाण में भी हल्दी का अपना महत्व है। हल्दी आयुर्वेद की सबसे गुणकारी औषधि है यह एंटीबायोटिक भी है लेकिन अब भारतीय हल्दी किसानों के लिए एक अच्छी खबर आयी है। केंद्र सरकार ने हल्दी किसानों की 40 सालों से चली आ रही लबी मांग को मान लिया है। सरकार ने हल्दी आयोग का गठन करने की अधिसूचना जारी कर दी है। बोर्ड का मुख्यालय तेलंगाना के निज़ामबाद में होगा।

देश के हल्दी किसान जहाँ संवृद्ध होंगे, वहीं हल्दी निर्यात में भारत का अपना दबदबा होगा। भारत में सबसे अधिक हल्दी का उत्पादन दक्षिण भारत में होता है। आयोग के गठन से जहाँ हल्दी की नई - नई प्रजातियों का विकास होगा। इसके अलावा हल्दी का क़ृषि क्षेत्र राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक होगा। देश के दूसरे हिस्सों में भी शोध के जरिए जलवायु और मिट्टी की गुणवत्ता से हल्दी की नई प्रजाति का विकास कर इसके उत्पादन को और व्यापक बनाया जा सकता है। इससे जहाँ हल्दी के किसानों की आय दोगुनी होगी, वहीं दुनिया के हल्दी बाजार पर भारत का एकाधिकार होगा।

देश के तक़रीबन 20 राज्यों में हल्दी की खेती व्यापक पैमाने पर होती है। आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और मेघालय जैसे राज्य शामिल हैं। हल्दी बोर्ड अच्छे उत्पादन देने वाली किस्मों का विकास करेगा जिसका लाभ देश के किसानों को मिलेगा। हल्दी से जहाँ कई दवाएं बनती है, वहीं सौंदर्य प्रसाधन में भी हल्दी का प्रयोग होता है।

हमारे जीवन में हल्दी का बहुत उपयोग है। निश्चित रूप से हल्दी बोर्ड सरकार के अन्य मंत्रालयों और विभागों से मिलकर हल्दी के निर्यात की रणनीति बनाएगा। भारत ने बीते साल 2023-2024 में 226.5 मिलियन डॉलर की हल्दी का निर्यात किया। कुल 1.62 लाख टन हल्दी और उससे जुड़े उत्पादों का निर्यात किया गया। बोर्ड के गठन के क़ृषि वैज्ञानिकों के अनुसन्धान से गुणवता परक हल्दी का निर्यात ग्लोबल स्तर पर होगा। भारत को एक टिकाऊ स्पर्धा का बाजार उपलब्ध कराएगा। इससे जहाँ हल्दी का उत्पादन बढ़ेगा, वहीं निर्यात से विदेशी मुद्रा भंडार में भी वृद्धि होगी। सरकार को परम्परागत क़ृषि को संवृद्ध करने के साथ साथ औषधीय खेती और दूसरे क़ृषि उत्पाद पर भी इस तरह के आयोग का गठन करना चाहिए जिसका प्रभाव दुनिया के क़ृषि बाजार पर व्यापक होगा। देश का किसान जहाँ आर्थिक रूप से संवृद्ध होगा और दूसरी तरफ भारतीय क़ृषि उत्पादों का एकाधिकार बढ़ेगा। क़ृषि के वैश्विक बाजार पर पकड़ बनाने के लिए भारत के पास अपार संभावनाएं हैं। अब सरकार किसानों के लिए कितना कुछ कर पाती है, यह उस पर निर्भर है। भारत में गत वर्ष यानी 2023-2024 में 3.05 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में हल्दी की खेती कर 10.74 लाख टन उत्पादन किया गया। हमारे यहाँ हल्दी की तीस प्रजातियों की खेती की जाती है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में 3.24 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हल्दी की खेती की गई थी और इस दौरान उत्पादन 11.61 लाख टन रहा था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वैश्विक हल्दी उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से अधिक है और यहां हल्दी की 30 किस्में उत्पादित की जाती हैं। सरकार को उम्मीद है कि पांच साल यानी 2030 तक हल्दी निर्यात एक बिलियन डॉलर तक पहुँच जाएगा। केंद्र ने हल्दी बोर्ड के गठन की अधिसूचना जारी कर दिया है। दुनिया के हल्दी उत्पादन में भारत अग्रणी है।

यह विश्व के कुल हल्दी उत्पादन का 60 से 70 फीसदी उत्पादन किया जाता है। साल 2022 और 2023 में 380 देशों को हल्दी और उससे जुड़े उत्पादों का निर्यात किया गया जिससे 207.45 मिलियन अमरीकी डॉलर की आय हुईं।

भारत के प्रमुख हल्दी आयातकों में अमेरिका, यूएई, मलेशिया और बांग्लादेश शामिल हैं। हल्दी आयोग का गठन निश्चित रूप से एक खुली पारदर्शी क़ृषि नीति है। हल्दी की खेती करने वालों के लिए एक सुखद परिणाम लेकर आएगी।



# क्यों सुंदरकांड को कहते हैं 'सुंदर' कैसे पड़ा इसका नाम

**सुंदरकांड पाठ से जीवन में सकारात्मकता आती है**

इस सवाल का जवाब जानना आपके लिए बहुत ही रोचक हो सकता है। दरअसल, 'सुंदर' शब्द का प्रयोग इस कांड में बार-बार किया गया है और इसका गहरा संबंध उस समय की घटनाओं से जुड़ा हुआ है, जब हनुमान जी ने लंका जाकर माता सीता से मिलने के बाद रावण के महल को जलाया। यह कांड न सिर्फ हनुमान जी के अद्वितीय साहस का प्रतीक है, बल्कि इसमें दिखाया गया है कि किस तरह सकारात्मकता और भक्ति से असंभव कार्य संभव हो सकते हैं।

रामायण के पांचवे कांड, यानी सुंदरकांड में हनुमान जी की लंका यात्रा का पूरी तरह से वर्णन किया गया है।

इस यात्रा में उन्होंने न सिर्फ सीता जी का पता लगाया, बल्कि रावण के महल को भी जला दिया और यह संदेश दिया कि ईश्वर की शक्ति के आगे किसी भी शत्रु की ताकत टिक नहीं सकती।

यही कारण है कि इस कांड को 'सुंदर' कहा गया है, क्योंकि इसमें सुंदरता की व्याख्या न सिर्फ दृश्य रूप में, बल्कि आंतरिक शुद्धता और साहस के रूप में भी की गई है।

'सुंदरकांड' का नामकरण पौराणिक घटनाओं पर आधारित है, जिनमें हनुमान जी की तरफ से लंका में राक्षसों को हराने, सीता माता को भगवान राम का संदेश देने और रावण के महल को जलाने जैसी वीरताएं शामिल हैं।

इस कांड में हनुमान जी की भक्ति और उनकी शक्ति को पूरी तरह से प्रदर्शित किया गया है, जो इसे एक अद्वितीय स्थान प्रदान करता है।

इस कांड के माध्यम से यह संदेश भी मिलता है कि भगवान की भक्ति और निष्ठा से कोई भी कठिनाई पार की जा सकती है। इसी कारण सुंदरकांड का पाठ न सिर्फ धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि यह मानसिक शांति और आत्मविश्वास का स्रोत भी बनता है। सुंदरकांड का नियमित पाठ करने से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मकता आती है और मानसिक शांति बनी रहती है।

# घर में इन 7 चीजों को रखने से बदलेगी किस्मत

## वास्तु में इन्हें माना जाता है शुभ



वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में कुछ विशेष वस्तुओं को रखने से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है और धन-धान्य की प्राप्ति होती है। वास्तुशास्त्री अंशुल त्रिपाठी के मुताबिक आइए जानते हैं ऐसी वस्तुएं जिन्हें घर में रखने से आती हैं पॉजिटिव एनर्जी।

**लक्ष्मी जी की मूर्ति:** मां लक्ष्मी को धन की देवी माना जाता है। उनकी मूर्ति को घर के पूजा स्थल में रखने से घर में धन का आगमन होता है।

**कुबेर जी की मूर्ति:** कुबेर को धन के देवता कहा जाता है। उनकी मूर्ति को घर के उत्तर-पूर्व दिशा में रखने से धन लाभ होता है।

**शंख:** शंख को शुभ माना जाता है। इसे घर में रखने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है।

**मछली का जोड़ा:** मछली को समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। एक्वेरियम में मछली का जोड़ा रखने से घर में सुख-शांति और समृद्धि आती है।

**हाथी:** हाथी को शक्ति और स्थिरता का प्रतीक माना जाता है। हाथी की मूर्ति को घर के मुख्य द्वार पर रखने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है।



**घर का पौधा:** तुलसी, पीपल, या मौनी पौधे को घर में लगाने से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है।

**क्रिस्टल:** क्रिस्टल को सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। इसे घर में रखने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।

**अन्य सुझाव:**

**घर की साफ-सफाई:** घर को हमेशा साफ-सुथरा रखें। कूड़ा-करकट और पुरानी चीजें घर से हटा दें।

**रंग:** घर की दीवारों को हल्के रंगों से रंगें। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है।

**रोशनी और हवा:** घर में पर्याप्त रोशनी का ध्यान रखें। घर में ताजी हवा का प्रवाह बनाए रखें।

**ध्यान और योग:** नियमित रूप से ध्यान और योग करें। इससे मन शांत रहता है और सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है।

**ध्यान दें:**

वास्तु शास्त्र के अनुसार, इन उपायों को करते समय दिशाओं का विशेष ध्यान रखना चाहिए। किसी भी वास्तु उपाय को करने से पहले किसी जानकार से सलाह लेना बेहतर होता है।

# शनिदेव के लिए काले तिल का दान करने की परंपरा

शुक्रवार, 17 जनवरी को माघ कृष्ण पक्ष की चतुर्थी है, इसका नाम तिल चतुर्थी है। इस दिन तिल से जुड़े धर्म-कर्म करने की परंपरा है। तिल पूजा-पाठ के नजरिए से बहुत ही पवित्र माना जाता है। इसी वजह तिल के बिना पिंडदान नहीं किए जाते हैं। तिल से हवन किए जाते हैं, पूजा-पाठ में देवी-देवताओं को तिल और तिल से बने व्यंजन चढ़ाए जाते हैं। जानिए तिल से जुड़ी खास बातें...

तिल पवित्रता और शुद्धि का प्रतीक है। इसी वजह से पूजा-पाठ में खासतौर पर इसका इस्तेमाल होता है। तिल पितरों को भी विशेष प्रिय हैं, इसीलिए श्राद्ध कर्म, पिंडदान और पितरों के तर्पण कर्म तिल के बिना अधूरे माने जाते हैं। पितरों के लिए तिल का दान भी किया जाता है।

तिल चतुर्थी पर भगवान गणेश को तिल के लड्डू, तिल कूटा का भोग लगाते हैं। अभी ठंड के दिन हैं, इन दिनों में तिल-गुड़ सेवन करने से शरीर को गर्मी मिलती है। इसी वजह से तिल चतुर्थी पर भगवान गणेश को तिल चढ़ाकर इसका सेवन करने की परंपरा है।

भगवान विष्णु और शिव की पूजा में तिल जरूर चढ़ाना चाहिए। पानी में तिल मिलाकर शिवलिंग पर चढ़ाते हैं। तिल-गुड़ के लड्डू का भोग चढ़ाया जाता है। पूजा में तिल के तेल से दीपक जलाए जाते हैं।

ज्योतिष में काले तिल को शनि का प्रिय अन्न बताया गया है। इसी वजह से शनि को काले तिल चढ़ाते हैं। माना जाता है कि ऐसा करने से कुंडली के शनि दोष शांत होते हैं। तिल के तेल से शनि का अभिषेक भी कर सकते हैं। पौष मास और माघ मास में तिल का दान करने की परंपरा है। इन दोनों महीनों में तिल से बने व्यंजन भी खाए जाते हैं। तिल-गुड़े के लड्डू बनाने की परंपरा सबसे ज्यादा प्रचलित है।

माघ मास में पानी में तिल डालकर स्नान किया जाता है। तिल का उबटन लगाते हैं। माना जाता है कि ऐसा करने से त्वचा की चमक बढ़ती है। आयुर्वेद में तिल के औषधीय लाभ बताए गए हैं। तिल की तासीर गर्म होती है और इसके नियमित सेवन से शरीर को ठंड से लड़ने की शक्ति मिलती है।

तिल में कैल्शियम, आयरन, और मैग्नीशियम जैसे पौषक तत्व होते हैं। ये तत्व हमारी हड्डियों को मजबूत करते हैं और जोड़ों के दर्द में राहत देते हैं।

तिल का तेल हमारी त्वचा को मुलायम और बालों को मजबूत करता है। तिल के सेवन से पाचन सुधरता है, कब्ज दूर रहता है।



# पुराने, गंदे या फटे कपड़े पहनने से आती है आर्थिक तंगी?

**कपड़े और ग्रहों का संबंध**

ज्योतिष शास्त्र में माना जाता है कि व्यक्ति का पहनावा उसके ग्रहों पर असर डालता है। विशेष रूप से देव गुरु बृहस्पति और शनि ग्रह का संबंध व्यक्ति के कपड़ों से माना जाता है। यदि आप गंदे, पुराने या फटे कपड़े पहनते हैं, तो ये ग्रह नाराज हो सकते हैं और आपके जीवन में नकारात्मक असर डाल सकते हैं। इससे व्यक्ति के जीवन में आर्थिक समस्याएं, सेहत संबंधी समस्याएं और मानसिक तनाव बढ़ सकते हैं।

**गलत कपड़े पहनने से होने वाली समस्याएं**

**आर्थिक तंगी:** पुराने, गंदे या फटे कपड़े पहनने से आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है। यह ज्योतिष के अनुसार दरिद्रता का कारण बन सकता है, जिससे व्यक्ति के व्यवसाय और आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल असर पड़ता है।

**स्वास्थ्य पर असर:** फटे या गंदे कपड़े पहनने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इससे व्यक्ति की सेहत में गिरावट हो सकती है।

**सामाजिक और पेशेवर जीवन में रुकावटें:** ज्योतिष शास्त्र में यह कहा गया है कि गंदे कपड़े पहनने से व्यक्ति के कार्यक्षेत्र में रुकावटें आ सकती हैं। इसका असर उसकी सफलता और सामाजिक प्रतिष्ठा पर भी पड़ता है।

**कपड़े पहनने के कुछ सामान्य नियम**

**स्वच्छता और साज-सज्जा:** हमेशा साफ और धुले हुए कपड़े पहनने चाहिए। स्वच्छ कपड़े न सिर्फ अच्छे दिखते हैं, बल्कि ये सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करते हैं।

**कपड़ों का चयन शारीरिक बनावट के अनुसार करें:** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, बहुत ढीले या बहुत टाइट कपड़े पहनने से बचना चाहिए। व्यक्ति को अपनी शारीरिक बनावट के अनुसार ही कपड़े पहनने चाहिए, ताकि यह उसके शरीर को आरामदायक महसूस कराए।

**सतर्कता के साथ रंगों का चयन करें:** कपड़ों के रंग का भी महत्वपूर्ण प्रभाव होता है। कुछ रंग व्यक्ति के स्वभाव और ग्रहों पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। उदाहरण के लिए, हलके रंग शांतिपूर्ण होते हैं और गहरे रंग व्यक्ति में आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं।

**कपड़ों का सही तरीके से रख-रखाव**

सिर्फ पहनने का ही नहीं, बल्कि कपड़ों का रख-रखाव भी महत्वपूर्ण होता है। यदि कपड़े सही तरीके से नहीं रखे जाते, तो वे खराब हो सकते हैं, जो नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित कर सकते हैं। हमेशा अपने कपड़ों को अच्छी तरह से इस्त्री करें और सही जगह पर रखें।

## निर्णय लेते समय अहंकार से बचें

**महाभारत में दुर्योधन हर निर्णय निजी स्वार्थ पूरे करने के लिए लेता था। दुर्योधन अहंकारी था, खुद को शक्तिशाली और पांडवों को निर्बल समझता था। स्वार्थ और अहंकार की वजह से ही दुर्योधन ने पांडवों से शत्रुता रखी। इसका नतीजा ये हुआ कि महाभारत युद्ध में पूरे कौरव वंश का नाश हो गया।**

**हमें अपने निर्णय लेते समय अपने साथ ही दूसरों के हित को भी ध्यान में रखना चाहिए। इसके बाद अहंकार जैसी बुराई से भी बचें। किसी को छोटा न समझें। अगर निर्णय में स्वार्थ और अहंकार नहीं होगा तो सफलता जरूर मिलेगी।**

# ये लोग न पहनें कछुआ की अंगूठी



माना जाता है कि कछुए की अंगूठी धारण करने से व्यक्ति को धन लाभ होता है और उसके जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। आज के समय में ज्यादातर लोगों के हाथ में ये अंगूठी देखने को मिल जाती है।

कछुए को सफलता, लग्नशीलता, निरंतरता और शुभता का प्रतीक माना जाता है। इसके साथ ही वास्तु शास्त्र की मान्यता है कि घर में कछुए की मूर्ति रखना शुभ होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कछुआ भगवान विष्णु का 'कच्छप' अवतार है, इसलिए ऐसी मान्यता है कि घर में कछुआ की मूर्ति रखने से बरकत बनी रहती है। इसके अलावा घर में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है। फैशन के दौर में चांदी के कछुए की अंगूठी पहने का भी प्रचलन बढ़ा है। अधिकांश लोग कछुए की अंगूठी पहने नजर आते हैं। ऐसे में ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जानते हैं कि कछुए की अंगूठी किन 4 राशि के लोगों को नहीं पहननी चाहिए।

**इन 4 राशि वालों को नहीं पहननी चाहिए कछुए वाली अंगूठी**

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, कछुए वाली अंगूठी धारण करना शुभ है। हालांकि 4 राशि के लोगों को कछुए की अंगूठी धारण करने से परहेज करना चाहिए। ज्योतिष के अनुसार मेष, कन्या, वृश्चिक और मीन राशि के जातकों को चांदी वाली चांदी की अंगूठी नहीं पहननी चाहिए।

**कछुए वाली अंगूठी पहनने के ये हैं फायदे :** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार कछुए वाली अंगूठी पहनने से जीवन की तमाम समस्याएं दूर होती हैं। इसके साथ ही आत्मविश्वास बढ़ता है और जीवन से नकारात्मकता दूर हो जाती है। पौराणिक कथाओं में भगवान विष्णु के कच्छप अवतार का जिक्र है, इसलिए कछुए को भगवान विष्णु से जोड़ा जाता है और परिवार में सुख, शांति और समृद्धि लाने वाला माना जाता है।

मान्यता है कि इसे पहनने वाले का सोया भाग्य भी जाग जाता है और वो जीवन में बहुत तेजी से तरक्की के दरवाजे खुल जाते हैं। इसके अलावा धन के मार्ग खुलते हैं और तमाम दोष समाप्त हो जाते हैं।

**कछुए की अंगूठी पहनने से जुड़ी कुछ खास बातें**

कछुए की अंगूठी को शुद्ध करने के बाद ही धारण करना चाहिए। कछुए की अंगूठी को शुक्रवार या गुरुवार के दिन पहनना शुभ माना जाता है। कछुए की अंगूठी को सीधे हाथ की तर्जनी या मध्यमा उंगली में पहनना चाहिए। कछुए की अंगूठी चांदी या सिल्वर मेटल की होनी चाहिए। कछुए की अंगूठी को पहनने के बाद इसे घुमाना नहीं चाहिए। कछुए की अंगूठी पहनने से पहले किसी ज्योतिषी की सलाह लेनी चाहिए।

# इंद्रदेव ने दिया था महिलाओं को श्राप

## इस वजह से हर महीने होता है मासिक धर्म?

हमारे धर्म ग्रंथों में ऐसे कई कथाओं का वर्णन मिलता है जिनकी कल्पना भी हम और आप नहीं कर सकते, यह तो हम सभी जानते हैं कि हर महिला को हर महीने मासिक धर्म होता है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार इसका कारण देवराज इंद्र के द्वारा महिलाओं को दिया गया श्राप को बताया गया है। भागवत पुराण के अनुसार एक बार गुरु बृहस्पति इंद्रदेव से नाराज हो गए। जिसका फायदा उठा कर असुरों ने देव लोक पर आक्रमण कर दिया। इसी वजह से इंद्र देव को अपनी गद्दी छोड़ कर भागना पड़ा।

असुरों से खुद को बचाते हुए इंद्रदेव सृष्टि के रचनाकार ब्रह्मा जी के पास पहुंचे और ब्रह्मा जी से मदद मांगने लगे। तब ब्रह्मा जी ने उन्हें सुझाव दिया की, है देवेंद्र इसके लिए तुम्हें एक ब्रह्मज्ञानी की सेवा करनी होगी। यदि वह प्रसन्न हो गए तो तुम्हें स्वर्ग लोग वापस मिल जाएगा। ब्रह्मा जी के कहे अनुसार इंद्रदेव एक ब्रह्मज्ञानी की सेवा करने लगे। लेकिन इंद्रदेव इस बात से अनजान थे कि जिसकी वह सेवा कर रहे थे उस ब्रह्मज्ञानी की माता असुर है। जिसकी वजह से उस ब्रह्मज्ञानी को असुरों से कुछ ज्यादा ही लगाव था। असुरों से लगाव के कारण वह ज्ञानी इंद्रदेव की सारी हवन सामग्री देवताओं के बजाय असुरों को अर्पित कर देते थे। जब इस बात का पता इंद्रदेव को लगा तो उन्होंने क्रोध में आकर उस ज्ञानी की हत्या कर दी। भगवान विष्णु ने ब्रह्मा हत्या के पाप से बचने का सुझाव देते हुए इंद्रदेव को कहा की है देवराज इसके लिए आपको पेड़ भूमि जल और स्त्री में अपना थोड़ा थोड़ा पाप बांटना होगा। साथ में सभी को एक एक वरदान भी देना होगा। भगवान विष्णु के कहे अनुसार देवराज इंद्र ने सबसे पहले पेड़ के पास जाकर उसे अपने श्राप का थोड़ा अंश लेने का अनुरोध किया। तब पेड़ में इंद्रदेव के पाप का एक चौथाई हिस्सा ले लिया। जिसके बदले में इंद्रदेव ने पेड़ को वरदान दिया कि, मरने के बाद स्वयं ही पेड़ अपने आप को जीवित कर सकता है।इसके बाद इंद्र के अनुरोध पर जल ने पाप का कुछ हिस्सा ले लिया बदले में इंद्रदेव ने वरदान के रूप में उसे अन्य वस्तुओं को पवित्र करने की शक्ति प्रदान की। इसी वजह से हिंदू धर्म में जल को पवित्र मानते हुए पूजा पाठ में इस्तेमाल किया जाता है। इसी तरह भूमि ने भी इंद्रदेव के पाप का कुछ अंश स्वीकार कर लिया, जिसके बदले में इंद्रदेव ने भूमि को वरदान दिया की उस पर आई चोटें अपने आप भर जाएगी।

अंत में इंद्र देव के विनती करने पर स्त्री ने इंद्रदेव के पाप का बचा सारा अंश अपने ऊपर ले लिया। जिसके बाद ही महिलाओं को हर महीने मासिक धर्म की पीड़ा सहनी पड़ती है। लेकिन इसके बदले में इंद्रदेव ने महिलाओं को वरदान दिया की महिलाएं पुरुषों की अपेक्षा काम का आनंद ज्यादा ले पाएगी। और तभी से महिलाएं मासिक धर्म के रूप में ब्रहम हत्या का पाप झेल रही है।

# ज्ञान से ही प्रगति एवं विकास संभव

**संजीव ठाकुर**

मनुष्य के जीवन में प्रेम तथा ज्ञान दोनों ही अत्यंत आवश्यक एवं उत्प्रेरक अंग है। प्रेम भावनात्मक तत्व है, जो मनुष्य को इंसान बनाता है, संवेदना और मानवता को जागृत करता है। ज्ञान की उत्कंठा या तार्किक क्षमता मनुष्य को निरंतर प्रगति की ओर ले जाती है। मनुष्य के जीवन में ज्ञान ही उसे मानवता के उत्कृष्ट शिखर पर ले जाता है, वह मनुष्य को पशुत्व से अलग रखता है। मनुष्य ज्ञान की अनुभूति के कारण ही मुस्कुराता हंसता है, जबकि जानवर इसके अभाव में मूक बना रहता है, हंसता,मुस्कुराता नहीं है, इसलिए मुस्कुराइए, हंसीये, प्रेम करिए और ज्ञान प्राप्ति की ओर उन्मुख होते रहिए, तब ही जीवन सार्थक हो सकता है। प्रेम के बिना ज्ञान और अध्ययन मनुष्य को मशीन बना देता है। प्रेम और ज्ञान की अलग-अलग मीमांसा की गई है। प्रेम, ज्ञान की अपेक्षा अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि प्रकृति में अधिक घुल मिलकर आधारभूत तत्व तो बनाता है ही,बल्कि प्रेम प्रत्येक जीव में विद्यमान होता है। परस्पर एक दूसरे की भाषा नासमझ पाने वाले जीव भी एक दूसरे से प्रेम की भाषा द्वारा मधुर संवाद कर सकते हैं। प्रेम सभी प्रकार के माननीय बंधनों से परे है।

जबकि ज्ञान प्राप्ति को मानवता में परम स्थान दिया गया है। प्राचीन भारतीय दर्शन एवं संस्कृति ने ज्ञान की महत्ता को महिमामंडित किया है और ज्ञान की प्राप्ति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति के लिए एक आधारभूत कारण भी बताया है। किसी मशीन अथवा कंप्यूटर को किसी भी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं होती वह मनुष्य द्वारा दिए गए निर्देशों का केवल पालन करता है। मनुष्य को प्रेरणा की आवश्यकता होती है ताकि वह ज्ञान प्राप्ति का साधन बन सके और यह प्रेरणा प्रेम द्वारा ही मिलती है,जिससे वह प्रेम करता है। उसके लिए निरंतर सहायता व लाभ देने का प्रयास ज्ञान द्वारा ही करता है। ज्ञान बिना प्रेम के निरंकुश भी हो सकता है और समाज को हानि भी पहुंचा सकता है, किंतु प्रेम से युक्त ज्ञान का उपयोग वैश्विक मानव कल्याण के लिए किया जाता रहा है। इतिहास में अनेक महापुरुषों ने अपने प्रेम, करुणा, ज्ञान से लोगों के जीवन क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं, और इतिहास की धारा को भी सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाया है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के जननायक महात्मा गांधी जी का जीवन भी प्रेम रोग ज्ञान का अद्भुत संयोजन था,उनका अहिंसा और सत्याग्रह मानव मात्र वह विश्व के प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण है, इसके द्वारा उन्होंने संपूर्ण मानवता को प्रेम पूर्वक जीने का महान संदेश दिया है। गांधीजी के सिद्धांतों में हिंसा का कोई स्थान नहीं था। वह अन्यायी व्यक्ति का प्रेम द्वारा हृदय परिवर्तन में विश्वास रखते थे, उनका कहना था कि 'पाप से घृणा करो पापी से नहीं' फल स्वरुप उन्होंने अपने प्रेम से भारतीय जनमानस के हृदय जीत लिया और अपने ज्ञान को तर्कशक्ति से अंग्रेजों को भारतीय जनमानस के सामने झुकने पर मजबूर कर दिया और हमने स्वतंत्रता प्राप्त की। महात्मा बुद्ध ने अपने जीवन में अंगुलिमाल डाकू का हृदय परिवर्तन कर उसे महात्मा बना दिया था,उन्होंने ज्ञान व प्रेम के द्वारा उसका हृदय परिवर्तन कर दिया था। इसी तरह जब ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया तब उन्होंने स्वयं को सूली पर चढ़ाने वालों के लिए ईश्वर से यही प्रार्थना कि' ईश्वर इन्हें माफ कर देना इनको नहीं पता कि यह क्या करने जा रहे हैं'। इस तरह उन्होंने मानवता के सामने अपने प्रेम को ज्ञान का जो उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया हुआ अत्यंत दुर्लभ है आज संपूर्ण विश्व में प्रभु यीशु के अनुयायियों की संख्या सर्वाधिक है। भगवान श्रीराम ने प्रेम में वशीभूत होकर ही शबरी के जूठे बेर भी खा लिए थे, जबकि श्री राम सर्वाधिक ज्ञान में आदर्श मनुष्य थे।

एक अच्छे और सार्थक जीवन के लिए प्रेम तथा ज्ञान दोनों का संबंध एवं समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू हैं। अकेला ज्ञान तथा अकेला प्रेम सदैव सार्थक नहीं हो सकता है। रावण ज्ञानी पुरुष था किंतु विध्वंस कारी भी था उसने प्रेम के अभाव में सिर्फ ज्ञान के चलते अपने कुल को नष्ट करवा दिया था। प्रेम तथा ज्ञान के सदुपयोग से अच्छे जीवन का पथ प्रदर्शन भी किया जा सकता है। इससे हम केवल परिवार व्यक्ति या समाज ही नहीं बल्कि राष्ट्र के स्तर पर भी आत्मसात कर राष्ट्र को वैश्विक महानता की ओर ले जा सकते हैं। वर्तमान में हम संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप सामाजिक जीवन को सफलतापूर्वक संचालित करने में सक्षम है।

# बॉस लेडी लुक में नजर आईं हिना खान, पिंक पेंटसूट में दिखाया स्वैग



हिना खान एक बार फिर अपने लुक्स को लेकर सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं. लेटेस्ट तस्वीरों में उनका बॉस लेडी लुक देखने को मिला है. टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस हिना खान बहुत जल्द वेब सीरीज 'गृह लक्ष्मी' में नजर आने वाली हैं. इन दिनों एक्ट्रेस इसका जमकर प्रमोशन कर रही हैं. इसी बीच उन्होंने बॉस लेडी लुक में अपनी कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर की. जो अब काफी वायरल हो रही हैं. हिना खान ने ये तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं. जिसमें वो एक बार फिर ग्लैमरस लुक में देखने को मिलीं. हिना इन तस्वीरों में पिंक पेंटसूट में नजर आ रही हैं. हर तस्वीर में एक्ट्रेस का एक अलग अंदाज देखने को मिल रहा है. हिना ने अपना ये लुक शॉर्ट कर्ली हेयर और गोल्डन ज्वेलरी के साथ पूरा किया है. एक्ट्रेस का ग्लोसी मेकअप उनके लुक में चार चांद लगा रहा है.

हिना खान ने तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा कि, 'अरे तुम, घूरना बंद करो..' एक्ट्रेस की तस्वीरों पर फैंस खूब प्यार लुटा रहे हैं.

बता दें कि बीते दिन एक्ट्रेस अपने सीरीज 'गृह लक्ष्मी' की टीम के साथ सिद्धिविनायक मंदिर में आशीर्वाद लेने पहुंची थी. हिना खान इस वक्त ब्रेस्ट कैंसर के दर्द से गुजर रही हैं. एक्ट्रेस का इलाज चल रहा है. ऐसे में भी वो लगातार काम जारी रखे हुए है. हिना एक्टिंग के अलावा एड शूट के जरिए भी मोटी कमाई करती हैं. एक्ट्रेस की सोशल मीडिया पर भी तगड़ी फैन फॉलोइंग है.

# सैफ पर हुआ हमला हम सभी के लिए वेकअप कॉल है : करिश्मा तन्ना



सैफ अली खान के साथ उनके मुंबई के बांद्रा स्थित आवास पर हुए हादसे पर अभिनेत्री करिश्मा तन्ना ने प्रतिक्रिया देते हुए चिंता जाहिर की है। चर्चित अदाकारा का कहना है कि यह घटना सभी के लिए एक वेकअप कॉल है। उन्होंने अपने घर की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी बात की। साथ ही सैफ अली खान के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। करिश्मा तन्ना, सैफ और करीना की पड़ोसी हैं।

### बोलीं- मैं भी अपनी सिक्योरिटी से बात करती हूं

करिश्मा तन्ना रोजाना की तरह आज भी जिम गईं। इस दौरान उन्हें पैपराजी ने स्पॉट किया। अभिनेत्री से पैप्स ने सैफ के साथ घटी घटना का जिक्र किया। इस पर करिश्मा तन्ना ने कहा, 'हां, मुझे पता है। बहुत बुरा लग रहा है। यह सभी के लिए वेकअप कॉल है। यह सच में बहुत खराब बात है। दुख हो रहा है। मैं भी अपनी सिक्योरिटी से बात करती हूं। मेरी कामना है कि सैफ अली खान जल्दी स्वस्थ हों'। यह वीडियो विरल भियानी ने अपने इंस्टा अकाउंट से शेयर किया है।

### अन्य सितारों ने भी जताया दुख

करिश्मा तन्ना के अलावा कई और सितारों ने भी इस घटना पर चिंता जाहिर की है। अभिनेता चिरंजीवी ने सैफ अली खान पर हुए हमले की निंदा की। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'सैफ अली खान पर एक घुसपैठिये द्वारा किए गए हमले की खबर से बेहद व्यथित हूं। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना और प्रार्थना करता हूं।' इसके अलावा रवि किशन ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'यह दुखद है। वह मेरे दोस्त और साथी कलाकार हैं। मुंबई पुलिस जांच कर रही है और चोर पकड़ा जाएगा। मैं उनके ठीक होने की प्रार्थना करता हूं।'

सैफ की टीम ने जारी किया बयान अभिनेता सैफ अली खान की सेहत पर उनकी टीम ने आधिकारिक बयान जारी किया। उन्होंने कहा, 'सैफ अली खान सर्जरी से बाहर आ गए हैं और खतरे से बाहर हैं। फिलहाल उनकी हालत में सुधार है और डॉक्टर उनकी प्रगति पर नजर रख रहे हैं। परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित हैं और पुलिस घटना की जांच कर रही है।'

# 22 साल की अनुष्का सेन पर फिसली हर किसी की नजर



अनुष्का सेन टीवी इंडस्ट्री की सबसे फेमस एक्ट्रेस हैं। यंग एक्ट्रेस बचपन से ही शोबिज की दुनिया का हिस्सा रही हैं। बॉग ब्यूटी ने कुछ ही समय में लोकप्रियता हासिल कर ली और उन्हें टीवी पर कुछ बहुत बड़े प्रोजेक्ट मिले जो उनके करियर में काफी बड़े साबित हुए। अनुष्का सेन अक्सर अपनी खूबसूरत फोटोज शेयर करती हैं और ये सोशल मीडिया पर धमाल भी मचाती हैं। उन्होंने हाल ही में कुछ हसीन तस्वीरें शेयर की हैं।

एक्ट्रेस ने अब तक 'यहां मैं घर-घर खेली', 'देवों के देव...महादेव', 'बालवीर', 'इंटरनेट वाला लव', 'झांसी की रानी' और 'अपना टाइम भी आएगा' जैसे शोज में काम किया है। अनुष्का ने 'क्रैश', 'स्वांग' और 'दिल दोस्ती दुविधा' जैसी वेब सीरीज में भी जबरदस्त काम से लोगों का दिल जीता है।

### अनुष्का सेन ने मचाई खलबली

एक्ट्रेस एक सोशल मीडिया स्टार हैं और इंस्टाग्राम पर उनके 39.9 मिलियन फॉलोअर्स हैं। खैर, इंस्टाग्राम पर अनुष्का की नई तस्वीरों ने इंटरनेट पर धूम मचा दी हैं। एक्ट्रेस नीली बिकिनी में पूल में अच्छा समय बिताते हुए बेहद खूबसूरत लग रही हैं। अनुष्का इस बिकिनी लुक को पूरी तरह से फ्लॉन्ट कर रही हैं।

### देश को अनुष्का सेन पर गर्व

भारत की सबसे होनहार युवा एक्ट्रेसेस में से एक अनुष्का सेन लगातार धूम मचा रही हैं। हाल ही में, उन्हें दिल्ली में आयोजित भारत-कोरिया पार्टनरशिप बिजनेस फोरम में सम्मानित किया गया, जहां उन्होंने भारत का तिरंगा लहराया। यह सम्मान भारत और साउथ कोरिया के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और संबंधों को मजबूत करने के लिए है। अनुष्का लगातार देश का सम्मान बनकर खड़ी हैं।

# 'सलमान के अटेंशन के लिए कंटेस्टेंट करते हैं लड़ाई' घर से बेघर होकर तिलमिलाईं शिल्पा शिरोडकर

अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर बिग बॉस 18 के ग्रैंड फिनाले की प्रबल दावेदार थीं , लेकिन शो खत्म होने से ठीक चार दिन पहले शो में उनका सफर खत्म हो गया। टॉप 6 में जगह बनाने के बाद शिल्पा शो से बाहर हो गईं। सबसे कम वोट मिलने के बाद आर्ट डायरेक्टर ओमंग कुमार ने उन्हें बाहर निकाला। विवियन डीसेना, करणवीर मेहरा, ईशा सिंह, रजत दलाल, चुम दरंग और अविनाश मिश्रा अब शो के फाइनलिस्ट हैं।

### अपने सफर को बताया बेहतरीन

अपने एलिमिनेशन से दुखी होने के बावजूद शिल्पा ने इसे अपने जीवन का सबसे अच्छा सफर बताया। स्क्रीन के साथ एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में बिग बॉस 18 की प्रतियोगी ने शो में अपने अनुभवों के बारे में बात की। अपने सफर के बारे में बात करते हुए शिल्पा ने कहा, "हमें पता था कि हफ्ते के बीच में ही एविक्शन होने वाला है, लेकिन मुझे नहीं पता था कि मैं एविक्ट हो जाऊंगी। शो के अंत में आप किसी भी चीज को लेकर शांत नहीं हो सकते।

### विवियन के साथ अपने बदले रिश्ते पर बोलीं शिल्पा

शिल्पा ने आगे कहा, "मैंने अपने जीवन का सबसे बेहतरीन सफर तय किया। मैं शो में बहुत अलग था।" उन्होंने विवियन डीसेना के साथ अपने बदले हुए रिश्ते पर कहा, "मुझे नहीं पता कि विवियन और मेरे बीच क्या गलत हुआ, वह अविनाश के साथ बहक गया। करणवीर के साथ मेरा रिश्ता ठीक रहा, बावजूद इसके कि लोग हर हफ्ते



उसे बताते थे कि मैं उसे तोड़ रही हूं।

### मीडिया के सवाल का नहीं दे पाए जवाब

विवियन के साथ अपने रिश्ते को लेकर शिल्पा ने आगे कहा कि अगर रिश्ते में एक व्यक्ति दूसरे पक्ष को नहीं देखना चाहता है और सिर्फ एक पक्ष पर विश्वास करता है, तो उससे दूर चले जाना ही सबसे अच्छा है। उन्होंने कहा, "मुझे नहीं पता कि कन्फेशन रूम में क्या हुआ, हमें नूरन और उसकी बातचीत के बारे में मीडिया से पता चला। मीडिया के चले जाने के बाद, पूरा सवाल उसके इर्द-गिर्द घूमता रहा कि उसने मुझे और करण को क्यों परेशान किया। यहां तक कि जब मीडिया ने उससे सवाल पूछे, तो उसके पास देने के लिए कोई जवाब नहीं था।

### भाईजान के अटेंशन के लिए प्रतियोगी करते हैं लड़ाई

घर से बाहर होने के बाद शिल्पा शिरोडकर ने बताया कि सलमान खान का ध्यान खींचने के लिए प्रतियोगी लड़ाई करते हैं ताकि वीकेंड के वार पर उन्हें लेकर बात की जाए और वह शो में लाइमलाइट में आ सकें।

# महेश को इस हॉलीवुड स्टार्स से किया कंपेयर

महेश बाबू और एसएस राजामौली की आगामी फिल्म एसएसएमबी29 को लेकर लगातार जानकारी आ रही है। इसी बीच फिल्म संगीतकार थमन एस ने महेश बाबू के लुक की तुलना इस हॉलीवुड स्टार से की है।

### थमन एस का खुलासा

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जब एक इंटरव्यू के दौरान थमन से आगामी फिल्म एसएसएमबी 29 के बारे में कुछ बताने के लिए कहा गया तब उन्होंने कहा कि फिल्म में विश्व स्तर पर 1000 करोड़ रुपये से अधिक का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन जुटाने की क्षमता रखती है।

थमन ने महेश बाबू के साथ पहले फिल्म गुंटूर करम में काम किया था। उन्होंने सुपरस्टार की फैन फॉलोइंग और दर्शकों को फिल्म से क्या उम्मीदें हैं, इस बारे में बात की। साथ ही थमन ने महेश के बारे में एक बहुत ही खास प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "अगर जेम्स बॉन्ड हॉलीवुड का गौरव है, तो महेश बाबू टॉलीवुड के समकक्ष हैं।

### महेश बाबू के साथ जमेगी किसकी जोड़ी

इस साल जनवरी में महेश बाबू और एसएस राजामौली ने एक पूजा समारोह के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू करने के लिए एक साथ आए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एसएस राजामौली ने कथित तौर पर फिल्म के लिए मुख्य महिला किरदार को फाइनल कर लिया है और यह कोई और नहीं बल्कि प्रियंका चोपड़ा जोनस हैं, जो महेश बाबू के साथ टीम में शामिल होंगी।



### फिल्म एसएसएमबी29

एसएसएमबी 29 एक एक्शन तेलुगु फिल्म है, जिसका निर्देशन एस.एस.राजामौली ने किया है। फिल्म की स्टार कास्ट में महेश बाबू मुख्य भूमिका में हैं। संगीत एम.एम. केरावनी ने दिया है। फिल्म का निर्माण एम.एम. केरावनी ने किया है। फिल्म एसएसएमबी29, 14 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। साउथ निर्देशक एसएस राजामौली और सुपरस्टार महेश बाबू की फिल्म का अस्थायी शीर्षक नाम एसएसएमबी 29 रखा गया है। वहीं फिल्म की शूटिंग बोर्रा गुफाओं और विजाग में भी शूट की गई हैं।

# ऑनलाइन लीक होने के बाद लोकल टीवी पर टेलिकास्ट हुई गेम चेंजर, बौखलाए निर्माता, की एक्शन की मांग



10 जनवरी 2025 को रिलीज होने वाली शंकर निर्देशित राम चरण और कियारा आडवाणी की फिल्म 'गेम चेंजर' फिलहाल बॉक्स ऑफिस पर धमाल नहीं मचा पा रही है और हाल ही में स्थिति तब और खराब हो गई जब फिल्म पायरेटेड वेबसाइट पर लीक हो गई। रिलीज होने के कुछ ही दिनों बाद एक लोकल टीवी चैनल ने अवैध रूप से फिल्म का प्रसारण किया, जिससे निर्माता श्रीनिवास कुमार नाराज हो गए ।

### लोकल टीवी पर प्रसारित हुई गेम चेंजर

अवैध टीवी प्रसारण के स्क्रीनशॉट तेजी से ऑनलाइन वायरल हो रहे हैं, जिस पर निर्माता श्रीनिवास कुमार नायडू ने सोशल मीडिया पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि इस तरह की चीजें बहुत ही गलत है। उनके ट्वीट में लिखा है, यह गलत है। 4-5 दिन पहले रिलीज हुई एक फिल्म का लोकल केबल चैनलों और बसों पर प्रसारण होना गंभीर चिंता का विषय है। सिनेमा सिर्फ हीरो, निर्देशक या निर्माता के बारे में नहीं है। यह 3-4 साल की कड़ी मेहनत और हजारों लोगों के सपनों का परिणाम है।

### टीवी प्रसारण से भड़के निर्माता

निर्माता ने यह भी बताया कि पायरेसी न केवल फिल्म निर्माताओं के प्रयासों को कमजोर करती है, बल्कि डिस्ट्रीब्यूटर्स और प्रदर्शकों की आजीविका को भी खतरे में डालती है, जो फिल्मों की सफलता पर निर्भर रहते हैं। श्रीनिवास कुमार ने इस जारी मुद्दे के समाधान के लिए, सरकारी अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई की मांग की, और इंडस्ट्री में सभी से सिनेमा के बेहतर भविष्य के लिए एकजुट होने का आग्रह किया।

### अभिनेता ने प्रशंसकों का किया धन्यवाद

बात करें गेम चेंजर की तो भले राम चरण की इस फिल्म की कमाई में काफी कमी आई है, लेकिन तेलुगु अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का सपोर्ट करने के लिए प्रशंसकों का धन्यवाद दिया है।

### इन सितारों से सजी है फिल्म

शंकर द्वारा निर्देशित 'गेम चेंजर' एक राजनीतिक थ्रिलर है, जिसकी कहानी कार्तिक सुब्बाराज ने लिखी है। फिल्म में राम चरण, कियारा आडवाणी, अंजलि, एसजे सूर्या, श्रीकांत, जयराम और नवीन चंद्रा अहम भूमिकाओं में हैं।

# अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया का बॉलीवुड 'डेब्यू'

बॉलीवुड में जल्द एक और स्टार किड की एंट्री होने वाली है। इस स्टार किड का नाम सिमर भाटिया है। वह अक्षय कुमार की बहन अलका भाटिया की बेटी है, यानी रिश्ते में सिमर अक्षय की भांजी हुई। सिमर फिल्म 'इक्कीस' से अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा के साथ डेब्यू करने जा रही है। अक्षय ने हाल ही में न्यूज पेपर में छपी एक खबर का स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसमें कई स्टारकिड्स नजर आ रहे हैं, जिनमें एक सिमर भाटिया भी है। अक्षय ने सिमर भाटिया की उस पोस्ट में तारीफ की और उसे आशीर्वाद भी दिया।



अक्षय ने सोशल मीडिया पर लिखा, मुझे याद है पहली बार मैं ने अपनी फोटो न्यूजपेपर के कवर पर देखी थी तो वह मेरे लिए एक अलग ही खुशी थी लेकिन मुझे पता है कि जब अपने बच्चे की तस्वीर उसी जगह देखो तो वह खुशी हर चीज से बढ़कर होती है। काश ऐसा होता कि मॉम आज यहां होतीं और वह कहना चाहतीं सिमर पुत्तर तू तां कमाल है। तुम्हें आशीर्वाद देता हूं मेरे बच्चे सिमर भाटिया, आसमान तुम्हारा है।

रिपोर्ट्स के अनुसार अक्षय की बहन अलका ने साल 1997 में वैभव कपूर से शादी की थी। बाद में सिमर का जन्म हुआ। हालांकि कुछ वक्त बाद अलका और वैभव एक-दूसरे से अलग हो गए थे।

# बिना शादी के 'मां' बनेगी सोमी अली

पाकिस्तानी मूल की बॉलीवुड अभिनेत्री सोमी अली एक वक्त सलमान खान के साथ रोमांस करने को लेकर चर्चा में थी लेकिन इन दिनों वह सलमान के खिलाफ बयानबाजी के लिए सुर्खियों में रहती है। हर दूसरे दिन वह सलमान के खिलाफ बयान देती और लोगों का ध्यान आकर्षित करती रहती है।


कहते हैं कि एक वक्त था जब वह सलमान के साथ घर बसाना और उसके साथ बच्चे पैदा करना चाहती थी लेकिन ब्रेकअप के बाद घर बसाने का उसका सपना टूट गया था।

हालांकि, अब एक बार फिर से उसके दिल में मां बनने के अरमान पैदा हुए हैं लेकिन वह किसी के साथ घर नहीं बसाने वाली। सोमी ने बताया है कि वह भारत के किसी गांव से एक बच्ची गोद लेना और उसका पालन-पोषण करना चाहती है।

सोमी ने अपने ताजा इंटरव्यू में कहा है कि उसका भारत से काफी गहरा रिश्ता है और उसके पूर्वज भारत-पाकिस्तान बंटवारे से पहले इसी जमीन पर रहते थे। ब्रिटिश सरकार ने हिन्दुस्तान के दो भाग करके यहां की जनता को अलग कर दिया लेकिन उनकी भावनाओं को नहीं बदल पाए।

### बच्ची का नाम भी सोच लिया

सोमी का कहना है कि उसने भारत से गोद ली जाने वाली बच्ची का नाम भी सोच लिया है। सोमी ने कहा, "मेरी बेबी गर्ल भारत के एक गांव से होगी, जिसका नाम मलाला अली होगा। मलाला को मैं हिन्दी फिल्में दिखाऊंगी और वह आर्यन खान (शाहरुख खान का बेटा) के बेटे की दीवानी होगी।




पाकिस्तानी बॉलीवुड अभिनेत्री सोमी अली

उसने बताया कि उसने पहले कभी घर बसाने और बच्चे पैदा करने के बारे में क्यों नहीं सोचा। उसने कहा, "पहले मैं 'यंग एज' की प्रॉब्लम (शादी को हल्के में लेने की समस्या) से घिरी थी। फिर जब मेरे मन में मां बनने की इच्छा जागी तब हीरोइन बनने के सपने ने मुझे इन चीजों से दूर रखा और फिर मुझे वास्तविकता का एहसास हुआ। दरअसल, हर परीकथा की एक लाइफ होती है। अगर वे गलतियां या दुर्घटनाएं नहीं होतीं तो हम ऐसा क्यों कहते ?

अब मेरे पास सिर्फ पूरी तरह से बदलाव लाने का आत्मविश्वास है, बल्कि यह साबित करने का भी कि नफरत का कारण कभी नागरिक नहीं हो सकते हैं। हमारे पास सोनू सूद जैसे एक्टर उदाहरण हैं जो कि समाज की भलाई का काम करने में जुटे हैं।

## 'अभिनय' से डर लगता था : श्वेता नंदा बच्चन



अमिताभ बच्चन ने अपने बेटे अभिषेक बच्चन और बेटी श्वेता बच्चन नंदा के बीच कभी भेद नहीं किया बल्कि कइयों का कहना है कि आज भी अपने परिवार में बेटी से ही उन्हें सबसे अधिक लगाव है। 82 वर्षीय अमिताभ की बेटी श्वेता 50 वर्ष की हो चुकी हैं। 1997 में श्वेता ने रणबीर कपूर के कजिन (बुआ के बेटे) निखिल नंदा से शादी की थी। इस रिश्ते से वह रणबीर की भाभी हुईं। श्वेता और निखिल के दो बच्चे बेटी और बेटा अगस्त्य हैं।

श्वेता के करियर की बात की जाए तो वह एक जाने-माने न्यूज चैनल में बतौर जर्नलिस्ट काम कर चुकी हैं। श्वेता ने बताया था कि वह माता- पिता और भाई की तरह अभिनय जगत में क्यों नहीं आईं।

श्वेता बचपन में अक्सर मां (जया बच्चन) के साथ फिल्मों के सैट पर जाया करती थीं। हालांकि, मां और पापा के बिजी शैड्यूल की वजह से उन्होंने उनके साथ बेहद कम समय ही बिताया। श्वेता के अनुसार, मैंने स्कूल समय में कुछ नाटकों में काम किया था, यह सोच कर कि मैं भी अभिनय या गायन में कोशिश करूं, पर मेरे लिए यह कुछ खास नहीं रहा। स्कूल के एक प्ले में मैंने हवाईयन गर्ल (हवाई द्वीप की लड़की) का किरदार निभाया था। लंबी रिहर्सल के बाद मैं यह किरदार निभाने को तैयार थी लेकिन क्लाइमैक्स छायाः आर.टी. चावला में मैं अपना शॉट भूल गई और वह मेरे लिए बेहद खराब अनुभव रहा। बस उसके बाद से स्टार्ट, साऊंड, कैमरा, एक्शन... ये मेरे लिए बेहद डरावने शब्द बन गए।

कुछ समय पहले अमिताभ और जया ने जुहू स्थित बंगला 'प्रतीक्षा' बेटी श्वेता के नाम कर दिया था। 16,840 वर्ग फुट में बने बंगले को श्वेता के नाम ट्रांसफर करते हुए इसकी कीमत 50.63 करोड़ रुपए दिखाई गई। अमिताभ के पास मुंबई में तीन बंगले हैं। वह जुहू में परिवार के साथ दूसरे बंगले 'जलसा' में रहते हैं। तीसरे बंगले का नाम 'जनक' है।

श्वेता के पति निखिल नंदा बिजनैसमैन हैं लेकिन श्वेता अधिकतर समय अपने बच्चों के साथ मुंबई में रहती है। श्वेता अपने ससुराल और पति से दूर जरूर हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि उन्होंने अपने पति से तलाक ले लिया है या उनसे किसी तरह की कोई दिक्कत है। दरअसल, श्वेता और उनके पति निखिल नंदा अलग-अलग प्रोफैशन से आते हैं, जिसके चलते दोनों को अलग-अलग रहना पड़ रहा है। श्वेता के संबंध अपने माता-पिता और ससुराल वालों, दोनों के साथ अच्छे हैं।

### एमराल्डो स्कैम में नेहा कक्कड़ की गिरफ्तारी की खबरें अफवाह

## हथकड़ी लगाए हुए पुलिस के साथ जाती हुईं सिंगर की तस्वीरें एआई जेनेरेटेड



सोशल मीडिया पर लगातार खबरें आ रही थी कि पॉपुलर सिंगर नेहा कक्कड़ को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनकी गिरफ्तारी की तस्वीरें भी काफी वायरल हो रही हैं। खबरें ये भी आ रही हैं कि एक्ट्रेस को एमराल्डो स्कैम मामले में गिरफ्तार किया गया है। हालांकि असल में ये सभी खबरें महज अफवाह हैं।दरअसल वायरल हो रहीं तस्वीरें एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के इस्तेमाल से बनाई गई हैं। तस्वीर में नेहा कक्कड़ के हाथों में हथकड़ी लगी दिख रही है, जबकि वो रोती हुई नजर आई हैं। ये एक फेक तस्वीर है, जिसमें महिला के चेहरे में नेहा का चेहरा मोर्फ किया गया है।नेहा कक्कड़ की गिरफ्तारी की खबर एक फर्जी वेबसाइट से शुरू हुई थी। वेबसाइट के सोशल मीडिया पेज पर फर्जी न्यूज लिंक के साथ उनकी गिरफ्तारी की तस्वीर पोस्ट की गई थी। साथ ही लिखा गया था कि सिंगर का करियर अब खत्म हो गया है।बताते चलें कि नेहा कक्कड़ इन दिनों अपने नए म्यूजिक वीडियो के चलते सुर्खियों में हैं। उनका गाना मून कॉलिंग 14 जनवरी को रिलीज किया गया है, जिसमें वो गुर सिंधू के साथ नजर आई हैं। नेहा कक्कड़ ने बीते दिन अपने सोशल मीडिया पेज के जरिए गाना रिलीज होने की अनाउंसमेंट की है। कई सोशल मीडिया यूजर्स का माना है कि गिरफ्तारी की खबरें महज पब्लिसिटी स्टंट हैं, क्योंकि इससे पहले भी अजीबो-गरीब पब्लिसिटी के चलते नेहा कक्कड़ कई बार सुर्खियों बटौर चुकी हैं।

## बोल्डनेस के कारण तृप्ति को 'आशिकी 3' से नहीं निकाला

फिल्म आशिकी 3 से तृप्ति डिमरी को निकाले जाने पर अब डायरेक्टर अनुराग बसु ने अपना रिएक्शन दिया है। उन्होंने साफ किया कि तृप्ति को फिल्म से उनकी बोल्डनेस के कारण नहीं निकाला गया है। यह बात खुद तृप्ति को भी पता है। दरअसल, कुछ रिपोट्र्स में दावा किया जा रहा था कि फिल्म से तृप्ति को उनकी बोल्ड इमेज के चलते बाहर किया गया है।

**सोशल मीडिया पर हो रही बातें झूठी- अनुराग**

मिड डे से बातचीत के दौरान जब अनुराग बसु से पूछा गया कि क्या फिल्म की डिमांड लीड



एक्ट्रेस की मासूमियत के कारण तृप्ति को फिल्म से निकाला गया

है। इस पर अनुराग बसु ने कहा, 'नहीं, यह सच नहीं है। तृप्ति को भी यह बात पता है।'

दरअसल, कुछ मीडिया रिपोट्र्स में दावा किया जा रहा था कि फिल्म एनिमल में जोया के किरदार के बाद तृप्ति डिमरी की बोल्ड इमेज बन गई है। दूसरी ओर आशिकी 3 के लिए मेकर्स को एक ऐसी एक्ट्रेस की तलाश थी जो दिखने में मासूम हो। जबकि अपनी कुछ फिल्मों के कारण तृप्ति ने अपनी मासूमियत खो दी है। इस वजह से वह रोल के लिए फिट नहीं मानी गईं और उन्हें फिल्म से बाहर कर दिया गया।

**फिल्म के लिए नई एक्ट्रेस की तलाश जारी**

बताते चलें कि तृप्ति डिमरी के फिल्म आशिकी 3 से बाहर होने के बाद फिलहाल नई हीरोइन का नाम सामने नहीं आया है। रिपोट्र्स की मानें तो मेकर्स अभी भी हीरोइन की तलाश में हैं और फिल्म की शूटिंग को कुछ समय के लिए टाल दिया गया है।

**इन फिल्मों नजर आ चुकी हैं तृप्ति डिमरी**

तृप्ति डिमरी एनिमल, भूल भुलैया 3, कला, बुलबुल, बैड न्यूज और विक्की विद्या का वो वाला वीडियो जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

## रंगमंच ने जीवन को दी नई दिशा : अदिति पोहनकर

गत वर्ष फिल्म' स्टार' में नजर आई अदिति पोहनकर ने 'शी' तथा 'आश्रम' जैसी वैब सीरीज से खूब लोकप्रियता पाई है। फिल्मों और दैव सीरीज में अभिनय करने से पहले अदिति के पास थिएटर पानी रंगमंच पर काम करने का काफी अनुभव था। रंगमंच के अपने अनुभवों पर बात करते हुए अदिति ने बताया, सात साल तक एक मेहनती स्टेट लेवल की एथलीट होने के बाद मैंने 14 या 15 साल की उम्र में खेल छोड़ दिया और थिएटर करना शुरू कर दिया। इस बदलाव का कारण काफी अप्रत्याशित था।

ऐसा हुआ कि जब मैं अपनी 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा दे रही थी, तो मेरी मां ने कहा कि वह मेरे पोस्टर होडिंग पर देखना चाहती हैं। शायद उनका मतलब या कि यह मुझे कोचिंग सेंटरों द्वारा लगाए जाने नाले होर्डिंग्स पर स्कूल टॉपर के रूप में देखना चाहती थीं। मुझे तब ठीक से समझ नहीं आया कि उनका क्या मतलब था।

मुझे यह कहने के 3 दिन बाद ही उन्होंने



दुनिया छोड़ दी। उनके शब्द मेरे साथ रहे और मैंने एक ऐसा रास्ता अपनाने का फैसला किया जो मुझे उनकी इच्छा पूरी करने में मदद करता।

मैं पृथ्वी थिएटर गई और नाटककार, अभिनेता व निर्देशक मकरंद देशपांडे से मिली।

उन्होंने मुझे जो पहली बात बताई वह यह थी कि मुझे बहुत मेहनत करनी होगी और मैंने अपना दिल और आत्मा थिएटर में लगा दी। एक तरह से, इसने मुझे अपने दुख को समझने में मदद की और मुझे बहुत राहत मिली क्योंकि मैं तब तक नहीं जानती थी कि मेरे साथ जो हुआ था, उसे कैसे व्यक्त किया जाए।

मैं एक बच्ची थी जिसने अपनी मां को खो दिया था और सैंकड़ों लोगों के सामने प्रदर्शन करने में सक्षम होना मेरे लिए एक तरह से राहत देने वाला अनुभव था। मुझे लगा कि मंच पर मेरी चात सुनी जा रही है, जबकि जीवन में, मैं सिर्फ एक श्रोता थी। मुझे लगता है कि मैंने जो मुख्य रूप से इससे सीखा, यह है भावनाओं को एक हथियार में बदलना।

## मुझे डांस ने दिलाई कामयाबी : नोरा फतेही



कहते हैं कि हर सफलता के पीछे एक संघर्ष की कहानों जरूर होती है। यह संघर्ष ही व्यक्ति को अपने सपने पूरा करने में मदद करता है। अब बॉलीवुड की 'डांसिंग क्वीन' नोरा फतेही को ही ले लीजिए। आज भाले हो उसके पास 'नेम' (नाम) और 'फेम' (लोकप्रियता) दोनों हों, लेकिन एक दौर ऐसा भी था जब उसे भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

मोरा ने इस पर बात करते हुए कहा, मेरे परिवार में कुछ दिक्कत थी और इसीलिए मैं और मेरा भाई बिल्कुल अकेले हो गए थे। हम दोनों को अकेले जीना था। मैंने कभी भी काम नहीं किया था। उस वक्त मेरे पास में न तो कोई घर था और न ही पैसे। मेरे ऊपर सभी जिम्मेदारियां थीं और तब मुझे समझ नहीं आ रहा था कि मैं क्या करूं। फिर मैंने बैली डांस करना शुरू किया। इवेंट्स और वैडिग्स में काम किया। मैं बहुत मेहनत करती थी और दिन में कई बार तीन-तीन शो करने पड़ते थे। फिर भी मैंने हार नहीं मानी। अगर मेरे जीवन में बैली डांस नहीं होता तो मैं अपने सपनों को पूरा करने के लिए भारत नहीं आ पाती।

नोरा की बात सुन कर इतना साफ है कि उसके जीवन में 'बैली डांस' ने ही उसे रोजी और रोटी दिलाई है। नोरा ने एक इंटरव्यू में बताया था कि वह एक पारम्परिक कट्टर अरब परिवार से हैं, इसलिए उसे कभी डांस सीखने की इजाजत नहीं थी लेकिन वह घर पर अपने कमरे में ही ग्रुप कर डांस की प्रैक्टिस करती थी और फेमस हस्तियों के डांस तोडियो देखती थी तथा उन्हों को फॉलो करते-करते नोरा आज डांसिंग दीवा बन गई है। बता दें कि एक्ट्रैस, मॉडल, डांसर और सिंगर नोरा एक मोरक्कन इस्लामिक अरवी परिवार से तालुक रखती है। वह कनाडा में पैदा हुई और वहाँ की रहने वाली है। हालांकि, कई इंटरव्यूज में नोरा फतेहों कह चुकी है कि वह दिल से एक भारतीय है।

वाह बॉलीवुड से लेकर साऊथ की फिल्मों में अपने डांस नंचर्स से लोगों को दीवाना बनाती रहती है। नोरा 2015 में रियलिटी शो 'बिग बॉस सीजन 1' में दिखाई दी थी। इसके बाद वह 2016 में रियलिटी डांस शो 'झलक दिखला जा' में नजर आई। नोरा को फिल्म' सत्यमेव जयते' के ' दिलबर 'सॉन्ग से काफी पॉपुलैरिटी मिली थी। इस सॉन्ग ने रिलीज के पहले 24 घंटों में ही यूट्यूब पर 20 मिलियन व्यूज का रिकॉर्ड बनाया था।

**लॉस एंजल्स की आग में फंसी नोरा**

नोरा ने बताया है कि लॉस एंजल्स में लगी आग के कारण उसे और उसकी टीम को होटल खाली करने के लिए कहा गया था। काम के लिए अमरीका गई नोरा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर जंगल की आग की एक झलक सांझी की और प्रशंसकों और फॉलोअर्स के साथ अपने अनुभव को साझा किया। वीडियो में गोरा बहती है, मैं एल.ए. में हूं और जंगल में लगी आग बहुत भयानक है। मैंने ऐसा पहले कभी नहीं देखा। यह सच में भयानक है। हमें पांच मिनट पहले ही यहां से निकलने का आदेश मिला है, इसलिए मैंने जल्दी से अपना सारा सामान पैक किया और मैं यहां से निकल रही हूं। मैं एयरपोर्ट के पास जाऊंगी और वहां आराम करूंगी क्योंकि आज मेरी फ्लाइट है और मुझे उम्मीद है कि मैं इसे पकड़ पाऊंगी। मुझे उम्मीद है कि इसे रह नहीं किया जाएगा क्योंकि यह सब डरावना है। मैं आप लोगों को अपडेट रखती रहूंगी। मुझे उम्मीद है कि लोग सुरक्षित हैं, मैंने पहले कभी ऐसा कुछ नहीं देखा।

**मशहूर हस्तियों के घर हुए खाक**

लॉस एंजल्स में लगी भीषण आग ने सैकडों घरों को नष्ट कर दिया है, और इनमें जेमी ली कॉर्टर, मैंडी मुर, पैरिस हिल्टन, एडम बाँडी, यूजीन लेवी, एंथनी हॉपकिन्स, बिली क्रिस्टल, माइल्स टेलर, केली टेलर और अभा फारिस जैसों हॉलीवुड की कुछ बड़ी हस्तियों के घर भी शामिल हैं।

**फिटनेस सीक्रेट**

बॉलीवुड की फिटनेस आइकॉन के रूप में भी मशहूर हो चुकी नौरा न केवल अपने डांस मूव्स, बल्कि अपनी फिटनेस स्टीन को लेकर भी हमेशा चर्चा में रहती है। पर क्या आपको पता है, उसकी फिटगैस का सीक्रेट क्या है। हाल ही में उसने खुलासा किया कि एक चोट ने उसे फिटनैस पर ज्यादा फोकस करने के लिए प्रेरित किया। उसने कहा कि अब वह जिम में और भी ज्यादा मेहनत करती है।

## इन दिनों भारतीय क्रिकेटर संग राशा थडानी की डेटिंग की अफवाहें



'किसी डिस्को में जाएं, किसी होटल में खाएं, चलो इश्क लड़ाएं' गाना भले ही रवीना टंडन पर फिल्माया गया हो लेकिन इन दिनों यह गाना उसकी बेटी राशा थडानी पर बड़ा सटीक बैठ रहा है। दरअसल, इन दिनों राशा के अफेयर की चर्चाएं तेज हो गई हैं।

ऐसी खबरें आ रही हैं कि राशा इन दिनों एक भारतीय क्रिकेटर को डेट कर रही है। उसकी डेटिंग की अफवाहें तब शुरू हुई थीं, जब टीम इंडिया के इस क्रिकेटर ने उसे सोशल मीडिया पर फॉलो किया और उसकी तस्वीरें लाइक कीं। राशा के साथ जिस क्रिकेटर का नाम जुड़ रहा है, वह है स्पिनर गौतम यादव।

खबरें ये भी हैं कि दोनों गुपचुप डेटिंग कर रहे हैं। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी इन खबरों की पुष्टि या खंडन नहीं किया है, जिससे ये अफवाहें प्रशंसकों के बीच चर्चा का विषय बन गई हैं। सोशल मीडिया पर फैंस भी अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने कहा है कि फिल्म रिलीज से पहले, राशा इश्क लड़ाने लगी है। वैसे सच्चाई क्या है, यह बहुत जल्द चल ही तो पता जाएगा। हालांकि, इसी बीच उसकी एक और तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें वह पढ़ाई और अभिनय दोनों एक साथ करते हुए नजर आ रही है। अभिनेत्री ने बताया था कि आने वाले दस दिनों में उसके बोर्ड एग्जाम शुरू होने वाले हैं।

मां से मिली सीख कहते हैं पूत के पांव पालने में ही दिखाई दे जाते हैं। फिल्म 'आजाद' से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही राशा इस फिल्म के गाने 'उई अम्मा' से चर्चा में आ गई है। राशा का यह आइटम सॉन्ग जहां सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है, वहीं दूसरी ओर उसने अपनी बातों से लोगों का दिल जीत लिया है।

फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए राशा ने मां रवीना से मिली एक अहम सीख का जिक्र करते हुए कहा, मम्मी ने मुझे भगवद् गीता में कृष्ण जी की यह बात सिखाई थी कि आप बस कड़ी मेहनत करते रहो, अपना बैस्ट दो और फिर जो भी होता है, वह भगवान के ऊपर है। इस इंडस्ट्री में बहुत इमोशनल उतार-चढ़ाव होते हैं, लेकिन अगर आप खुद पर ध्यान देंगे और मेहनत करेंगे, तो शिवजी जो करेंगे, वह आपकी सफलता के लिए करेंगे।



# एनएच पर कार के लिए बनेगा मंथली और एनुअल टोल पास!

## सरकार की नई प्लानिंग

पुणे,16 जनवरी (एजेंसियां)। आपके पास कार या कोई अन्य मोटरगाड़ी है तो आपके लिए यह महत्वपूर्ण खबर है। सरकार आपकी सुविधा के लिए मंथली और एनुअल या वार्षिक टोल फीस की चुकाने की व्यवस्था पर काम कर रही है। इसका खुलासा खुद केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने किया है। ऐसा होने पर पास बनवाने वाले अनलिमिटेड जर्नी की सुविधा ले सकेंगे।

**क्या कहा गडकरी ने**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को बैरियर लेस टोलिंग इन इंडिया विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर निजी वाहनों के लिए टोल संग्रह हेतु मासिक और वार्षिक पास शुरू करने पर विचार कर रही है। ऐसा इसलिए, क्योंकि कुल टोल संग्रह में निजी वाहनों का योगदान केवल 26 फीसदी ही है।

**गांवों से बाहर होंगे टोल बूथ**

इस दौरान गडकरी ने बताया कि टोल कलेक्शन बूथ गांवों के बाहर स्थापित किए जाएंगे, ताकि ग्रामीणों की आवाजाही में बाधा न आए। मंत्री ने कहा, टोल रेवेन्यू का 74 प्रतिशत हिस्सा वाणिज्यिक वाहनों से आता है। हम निजी वाहनों के लिए मासिक या वार्षिक पास शुरू करने पर विचार कर रहे हैं।

**सेटेलाइट से ली जाएगी मदद**

गडकरी ने बताया कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर फास्टैग के साथ एक अतिरिक्त सुविधा के रूप में बैरियर-लेस ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम -आधारित टोल संग्रह प्रणाली को शुरू में लागू करने का निर्णय लिया है। मंत्री ने कहा, ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम - आधारित टोल संग्रह प्रणाली वर्तमान टोल संग्रह प्रणाली से बेहतर होगी।



**पायलट स्टडी हो चुकी है**

पिछले साल जुलाई में गडकरी ने कहा था कि कर्नाटक में एनएच-275 के बेंगलुरु-मैसुरु खंड और हरियाणा में एनएच-709 के पानीपत-हिसार खंड पर जीएनएसएस-आधारित यूजर्स फीस संग्रह प्रणाली के संबंध में एक पायलट स्टडी की गई थी। इस कदम का उद्देश्य टोल बूथों पर टैफिक की भीड़ और वेटिंग टाइम को कम करना है। यह प्रणाली राजमार्गों पर यात्रा की गई सटीक दूरी के लिए यात्रियों से शुल्क भी लेगी।

**टोल प्लाजा पर कितना है वेटिंग टाइम**

साल 2018-19 के दौरान, टोल प्लाजा पर वाहनों के लिए एवरेज वेटिंग टाइम 8 मिनट था। साल 2020-21 और 2021-22 के दौरान एफएएस टैग्स की शुरुआत हुई। इसी के साथ, वाहनों का टोल प्लाजा पर औसत प्रतीक्षा समय 47 सेकंड तक कम हो गया।

# डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण के गवाह बनेंगे टेक महारथी, एलन मस्क से सुंदर पिचाई तक होंगे शामिल

नई दिल्ली, 16 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के बारे में मशहूर है कि दुनिया पर दबदबा बनाए रखने में उसकी टेक्नोलॉजी का बड़ा हाथ है। ऐसे में जब अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का 20 जनवरी को शपथ ग्रहण समारोह होने जा रहा है, तो इसमें टेक्नोलॉजी की दुनिया के बड़े-बड़े महारथी भी शामिल होने जा रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव जीतने के बाद ही ऐलान कर दिया था कि उनकी सरकार में एक 'डिपार्टमेंट ऑफ गवर्ननेंस एफिशिएंसी' बनाया जाएगा। इसके प्रमुख टेस्ला के सीईओ एलन मस्क होंगे। ऐसे में एलन मस्क का डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होना लाजिमी है, लेकिन टेक महारथियों की ये संख्या सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं रहने वाली है।जहां एक तरफ डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण की तैयारियां अंतिम दौर में हैं, वहीं इसमें शामिल होने वाले अतिथियों के नाम भी अब सामने आने लगे हैं। डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में एआई का जलवा दिखने वाला है, मतलब है कि चाटजीपीटी, एलेक्सा और जेमिनी जैसे एआई मॉड्यूल बनाने वाली कंपनियों के सीईओ या चीफ इस समारोह में शिरकत करने जा रहे हैं।ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक एलन मस्क के अलावा इस समारोह में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, मेटा या फेसबुक के सीईओ मार्क जुकरबर्ग, ओपनएआई के सीईओ सैम अल्टमैन, एमेजॉन के फाउंडर जेफ बेजॉस, उबर के सीईओ दारा खुसरोशाही और टिकटॉक के सीईओ शो जी च्यू शामिल होने वाले हैं।अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह के लिए 20 करोड़ डॉलर (करीब 1,730 करोड़ रुपए) का फंड जुटाया गया है। मेटा और अमेजन जैसी कंपनियों ने इस कार्यक्रम के लिए 10 लाख डॉलर देने का ऐलान किया है।

# 8वें वेतन आयोग के गठन का रास्ता साफ

## मोदी सरकार के इस फैसले का क्या है मतलब?

नई दिल्ली,16 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को 8वें वेतन आयोग के गठन का रास्ता साफ कर दिया है। इससे एक करोड़ से ज्यादा केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स को फायदा होगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह बहुप्रतीक्षित घोषणा की। इस आयोग से वेतन, भत्ते, पेंशन और अन्य लाभों में संशोधन की उम्मीद है। यह आयोग 2026 तक बनने की उम्मीद है, क्योंकि 7वें वेतन आयोग की सिफारिशें 2025 के अंत में समाप्त हो रही हैं। 7वें वेतन आयोग की सिफारिशें जनवरी 2016 में लागू हुई थीं।

**क्या करेगा 8वां वेतन आयोग?**

8वां वेतन आयोग कर्मचारियों के वेतन ढांचे की समीक्षा करेगा। इसमें महंगाई, आर्थिक स्थिति और कर्मचारी कल्याण जैसे पहलुओं पर विचार किया जाएगा। यह आयोग सरकारी कर्मचारियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए हर 10 साल में गठित किया जाता है। पिछले आयोगों ने वेतनमान, भत्ते और पेंशन को समय के साथ बदलती आर्थिक परिस्थितियों के अनुसार समायोजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वैष्णव ने कहा, '1947 से अब तक सात वेतन आयोग गठित किए जा चुके हैं। आखिरी आयोग 2016 में लागू हुआ था। चूंकि 7वें वेतन आयोग का कार्यकाल 2026 में समाप्त हो रहा है, इसलिए 2025 में प्रक्रिया शुरू करने से सिफारिशें प्राप्त करने




और उनकी समीक्षा करने के लिए पर्याप्त समय मिल जाएगा।'

**कितनी बढ़ जाएगी सैलरी?**

8वां वेतन आयोग फिटमेंट फैक्टर को 2.57 से बढ़ाकर 2.86 करने का प्रस्ताव रख सकता है। इससे न्यूनतम मूल वेतन 51,480 रुपये हो जाने की संभावना है। इस तरह के कदम से कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति पर बड़ा प्रभाव पड़ सकता है। उनकी खर्च करने की क्षमता बढ़ सकती है। 2014 में गठित और 2016 में लागू 7वें वेतन आयोग ने कई महत्वपूर्ण बदलाव किए। इसने वेतन बैंड को सरल वेतन मैट्रिक्स से बदल दिया। न्यूनतम मासिक वेतन 18,000 रुपये कर दिया गया। शीर्ष सरकारी अधिकारियों के लिए अधिकतम मासिक वेतन 2.5 लाख रुपये तय हुआ। इसने फिटमेंट फैक्टर को भी 2.57 तक बढ़ा दिया, जिससे मूल वेतन में अच्छी बढ़ोतरी हुई। फिटमेंट फैक्टर एक मल्टीपल है जिसका इस्तेमाल वेतन आयोग के तहत सरकारी कर्मचारियों के संशोधित मूल वेतन कैलकुलेशन के लिए किया जाता है।

# अचानक क्यों बंद हो गया हिंडनबर्ग

## अडानी को कराया था 100 अरब डॉलर का नुकसान

नई दिल्ली, 16 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग ने अपने कामकाज को बंद करने का फैसला किया है। हिंडनबर्ग वही कंपनी है जिसने 2023 में भारतीय अरबपति गौतम अडानी की कंपनियों के खिलाफ नेगेटिव रिपोर्ट जारी की थी। इन रिपोर्ट्स के आने के बाद शेयर बाजार में अडानी की कंपनियों को काफी नुकसान उठाना पड़ा था। वही अडानी ग्रुप ने हमेशा ही हिंडनबर्ग के आरोपों को खारिज किया। अडानी ग्रुप के खिलाफ आई हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद शुरुआती दौर में गौतम अडानी को नुकसान उठाना पड़ा था, लेकिन कुछ समय बाद अडानी ग्रुप की कंपनियों ने इस नुकसान की भरपाई कर ली। वहीं हिंडनबर्ग फर्म के संस्थापक नैट एंडरसन ने अपनी फर्म को बंद करने के



फैसले पर कहा कि हिंडनबर्ग ने अपने टारगेट अचीव कर लिए हैं।

**हिंडनबर्ग क्यों हुई बंद?**

हिंडनबर्ग के संस्थापक एंडरसन ने एक निजी नोट में इसे बंद करने की वजह का विस्तार से जवाब दिया है, उन्होंने बताया कि हिंडनबर्ग ने अपने टारगेट पूरे कर लिए हैं। उन्होंने आगे कहा कि हिंडनबर्ग को बंद करने की प्लानिंग काफी समय से चल रही थी, जिसमें हमें एक पोंजी स्कीम की जांच पूरी करनी थी।एंडरसन ने हिंडनबर्ग को शुरुआत के बारे में बताते हुए कहा कि, जब हिंडनबर्ग शुरू की गई थी। तब संसाधन और पैसे दोनों का अभाव था, लेकिन समय के साथ हिंडनबर्ग ने सभी मुश्किलों का सामना किया। एक किस्सा शेयर करते हुए उन्होंने बताया कि जब हिंडनबर्ग शुरू हुई थी। तब उसके ऊपर तीन मुकदमे हुए थ, जिस वजह से उनके पास जो भी पैसे थे वो सब खत्म हो गए। ऐसे समय में लॉयर ब्रायन वुड ने उनकी काफी मदद की।

अब सवाल उठता है कि हिंडनबर्ग के बंद होने के बाद टीम के सदस्य क्या करेंगे। जानकारी के अनुसार हिंडनबर्ग की टीम में 11 सदस्य थे, जो अब अपनी फाइनेंशियल रिचर्स फर्म खोलने पर विचार कर रहे हैं।

अपने समापन भाषण में, एंडरसन ने अपनी पत्नी, परिवार, दोस्तों और पाठकों को उनके अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

# देश में खलबली के बाद अब विदेश में तहलका मचाने की तैयारी में मुकेश अंबानी

नई दिल्ली,16 जनवरी (एजेंसियां)। रिलायंस इंडस्ट्रीज अब विदेशों बाजारों में भी कोक और पेप्सी को कड़ी टक्कर देने की तैयारी में है। रिलायंस मध्य पूर्व में कैंपा कोला लॉन्च करने की योजना बना रही है। यह ग्रुप के कोला ब्रांड के लिए पहला एक्सपोर्ट डेस्टिनेशन है। कैंपा कोला ने सस्ती कीमत और हाई ट्रेड मार्जिन से देश के कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक बाजार में कोका-कोला और पेप्सिको की हालत खराब कर रखी है। माना जा रहा है कि कंपनी मिडिल-ईस्ट के बाजार में भी यह रणनीति अपना सकती है। रिलायंस की वहां ऐसे समय एंट्री हो रही है जब वहां अमेरिकी प्रॉडक्ट्स के बॉयकॉट की मांग उठ रही है। इसकी वजह यह है कि गाजा में इजरायल की कार्रवाई को अमेरिका का समर्थन हासिल है। सूत्रों का कहना है कि भारत से कैंपा कोला की खेप पहले ही बहरीन के रिटेल स्टोर्स तक पहुंच चुकी है। कंपनी चरणबद्ध तरीके से ओमान और सऊदी अरब में भी अपना विस्तार करेगी। रिलायंस पूरे मध्य पूर्व में कैंपा बेचना चाहती है और उसने वहां के मार्केट की थाह लेना शुरू कर दिया है। गर्मियों से पहले उपलब्धता को धीरे-धीरे बढ़ाया जाएगा। रिलायंस की एफएमसीजी कंपनी रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स सऊदी अरब और यूएई जैसे देशों में कैंपा की बॉटलिंग के लिए लोकल पार्टनरशिप की भी



संभावना तलाश रही है। फिलहाल वह भारत से कैंपा कोला का आयात करेगी। एफएमसीजी ने ईमेल से पूछे गए सवाल का जवाब नहीं दिया। सूत्रों के मुताबिक रिलायंस को उम्मीद है कि मिडिल ईस्ट में स्थानीय लोगों अमेरिकी उत्पादों के बहिष्कार के आह्वान से उसे फायदा होगा। हाल में आई कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि कई खाड़ी देशों में कोका-कोला और पेप्सिको की बिक्री प्रभावित हुई है क्योंकि वहां के ग्राहक स्थानीय कोला या अन्य देशों के ब्रांड की ओर रुख कर रहे हैं। रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी ग्रुप के एफएमसीजी और रिटेल बिजनस को लीड कर रही हैं। कंपनी की एजीएम में उन्होंने कहा था कि ग्रुप की योजना कैंपा को एशिया और अफ्रीका से शुरू करके वैश्विक स्तर पर ले जाने की है। एक सूत्र ने कहा कि मध्य पूर्व में एक बॉटलिंग बेस से रिलायंस को अफ्रीका में आसानी से प्रवेश करने में मदद मिलेगी। इसकी वजह यह है कि मिडिल ईस्ट से अफ्रीका नजदीक पड़ता है। नुवामा की एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय उपभोक्ता कीमत को लेकर काफी संवेदनशील है।

# स्टॉक गुरु विजय केडिया ने एलएंडटी सुब्रमण्यन की ऐसे ली मौज़




नई दिल्ली,16 जनवरी (एजेंसियां)। एलएंडटी के चेयरमैन एस.एन. सुब्रह्मण्यन ने एक सप्ताह में 90 घंटे तक काम करने की वकालत की थी। पिछले सप्ताह उन्होंने यह कहकर बहस छेड़ दी थी, 'मुझे खेद है कि मैं आपको रविवार को काम नहीं करवा पा रहा हूं।'

इस असंवेदनशील बयान ने सोशल मीडिया पर बड़ी बहस छेड़ दी है। इस बहस में कई उद्योगपतियों ने भी अपनी राय साझा की है। अब इस बहस में शेयर बाजार के बड़े खिलाड़ी विजय केडिया भी कूद पड़े हैं। उन्होंने इस मसले पर बड़े ही मजाकिया अंदाज में ट्वीट किया है।

**क्या कहा था एस.एन. सुब्रमण्यन ने**

एलएंडटी के चेयरमैन एस.एन. सुब्रमण्यन ने कहा 'मुझे खेद है कि मैं आपको रविवार को काम नहीं करवा पा रहा हूं।' उन्होंने यह भी कहा था कि वे अपनी पत्नी को कितनी देर तक घूर सकते हैं। आप घर पर बैठकर क्या करते हैं? आप अपनी पत्नी को कितनी देर तक घूर सकते हैं? पत्नियां अपने पतियों को कितनी देर तक घूर सकती हैं? दफ़्तर जाओ और काम करना शुरू करो।

**विजय केडिया ने भी मौज़ ली है**

शेयर मार्केट के एक्सपर्ट विजय केडिया भी इस मुद्दे पर मज़ाकिया अंदाज़ में बोल पड़े हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 'आज दफ़्तर में एक दिल को छू लेने वाला पल था।' 'हमारे बॉस ने अभी-अभी एक लेम्बोर्गिनी खरीदी है! हम उन्हें बधाई देने के लिए एकत्र हुए, और उनके शब्दों ने हमें वास्तव में प्रेरित किया: 'इस उपलब्धि के लिए आप सभी का धन्यवाद। आपके बिना, यह संभव नहीं होता। आपके अथक 90-घंटे के सप्ताह ने इस लेम्बोर्गिनी को वास्तविकता बना दिया। आज, मैं आप सभी से वादा करता हूँ......यदि आप इसी तरह कड़ी मेहनत करते रहेंगे, तो मैं अगले साल एक और खरीदूंगा!

# गिफ्ट सिटी की तर्ज पर महाराष्ट्र में 'इनोवेशन सिटी'

## बैंक धोखाधड़ी मामले में ईडी की छापेमारी

नई दिल्ली, 16 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र गुजरात के गिफ्ट सिटी की तर्ज पर 'इनोवेशन सिटी' स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को इसका एलान किया।प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 6,000 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में गुरुवार को कोलकाता और हावड़ा में तीन अलग-अलग स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। उन्होंने बताया कि एक व्यवसायी के आवास और कार्यालय पर तलाशी ली गई। अधिकारी ने कहा, मामले की जांच के दौरान हमें कई फर्जी कंपनियों और एजेंसियों का पता चला, जो कथित तौर पर अपराध में शामिल थीं। यह व्यक्ति ऐसी ही एक एजेंसी का निदेशक है और हम धोखाधड़ी के संबंध और धन की हेराफेरी का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान चला रहे हैं। दिसंबर में ईडी ने इस मामले में कॉनकास्ट स्टील एंड पावर के प्रमोटर संजय सुरेका को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने उनके पास से 1,000 करोड़ रुपये जब्त किए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को स्टार्टअप इंडिया की नौवीं वर्षगांठ पर इसे एक बदलाव लाने वाला कार्यक्रम बताते हुए कहा कि इस पहल ने भारत को वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े और सर्वाधिक जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्रों में से एक बना दिया है।उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक पहल है, जिसने नवाचार, उद्यमशीलता और विकास को नए सिरे से परिभाषित किया है।

उन्होंने इस कार्यक्रम को अपने दिल के बहुत करीब बताया और कहा कि यह युवा सशक्तीकरण को आगे बढ़ाने का एक शक्तिशाली तरीका बनकर उभरा है। उन्होंने एक्स पर कहा, ₹पिछले नौ वर्षों में, इस परिवर्तनकारी कार्यक्रम ने अनगिनत युवाओं को सशक्त बनाया है, और उनके नवीन विचारों को सफल स्टार्टअप में बदला है।

# सोना 500 रुपये बढ़कर 81300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा, चांदी 2300 रुपये उछली

नई दिल्ली, 16 जनवरी (एजेंसियां)। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार आभूषण और खुदरा विक्रेताओं की ताजा खरीदारी और रुपये में गिरावट के बीच दिल्ली में गुरुवार को सोना 500 रुपये की तेजी के साथ दो महीने के उच्चतम स्तर 81,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। बुधवार को यह बहुमूल्य धातु 80,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 500 रुपये बढ़कर 80,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। चांदी भी इस दौरान 2,300 रुपए बढ़कर 94,000 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। जबकि बुधवार को इसका भाव 91,700 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। इस



बीच, एमसीएक्स पर गुरुवार को वायदा कारोबार में फरवरी डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 297 रुपये या 0.38 प्रतिशत बढ़कर 79,007 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। एलकेपी सिक्योरिटीज के कमोडिटी व करेंसी के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा, रुपये के कमजोर होने से एमसीएक्स पर सोना 79,000 रुपये से ऊपर कारोबार कर रहा है।गुरुवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 16 पैसे कमजोर होकर 86.56 (अनंतिम) पर बंद हुआ, विदेशों में मजबूत अमेरिकी मुद्रा, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी पूंजी निकासी के कारण इसमें गिरावट आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मार्च डिलीवरी चांदी का भाव 654 रुपये यानी 0.7 प्रतिशत बढ़कर 93,510 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना वायदा 19.70 डॉलर प्रति औंस या 0.72 प्रतिशत बढ़कर 2,737.50 डॉलर प्रति औंस हो गया।इसके अलावा, जतिन त्रिवेदी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स सोने में तेजी अमेरिकी सीपीआई डेटा के जारी होने के बाद आई। अमेरिका में दिसंबर में उम्मीदों के अनुरूप रहा। हालांकि, उम्मीद से कम कोर सीपीआई ने सोने की कीमतों को अतिरिक्त समर्थन दिया।

# सेंसेक्स 318 अंक की तेजी के साथ 77,042 पर बंद : निफ्टी भी 98 अंक चढ़ा,बीएसई स्मॉल कैप में 735 अंक की बढ़त रही

मुंबई,16 जनवरी (एजेंसियां)। सेंसेक्स आज यानी 16 जनवरी को 318 अंक की तेजी के साथ 77,042 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 98 अंक की तेजी रही, ये 23,311 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉल कैप 735 अंक की तेजी के साथ 52,308 के स्तर पर बंद हुआ।सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में तेजी और 10 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 33 में तेजी और 17 में गिरावट रही। जबकि, एक शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में पीएसयू बैंकिंग सेक्टर सबसे ज्यादा 2.55% के बढ़त के साथ बंद हुआ।

**आज एशियाई बाजारों में तेजी रही**

एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.33% की बढ़त रही। कोरिया के कोस्पी में 1.23% और चीन के शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स में 0.28% की तेजी देखने को मिली।



एनएसई के डेटा के अनुसार, 15 जनवरी को विदेशी निवेशकों ने 4,533 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 3,682 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। 15 जनवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 1.65% की तेजी के साथ 43,221 पर बंद हुआ। एस एंड पी 500 इंडेक्स 1.83% ऊपर 5,949 बंद हुआ। जबकि नैस्डैक इंडेक्स में 2.45% की तेजी रही।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य • उत्तरायणे • ऋतु • शिशिर
महावीर निर्वाण संवत् •2051,हिजरी सन् •1444
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426875
सूर्योदय - 06-53
सूर्यास्त. -17-59
कलियुग संवत् •5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् •1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125
दिशाशूल •• पश्चिम • दही खाकर घर से निकले
तिथि- चतुर्थी . 05-30 तक उपरान्त पंचमी
मास • माघ कृष्ण , शुक्रवार 17 January
नक्षत्र • मघा 12-44 तक उपरान्त पूर्वाफाल्गुनी
योग • सौभाग्य 00-56 तक उप शोभन
करण- बव 16-43 तक उप बालव
विशेष:- संकष्ट - तिल चतुर्थी
व्रत •त्योहार • चन्द्रोदय - रात्रि 21-30

| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | मकर | मे | मकर... | 06-41 बजे |
| चंद्र- | सिंह | मे | कुंभ... | 08-32 बजे |
| मंगल | कर्क | मे | मीन... | 10-10 बजे |
| बुध- | धनु | मे | मेष... | 11-46 बजे |
| गुरु- | वृष | मे | वृष... | 13-31 बजे |
| शुक्र- | कुंभ | मे | मिथुन | 15-32 बजे |
| शनि- | कुंभ | मे | कर्क.. | 17-43 बजे |
| राहु- | मीन | मे | सिंह... | 19-56 बजे |
| केतु- | कन्या | मे | कन्या... | 22-03 बजे |
| | | | तुला.... | 00-08 बजे |
| | | | वृश्चिक.. | 02-17 बजे |
| | | | धनु...... | 04-31 बजे |

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 11:02 से 12:26 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चंचल | 06:53 - 08:15 | शुभ | रोग. | 17:59 - 19:38 | अशुभ |
| लाभ | 08:15 - 09:39 | शुभ | काल | 19:38 - 21:14 | अशुभ |
| अमृत. | 09:39 - 11:02 | शुभ | लाभ. | 21:14 - 22:50 | शुभ |
| काल. | 11:02 - 12:26 | अशुभ | उत्पात | 22:50 - 00:26 | अशुभ |
| शुभ . | 12:26 - 13:50 | शुभ | शुभ. | 00:26 - 26:02 | शुभ |
| रोग . | 13:50 - 15:14 | अशुभ | अमृत. | 02:02 - 27:39 | शुभ |
| उत्पात | 15:14 - 16:38 | अशुभ | चंचल | 03:39 - 29:15 | शुभ |
| चंचल | 16:38 - 17:59 | शुभ | रोग | 05:15 - 06:53 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आज आप खरीदारी सम्बन्धी किसी ऑफर या लाटरी तिच्क्त खरीदने का जोखिम उठा सकते हैं । आपका भाग्य आपके साथ है ,इसलिए जीतने का अच्छा मौका आपके पास रहेगा । स्थिति आपसे अपने दृष्टिकोण पर दृढ बने रहने की अपेक्षा कर सकती है । आपकी चुप्पी को गलत समझा जाएगा और उसपर सवाल खड़े किये जायेंगे । यही बेहतर होगा कि आप किसी को अपने खिलाफ राय बनाने का मौका ना दें ।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आपको आज भावनात्मक और वित्तीय ,दोनों तरह का नुकसान हो सकता है । हालाँकि ,आप आसानी से इससे बच भी सकते हैं अगर आप उन लोगों से दूरी बना लें जो अपने फायदे के लिए आपको जबरदस्ती इन चीजों में घसीटना चाहते हैं । आज का दिन आराम से बिताएं और अपने उन घावों को भरने की कोशिश करें जों पिछली बातों से आपको मिले हैं ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
खुशियाँ मनाने का समय है । आपके किसी करीबी की शादी है । इस जोड़े को आपसे बहुत शुभकामनाएँ मिलेंगी । अगर किसी से प्यार करते हैं तो उससे शादी के बारे में सोच सकते हैं । जो पहले से शादीशुदा हैं,उनके लिए पार्टी में मजे करने का समय है । थोड़ी से मेहनत और धीरज के साथ आपका दिन आज बहुत सफल सिद्ध हो सकता है।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
दैनिक राशिफल आपको थोडा सा अधिक लचीला रुख अपनाना चाहिए ,लेकिन आज आप ना तो कोई अच्छी सलाह और ना ही अपने मन की आवाज सुनना चाहते हैं । आपका यह अड़ियल रवैया आपके लिये घर और कार्यस्थल दोनों ही जगह पर आपके लिए नुक्सान का कारण बनेगा । इसका एक ही समाधान है कि आप अपना दिमाग खुला रखें और दूसरों की भी बातें सुनें ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आपकी सफलता हासिल करने की इच्छा आज और बलवती होती जायेगी । आप आज अपनी लिखित और वक्ता कला में सुधार के लिए कोशिश कर सकते हैं । सफलता के लिए महत्वपूर्ण टिप्स पढ़ें या किसी कुशल आदमी से मार्गदर्शन ले लें । हालाँकि इन सबके चक्कर में उनकी भी उपेक्षा ना करें जो लम्बे समय से आपके ध्यान और समय की प्रतीक्षा में हैं ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आज आपका विशेष ध्यान दोस्तों पर रहेगा । किसी पुराने दोस्त से या तो आप मिलेंगे या उनमे से कोई आपसे मिलने आज अचानक चला आएगा । आज अपनी किसी एक या अधिक दोस्तों की परेशानी में मदद भी करने वाले हैं । दूसरी ओर,एक दोस्त आपके ऊपर अपना गुस्सा भी निकल सकता है लेकिन बुरा ना मानें । उस दोस्त की अपनी कुछ परेशानियां चल रही अहिं और इसीलिए वह ऐसे व्यवहार कर रहा है ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आज बोलने में सावधानी रखें । आप जिसे अपना करीबी समझते हैं,वो आपकी गुप्त बात को उजागर कर सकता है । बोलने से पहले सोच लें,अपनी बातचीत का विषय अपने और सामने वाले तक ही सीमित रखें । किसी तीसरे के बारे में बात करने से बचें । किसी दूसरे शहर की यात्रा और इसके दौरान किसी पुराने दोस्त से मुलाकात की सम्भावना है,पुराने पलों को याद करेंगे ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आज आपका नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी । आप आज तर्क के स्थान पर अपने दिल की आवाज और प्रवृति के आधार पर फैसले कर सकते हैं,लेकिन वे भी वित्त के मामले में लाभकारी ही साबित होंगे । आप इन दिनों फैसले लेने में सबसे अधिक महत्ता अपने मन की आवाज को देते हैं ,लेकिन आपको भविष्य की बेहतरी के लिए वर्तमान समय में कुछ आरामों को छोड़ना होगा ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
काफी समय से जिन्दगी एक ही ढर्रे पर चल रही है,कुछ मजेदार भी नही हो रहा । अपनी नीरस जिंदगी में कुछ साहसिक गतिविधि शामिल करें । अपने पसंदीदा पर्यटन स्थल पर जा सकते हैं या कहीं भी बाहर घूम आयें । महत्वपूर्ण कामों को पूरा करने के लिए कुछ समय तक खुद को कुछ सामाजिक और निजी गतिविधियों से दूर कर लें ताकि एकाग्रता से काम कर पायें ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आपसे सामजिक संपर्कों पर और ध्यान देने की अपेक्षा है । आपके आकर्षक व्यक्तित्व का सबपर प्रभाव पड़ेगा । इसके अलावे आपको उन लोगो पर भी ध्यान दें जो आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुक्सान पहुंचा रहे हैं । अपनी व्यस्त कार्यशैली के बावजूद सेहत का ध्यान रखें । आप आज ध्यान से उन परिवर्तनों के बारे में सोचेंगे जो आपको अपनी जीवनशैली में और बेहतर स्वास्थ्य के लिए अपने भोजन में करने।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
अब आपका हर काम और पूरा ध्यान अपने करियर के लिए है । आप इस पर बिलकुल अपना पूरा ध्यान और समय लगा रहे हैं । आपको थोड़ी सी राहत की जरुरत है और अच्छी बात यह है कि आप तब भी अपना लक्ष्य हासिल कर पायेंगे । अपने काम के जाल से बाहर निकलकर परिवार को भी समय दें । अगर आप किसी स्वास्थ्य सम्बन्धी परियोजना पर काम कर रहे।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आपकी निजी और कामकाजी जिन्दगी में कुछ बदलाव आने वाले हैं जिनसे आप असुरक्षित और चिंतित महसूस करेंगे । लेकिन इसे अपने ऊपर हावी ना होने दें और संतुलन बनाये रखें । कोई आपसे बदला लेने की कोशिश में है,इससे स्थिति और भी खराब हो सकती है । आपके ऑफिस में काम का दबाव आपको तनाव दे रहा है I

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# पृथ्वीराज की चूक से दिल्ली में मुस्लिम सत्ता आई

## नादिरशाह ने मचाया कत्लेआम, अकबर दिल्ली से दूर ही रहा

नई दिल्ली, 16 जनवरी (एक्सक्लूसिव डेस्क)। चौहानों ने दिल्ली को 1151 ईस्वी में तोमरों से छीना था। चौहान वंश के सबसे चर्चित राजा पृथ्वीराज चौहान तृतीय ने 1177 ईस्वी में सिंहासन संभाला और अपने राज्य के विस्तार में जुट गए। लगभग इसी दौर में अफगानिस्तान के गोर प्रांत में शहाबुद्दीन मुहम्मद उर्फ मोहम्मद गोरी गद्दी पर बैठा। उसने अफगानिस्तान से निकलकर लाहौर, पेशावर और सियालकोट जीता। अब उसकी नजर दिल्ली पर थी।

पृथ्वीराज चौहान और मोहम्मद गोरी का पहला मुकाबला 1191 में तराइन के मैदान में हुआ। ये जगह हरियाणा के करनाल के पास है। पृथ्वीराज की सेना ने मोहम्मद गोरी की सेना को तहस-नहस कर दिया। मोहम्मद गोरी सेना समेत पंजाब की तरफ भाग खड़ा हुआ। पृथ्वीराज ने गोरी को खदेड़ने की कोशिश नहीं की और उसकी जान बच गई। पृथ्वीराज की इस गलती ने भारत के इतिहास का रुख ही मोड़ दिया। मोहम्मद गोरी ने सालभर तैयारी की और 1192 ईस्वी में 1 लाख 20 हजार सैनिकों के साथ फिर हमला किया। इनमें बड़ी संख्या तुर्की घुड़सवार तीरंदाजों की थी। तराइन के दूसरे युद्ध में पृथ्वीराज की हार हुई।

तराइन की लड़ाई के बाद मोहम्मद गोरी कुतुबुद्दीन ऐबक जैसे सरदारों के हवाले दिल्ली छोड़कर अफगानिस्तान स्थित गोर लौट गया। इस तरह दिल्ली की गद्दी पर पहली बार मुस्लिमों का शासन शुरू हुआ, जो करीब 500 साल तक जारी रहा।


1208 ईस्वी में मोहम्मद गोरी की मौत के बाद उसका सरदार कुतुबुद्दीन ऐबक दिल्ली का पहला सुल्तान बना और दिल्ली सल्तनत की स्थापना की। वह गुलाम वंश (ममलुक वंश) का संस्थापक था। दिल्ली की मशहूर कुतुबमीनार को कुतुबुद्दीन ने ही बनवाना शुरू किया था और बाद में उनके उत्तराधिकारी शम्सुद्दीन इल्तुतमिश ने इसे पूरा किया। ऐबक की देखरेख में कुव्वतुल इस्लाम मस्जिद का निर्माण हुआ। इसे 27 मंदिर तोड़कर उनकी सामग्री से बनाया गया था। इसमें एक पृथ्वीराज चौहान का बनाया मंदिर भी था।'

कुतुब मीनार के प्रवेश द्वार पर एक शिलालेख में लिखा भी है कि ये मस्जिद वहां बनाई गई है, जहां 27 हिंदू और जैन मंदिरों का मलबा था। इसी वजह से कई हिंदू संगठन कुतुब मीनार का नाम विष्णु स्तंभ करने की मांग करते हैं और दावा करते हैं कि इसे पृथ्वीराज चौहान ने बनवाना शुरू किया था।

गयासुद्दीन तुगलक 1320 ईस्वी में गद्दी पर बैठा तो उसने कुतुब शहर से पांच किलोमीटर दूर तुगलकाबाद बनाना शुरू किया। महल की ईंटों पर सोने की परत चढ़ी थी। एक हौज बनवाई थी, जिसमें सोना पिघलवा कर रखा था। उसके बेटे मोहम्मद बिन तुगलक ने 1330 में सोने–चांदी के सिक्कों के बराबर पीतल और तांबे के सिक्के जारी करवाए थे। एक बार सुल्तान फिरोजशाह शिकार खेलने गया था। अंबाला जिले के जगाधरी के पास टोपरा में उसे दो लाटें (मीनार) दिखें। 1356 में उसने आदेश दिया इसे दिल्ली में लगावाया जाए। एक मीनार को फिरोजाशाह कोटला की छत पर दूसरी को शिकारगाह यानी वर्तमान में डीयू के नॉर्थ कैंपस के पास लगवाया गया। ये सम्राट अशोक के समय बनवाई गई थीं।

इन्हें दिल्ली लाने की रोचक कहानियां हैं। 27 टन की 42 फुट ऊंची इन मीनारों के आसपास रहने वाले लोगों को आदेश दिया गया, जो भी काम करने लायक हो आ जाएं। मीनार के नीचे खुदाई शुरू की गई। उसके आसपास मिट्टी और रुई का सेट बनाया गया। उस पर धीरे से मीनार को गिराया गया। मीनार के चारों ओर चमड़ा लपेटा गया ताकि दिल्ली तक लाने में कोई नुकसान न हो।

मीनार को लाने के लिए विशेष वाहन बनाया गया, जो इतना वजन सह सके। हजारों लोगों को



नादिर शाह के आदेश पर फारसी सैनिकों ने कत्लेआम शुरू किया। गली–मोहल्लों में लाशें बिछी थीं।

इस वाहन को खींचने में लगाया गया। इन्हें खींचते हुए यमुना किनारे लाया गया। एक विशेष नाव बनाई गई जो वजन से डूबे नहीं। ये नावें इतनी बड़ी थीं कि इन्हें चलाने के लिए दो हजार लोग लगे थे। 1526 में बाबर ने पानीपत के पहले युद्ध में इब्राहिम लोदी को हराकर दिल्ली सल्तनत को समाप्त किया और मुगल साम्राज्य की स्थापना की। मुगलों के 6 प्रमुख शासक हुए- बाबर, हुमायूं, अकबर, जहांगीर, शाहजहां और औरंगजेब।

'आईन-ए-अकबरी' में अबुल फजल लिखते हैं कि अकबर को कभी दिल्ली रास नहीं आई। वो दिल्ली से दूर रहे, हमेशा आगरा को ही अपनी राजधानी बनाया। दरअसल, 1564 ईस्वी में दिल्ली में दिल्ली के पुराने किले के पास अकबर की तीर मारकर हत्या करने की कोशिश की गई थी। अकबर के शासनकाल में दिल्ली में हुमायूं और मुगल वंश के महत्वपूर्ण लोगों के मकबरे बनाए गए। ये मकबरे आज भी हैं।

साल 1719 में मोहम्मद शाह रंगीला ने मुगल साम्राज्य की गद्दी संभाली। अपने लगभग 30 साल के राज में रंगीला ने खुद कोई लड़ाई नहीं छेड़ी। मुर्गों की लड़ाई, घुड़दौड़, संगीत, इश्क-मोहब्बत में डूबे रहते। बादशाह के बारे में कहा जाता है कि वो लड़कियों के कपड़े पहनकर नाचते थे। गिरावट के बावजूद अब भी काबुल से लेकर बंगाल तक मुगल शहंशाह का सिक्का चलता था। राजधानी दिल्ली उस समय दुनिया का सबसे बड़ा और अमीर शहर था, जिसकी आबादी लंदन और पेरिस से भी ज्यादा थी। मुगलों का अकूत पैसा देखकर पर्शिया का शासक कोली खान यानी नादिर शाह 36 हजार घोड़ों की सेना लेकर दिल्ली की तरफ बढ़ चला। इसकी खबर लेकर जब हरकारा बादशाह के पास आया, तो बादशाह ने चिट्ठी को दारू के प्याले में डुबो दिया और बोले- 'आईने दफ्तार-ए-बेमाना घर्क-ए-मय नाब उला' यानी इस बिना मतलब की चिट्ठी को खालिस शराब में डुबा देना बेहतर है। कहा जाता है कि मोहम्मद शाह को जब भी बताया जाता कि नादिर शाह की फौज आगे बढ़ रही हैं तो वो यही कहते- 'हनूज दिल्ली दूर अस्त' यानी अभी दिल्ली बहुत दूर है। ब्रिटिश भारत में दिल्ली की प्लानिंग करने वाले इंजीनियर सर गॉर्डन रिस्ले हर्न अपनी किताब 'द सेवन सिटीज ऑफ दिल्ली' में लिखते हैं कि 9 मार्च 1739 को नादिर शाह दिल्ली में घुसा और महल पर कब्जा कर लिया।

शाम होते-होते पहाड़गंज में अनाज व्यापारियों और फारसी सैनिकों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। ये खबर फैल गई कि नादिर शाह मारा गया है। जल्दी ही दंगा भड़क गया। जनता ने कई फारसियों को मार दिया। दरियागंज इलाके में जब नादिर शाह गया तो उस पर गोली चलाई गई। वो बच गया, लेकिन उसका खास वजीर मर गया। इससे नाराज होकर उसने दिल्ली में कत्लेआम का आदेश दिया। नादिर शाह ने बादशाह ही नहीं दिल्ली के हर घर की तलाशी ली और लूटपाट की। नादिर ने दिल्ली को 58 दिनों तक दिल्ली को लूटा। 32 करोड़ रुपए कैश, हजारों हाथियों, सौ राजमिस्त्रियों और दो सौ बढ़इयों के साथ वो लौट गया। इसमें जो सबसे बेशकीमती चीज कोहिनूर हीरा था। सबकुछ लूटकर उसने मुहम्मद शाह को फिर से गद्दी पर बैठा दिया। मराठा मुगल सम्राट शाह आलम द्वितीय की दिल्ली पर कब्जा करने आ रहे थे। ये वो समय था जब अंग्रेज मजबूत हो गए थे। बादशाह ने अंग्रेजों से मदद मांगी। उन्होंने मुगल सम्राट की ओर से युद्ध लड़ा। 11 सितंबर, 1803 को पटपड़गंज में मुगल के कथित अंग्रेज सैनिकों और मराठों के बीच युद्ध हुआ। अंग्रेज सेनाओं ने 7 सितंबर 1803 को अलीगढ़ से दिल्ली की ओर कूच किया।

यमुना पार मराठा अच्छी स्थिति में थे। जनरल गेरार्ड ने डरकर पीछे हटने का नाटक किया। जब मराठे ब्रेफिक्र हुए तो उन पर पूरी ताकत से हमला कर दिया। मराठा सेना को अंग्रेजों ने रणनीति में फंसाकर यमुना में फेंक दिया। मराठा सेना के 3,000 सैनिक मारे गए, जबकि ब्रिटिश कंपनी ने केवल 464 जवान मरे।

युद्ध के बाद अंग्रेजों ने दिल्ली के तख्त पर कब्जा कर लिया। कहने को मुगल सम्राट बादशाह था, लेकिन असल कमान अंग्रजों के पास थी। मुगल सम्राट को हर महीने 90 हजार रुपए पेंशन मिलती थी। इसके बाद जितने भी मुगल शासक हुए सब पेंशन पर ही रहे।

# लखमा को हर महीने 2 करोड़ मिला कमीशन

## ईडी के वकील बोले– 36 महीने में 72 करोड़ मिले, इससे हरीश का घर, कांग्रेस भवन बना

रायपुर, 16 जनवरी (एजेंसियां)। शराब घोटाला केस में छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा ईडी की रिमांड में हैं। बुधवार को वे रायपुर के ईडी दफ्तर पूछताछ के लिए पहुंचे थे। यहीं से उनकी गिरफ्तारी हुई। रिमांड मिलने के बाद अब ईडी के वकील ने दावा किया है कि, कवासी लखमा को हर महीने 2 करोड़ रुपए मिलते थे।

इससे पहले अब तक हर महीने लखमा को 50 लाख मिलने की बात सामने आई थी। वकील सौरभ पांडेय ने कहा कि, 2 साल तक कार्रवाई चली जिसमें 36 महीने में प्रोसीड ऑफ क्राइम 72 करोड़ रुपए का है। ये राशि सुकमा में बेटे हरीश कवासी के घर के निर्माण और कांग्रेस भवन सुकमा के निर्माण में लगी है।

ईडी के वकील सौरभ पांडेय के मुताबिक, गिरफ्तार अरुणपति त्रिपाठी और अरविंद सिंह ने पूछताछ में बताया था कि पूर्व मंत्री के पास हर महीने कमीशन पहुंचता था। अरविंद सिंह ने बताया था कि शराब कर्टल से हर



महीने लखमा को 50 लाख रुपए दिए जाते थे।

वहीं एपी त्रिपाठी ने कहा था कि 50 लाख रुपए के ऊपर भी 1.5 करोड़ रुपए और दिया जाता था। इस हिसाब से 2 करोड़ रुपए पूर्व आबकारी मंत्री को हर महीने कमीशन के मिलते थे।

आबकारी विभाग में काम करने वाले ऑफिसर इकबाल खान, जयंत देवांगन ने बताया कि वे पैसों का अरेंजमेंट कर उनको भेजते थे। कन्हैया लाल कुर्रे के जरिए पैसों के बैग कलेक्ट किए जाते थे। कवासी ने खुद अपने बयान में यह एडमिट किया है कि अरुण पति त्रिपाठी साइन करवाता था। ऐसे में उन्हें नॉलेज तो था कि कुछ चल रहा है। इनका भी इन्वॉलमेंट साफ दिखाई दे रहा है।

इधर, लखमा के वकील फैजल रिजवी ने कहा कि ये गिरफ्तारी सबूत बनाने के बाद की गई है। अगर 2 करोड़ रुपए मिलने की बात वे कह रहे हैं तो बताएं कि लखमा के घर से क्या मिला। छापे में कहीं से 20 हजार रुपए भी नहीं मिले हैं। छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की जांच कर रही ईडी ने एसीबी में एफआईआर दर्ज कराई है। दर्ज एफआईआर में दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले की बात कही गई है। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में आईएएस अफसर अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी एपी त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के अवैध सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दिया गया था।

दावा है कि, साल 2019 से 2022 तक शराब दुकानों में अवैध शराब बेची गई है। इस अवैध शराब को डुप्लीकेट होलोग्राम लगाकर बेचा गया था। इससे शासन को करोड़ों के राजस्व का नुकसान हुआ है।

28 दिसंबर 2024 को ईडी ने पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, उनके बेटे हरीश कवासी के घर छापा मारा था। टीम रायपुर के धरमपुरा स्थित कवासी लखमा के बंगले पहुंची थी। पूर्व मंत्री की कार को घर से बाहर निकालकर तलाशी ली गई।

# एससी-एसटी एक्ट में मुखिया गिरफ्तार

## दीवार लेखन कर रहे दलित पेंटर से की थी मारपीट, जातिसूचक गाली देने का लगा है आरोप

देवघर, 16 जनवरी (एजेंसियां)। देवघर के रिखिया थाना पुलिस ने नया चितकाठ पंचायत के मुखिया अनिल साह को एससी-एसटी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। मुखिया पर दलित पेंटर के साथ मारपीट और जातिसूचक गाली देने का गंभीर आरोप है। घटना 12 जनवरी की है, जब पेंटर गोविंद तुरी पंचायत भवन के सामने मनरेगा हेल्पलाइन नंबर का दीवार लेखन कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान मुखिया अनिल साह वहां पहुंचे और बिना किसी कारण के गोविंद से उनकी जाति पूछते हुए जातिसूचक गालियां दीं। सरकारी आदेश दिखाने के बावजूद मुखिया ने न केवल काम रुकवा दिया, बल्कि गोविंद का रंग-ब्रश फेंक दिया और उन्हें जमीन पर पटककर लात-घूसों से मारा। पीड़ित गोविंद तुरी के मुताबिक, जब उनके साथी सनोज राय उन्हें बचाने आए, तो मुखिया ने उनके साथ भी मारपीट की।

# नगरीय निकाय चुनाव ईवीएम से ही होंगे

## बैलेट पेपर से होंगे पंचायत चुनाव, अधिसूचना जारी, 18 जनवरी के बाद हो सकता है ऐलान

रायपुर, 16 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय के चुनाव ईवीएम से ही होंगे। जबकि पंचायत चुनाव बैलेट पेपर से होंगे। इसे लेकर राज्य सरकार ने राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित कर दी है। जिसमें मतपत्र का प्रावधान विलोपित कर ईवीएम से चुनाव कराने के संशोधित प्रावधान लागू किए गए हैं। वहीं, 18 जनवरी के बाद कभी भी चुनाव का ऐलान हो सकता है।

दरअसल, प्रदेश में पिछला नगरीय निकाय चुनाव साल 2019 में बैलेट पेपर से हुआ था, जबकि उससे पहले 2014 में ईवीएम से ही चुनाव कराए गए थे। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में बैलेट पेपर की व्यवस्था लागू की गई थी। ऐसे में ईवीएम वाले प्रावधान वापस जोड़े गए हैं। साथ ही चुनाव किस तरह होंगे। इसी गाइडलाइन भी अधिसूचना में शामिल है।

इसके अलावा नगर निगम महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष




और नगर पंचायत अध्यक्षों की में आरक्षण की अधिसूचना का भी प्रकाशन किया गया है। छत्तीसगढ़ में 18 जनवरी के बाद कभी भी नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव के लिए मतदान की तारीखों का ऐलान किया जा सकता है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 18 जनवरी को होगा। इससे पहले 15 जनवरी को तारीख तय की गई थी, लेकिन इसे 3 दिन आगे बढ़ाया गया। अब अधिसूचना के प्रकाशन के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने ईवीएम से चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रदेश में निकाय और पंचायत चुनाव की घोषणा एक साथ की जाएगी, लेकिन मतदान अलग-अलग कराए जाएंगे। त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव मतपत्र के जरिए ही होंगे। 2018 में राज्य में कांग्रेस की सरकार बनी थी। जिसके बाद 2019 में नगरीय निकाय चुनाव बैलेट पेपर से कराए गए थे। सरकार ने बैलेट पेपर की व्यवस्था लागू की गई थी।

कंग्रेस के कार्यकाल में नगरीय निकाय चुनाव में मेयर का चुनाव अप्रत्यक्ष तरीके से कराया गया था। राज्य की बीजेपी सरकार ने इस फैसले को भी पलट दिया है। इस बार मेयर का चुनाव सीधे जनता करेगी।

# महंगे गिफ्ट के लालच में इंजीनियर ने गंवाए 78 लाख

## विदेशी ठग बोला– आईफोन–करेंसी भेज रहा प्रोसेसिंग–फीस बताकर ऐंठे पैसे, इंस्टा पर हुई थी दोस्ती

सरगुजा, 16 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के सरगुजा में विदेश से महंगे गिफ्ट भेजने का झांसा देकर इंजीनियर से 78 लाख रुपए से अधिक की ठगी की गई है। ठगों ने डॉक्टर बनकर इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती की। फिर अमेरिका से आई फोन और विदेशी करेंसी का पार्सल भेजने की बात कहकर प्रोसेसिंग, इंश्योरेंस और कस्टम ड्यूटी के नाम पर पैसे ले लिए। अब साइबर थाने में एफआईआर दर्ज हुई है। जानकारी के मुताबिक, लखनपुर थाना इलाके के रहने वाले रामाज्ञा सिंह (51) मनेंद्रगढ़ वन विभाग में इंजीनियर के पद पर पदस्थ हैं। रामाज्ञा की जून 2024 में इंस्टाग्राम यूजर डॉ. मतिल्दा हैरिसन निवासी यूनाईटेड किंगडम (यूके) से दोस्ती हुई थी। दोनों के बीच सामान्य बातचीत होने लगी।

ठग ने रामाज्ञा सिंह को झांसा दिया कि, वो अपने सर्विस का 6 साल पूरा कर चुका है। उसकी खुशी में यूके से गिफ्ट भेजा है। गिफ्ट में आईफोन-14, टी-शर्ट, परफ्यूम और विदेशी मुद्रा समेत कई सामान है। रामाज्ञा सिंह को वॉट्सऐप पर मैसेज भेजकर बताया कि, आप लोकल ट्रांसपोर्टिंग और प्रोसेसिंग फीस जमा कर गिफ्ट ले लेना। कुछ दिन बाद कथित कोरियर सर्विस मैनेजर दीपक शर्मा ने फोन कर महंगे गिफ्ट और विदेशी मुद्रा आने की जानकारी दी। उन्होंने डिलीवरी चार्ज के रूप में कई बार में डिक्लिरियेशन सर्टिफिकेट, कंफर्म सर्टिफिकेट, मॉनिटरी फंड, इनकम टैक्स सर्विस, इंश्योरेंस सर्विस चार्ज बताकर 17 जुलाई 2024 से 29 अक्टूबर 2024 तक कई खातों में 78 लाख 37 हजार 999 रुपए जमा करा लिए। पीड़ित रामाज्ञा सिंह को बताया गया कि, उन्हें काफी मात्रा में विदेशी मुद्रा और मंहगा गिफ्ट मिला है। शुरू में डिलीवरी चार्ज के नाम से 28 हजार रुपए 17 जुलाई 2024 को जमा कराया गया।

बाद में कस्टम ड्यूटी के नाम पर 4 लाख 65 हजार रुपए, आर्म्स कंट्रोल यूनिट के लिए 6 लाख 75 हजार रुपए, जीएसटी के नाम पर 2 लाख 75 हजार रुपए और अन्य चार्जेज के नाम पर लाखों रुपए जमा कराए गए।

# बीजापुर में फिर से आईईडी ब्लास्ट

## सीआरपीएफ के दो कमांडो घायल

बीजापुर, 16 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में गुरुवार सुबह एक आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ के दो कोबरा कमांडो घायल हो गए। कोबरा को जंगल युद्ध में महारत हासिल है। 229वीं बटालियन के सीआरपीएफ जवान और 206वीं बटालियन के कोबरा कमांडो नक्सल विरोधी अभियान पर थे। तभी यह हादसा हुआ। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों के पैर आईईडी पर पड़ने से विस्फोट हुआ।

घायल कमांडो, 206वीं कोबरा बटालियन के मृदुल बर्मन और मोहम्मद इशाक हैं। उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए बासागुड़ा सीआरपीएफ शिविर ले जाया गया। बाद में उन्हें बेहतर इलाज के लिए रायपुर भेजा गया। अधिकारी ने बताया कि उनकी हालत स्थिर है और खतरे से बाहर है।

दरअसल, इस महीने की शुरुआत में भी इसी तरह के हमले हुए थे। 12 जनवरी को बीजापुर में प्रेशर आईईडी विस्फोट में एक 10 साल की बच्ची और दो पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। 11 जनवरी को बीजापुर में एक और विस्फोट में एक सीआरपीएफ जवान घायल हो गया था। 10 जनवरी को नारायणपुर जिले के ओरछा इलाके में दो आईईडी विस्फोटों में एक ग्रामीण की मौत हो गई थी और तीन अन्य घायल हो गए थे। 6 जनवरी को माओवादियों ने बीजापुर में एक वाहन को उड़ाने के लिए आईईडी विस्फोट किया था। इसमें आठ पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे। आईईडी का मतलब होता है इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस।

# एसपी मैम, मुझे शादी नहीं करनी, जज बनना है

## पलामू के 11वीं की छात्रा की पैरेंट्स करा रहे थे शादी, अब पुलिस कराएगी पढ़ाई

पलामू, 16 जनवरी (एजेंसियां)। मनातू के चक गांव में 11वीं की छात्रा की शादी की तैयारी चल रही थी। लड़की ने पलामू एसपी को फोन की। छात्रा ने कहा- एसपी मैम, मां-पिताजी मेरी शादी कराना चाहते हैं। मैं अभी करना नहीं चाहती। क्योंकि, मुझे पढ़ना-लिखना है।

पढ़-लिखकर मैं जज बनना चाहती हूं। पलामू की एसपी रिष्मा रमेशन भी महिला हैं। उन्होंने छात्रा की पीड़ा और इच्छा को समझा और फौरन महिला थाना की प्रभारी रूपा बाखला के नेतृत्व में पुलिस की टीम को गांव में भेजा।

पलामू पुलिस की स्पेशल टीम बच्ची के घर गई और परिजनों को समझाया। पुलिस के समझाने-बुझाने पर परिवार वाले मान गए। अब पलामू पुलिस नाबालिग छात्रा को पढ़ाएगी। पुलिस ने उसकी आगे की पढ़ाई की जिम्मेवारी ली है। मेदिनीनगर महिला थाने की थानेदार ने पूरी घटना को शेयर किया।

मेदिनीनगर थाना की महिला थाना प्रभारी रूपा बाखला ने बताया कि सुबह एसपी मैम के पास एक अनजान कॉल आया। हैलो एसपी मैम, प्रणाम। यह एक नाबालिग का कॉल था। इतना बोलते ही वह रोने लगी। हिम्मत देने पर वह बोली, मैम मैंने 2024 में मैट्रिक पास किया है। आगे पढ़ना चाहती हूं, लेकिन मेरे माता पिता मुझे पढ़ाना नहीं चाहते। 6 महीने से घर में बैठी हूं। वे मेरी शादी करना चाहते हैं। लेकिन, मैं पढ़ना चाहती हूं। जज बनना चाहती हूं। आप रोकिए, नहीं तो मेरी जिंदगी नर्क बन जाएगी। बच्ची की बात सुनने के बाद एसपी मैम ने तत्काल मुझे बुलाया और छात्रा से संपर्क करने को कहा।

कॉल करने वाली बच्ची पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के अति नक्सल प्रभावित चक गांव की रहने वाली है। मैं और मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव के नेतृत्व में पुलिस उसके घर गई। परिजनों को करीब डेढ़ घंटे तक समझाया-बुझाया गया। काफी समझाने के बाद परिजन बच्ची की पढ़ाई को लेकर राजी हुए। लेकिन, उसकी पढ़ाई आगे कैसे होगी, इसको लेकर चिंतित थे। एसपी मैम से बात कर पुलिस ने पढ़ाई में मदद करने का आश्वासन दिया।

# अज्ञात वाहन ने वैन को मारी टक्कर, तीन की मौत

## मकर संक्रांति मेले से लौट रहे थे तीनों, आइसक्रीम बेच आ रहे थे घर

गिरिडीह, 16 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड के गिरिडीह में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने तीन परिवारों की खुशियां छीन लीं। बुधवार की देर रात गिरिडीह-डुमरी मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन ने एक ओमिनी वैन में टक्कर मार दी। इस घटना में वैन सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा मधुबन थाना क्षेत्र के करमाकुशमा के पास हुआ। तीनों युवक आइसक्रीम विक्रेता थे और मकर संक्रांति के मौके पर पारसनाथ पर्वत में आयोजित मेले से घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान यह घटना हुई। मृतकों की पहचान निमियाघाट थाना क्षेत्र के रांगामाटी निवासी देवचंद साव, थानु कुमार और घनश्याम साव के रूप में हुई है। तीनों युवक मारुति ओमनी वैन से मेले में आइसक्रीम बेचने गए थे और काम समाप्त कर अपने गांव लौट रहे थे। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भिजवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अज्ञात वाहन की तलाश जारी है।

# बाघमारा डीएसपी पर हुए हमले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

धनबाद, 16 जनवरी (एजेंसियां)। धनबाद के धर्माबांध में हिंसक झड़प और बाघमारा एसडीपीओ पर हुए हमले में पुलिस ने मुख्य आरोपी कारू यादव को जमुई (बिहार) से गिरफ्तार कर लिया है। उसे देर रात धनबाद लाया गया है। वहीं, कारू के भाई वीरेंद्र यादव उर्फ बिलू सहित सात आरोपियों को पूछताछ के बाद पुलिस ने कोर्ट में प्रस्तुत किया। कोर्ट ने सभी को जेल भेज दिया। ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने बताया कि मुख्य आरोपी कारू के भाई बिलू को बोकारो से गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने खरखरी बड़ा तालाब के पास कारू यादव के ऋतु मार्केट में स्थित रमन विश्वकर्मा उर्फ शशि की दुकान में छापेमारी की। छापेमारी में पुलिस को देसी पिस्टल, 5 जिंदा गोली और बम मिले। बरामदगी को लेकर अलग से प्राथमिकी दर्ज की गई है।

दरअसल, 9 जनवरी को धर्माबांध स्थित हिलटॉप आउटसोर्सिंग में बाउंड्री वॉल निर्माण की सूचना पर रैयतों ने मौके पर पहुंच विरोध शुरू कर दिया। इसके बाद कंपनी समर्थक और रैयतों के बीच मारपीट शुरू हो गई। सूचना पर पहुंचे बाघमारा डीएसपी पुरुषोत्तम कुमार सिंह पर कारू यादव के समर्थकों ने पत्थरों से जानलेवा हमला किया।

# झारखंड नगर निकाय चुनाव

## हाईकोर्ट का 4 महीने में चुनाव कराने का आदेश

रांची, 16 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को चार महीने में नगर निकायों के चुनाव कराने का आदेश दिया है।

रोशनी खलखो और अन्य की ओर से दायर अवमानना याचिका पर गुरुवार को हुई सुनवाई में सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जस्टिस आनंद सेन की बेंच ने यह आदेश दिया। सुनवाई के दौरान राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी और नगर विकास सचिव सुनील कुमार सशरीर उपस्थित रहे। कोर्ट ने भारत निर्वाचन आयोग को निकाय चुनाव को ध्यान में रखते हुए अपडेट वोटर लिस्ट राज्य निर्वाचन आयोग को देने का निर्देश दिया है। साथ ही मुख्य सचिव को अगली सुनवाई में उपस्थित होने से छूट भी दी है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का विदाई भाषण

## कहा– अमेरिका में रईसों का दबदबा खतरनाक, कानून बदलना जरूरी ताकि राष्ट्रपति भी सजा से न बच सकें

वॉशिंगटन, 16 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बुधवार देर रात राजधानी वॉशिंगटन डीसी के ओवल ऑफिस में अपना विदाई भाषण दिया। उन्होंने 15 मिनट तक स्पीच दी। इसमें उन्होंने डोनाल्ड ट्रम्प, मस्क, राष्ट्रपति चुनाव में सोशल मीडिया के दुरुपयोग और क्लाइमेट चेंज पर बात की। उन्होंने कहा कि देश में रईसों के एक छोटे से तबके का वर्चस्व बढ़ रहा है। इससे देश और लोकतंत्र को खतरा है। बाइडेन का यह भाषण ट्रम्प के पद संभालने से ठीक 5 दिन पहले हुआ। उन्होंने अपने 50 साल के राजनीतिक जीवन पर भी बात की। उन्होंने कहा कि दुनिया में सिर्फ अमेरिका में ही ऐसा हो सकता है, जहां एक हकलाने वाला बच्चा राष्ट्रपति बन जाए। जो बाइडेन को बचपन में बात करते वक्त हकलाने की दिक्कत थी।

उन्होंने एक बार भी डोनाल्ड ट्रम्प का नाम नहीं लिया। हालांकि उनका पूरा भाषण ट्रम्प की नीतियों और उनके सहयोगियों के इर्द-गिर्द ही रहा। बाइडेन ने इससे अमेरिकी नागरिकों के अधिकारों को खतरा



बताया। अपने कार्यकाल पर बात करते हुए उन्होंने कहा- बाइडेन ने कहा, 'हमें संविधान में संशोधन करने की जरूरत है, जिससे तय हो सके कि कोई भी इंसान राष्ट्रपति पद पर रहते किए गए अपने अपराधों से आजाद नहीं है।' दरअसल न्यूयॉर्क कोर्ट ने 10 जनवरी को ट्रम्प को पोर्न स्टार को पैसे देकर चुप कराने के मामले से जुड़े 34 आरोपों में सजा सुनाई थी। हालांकि कोर्ट ने ट्रम्प को जेल न भेजकर बिना किसी शर्त के बरी कर दिया था। जस्टिस जुआन मर्चेन ने कहा, 'इस देश के सर्वोच्च पद (राष्ट्रपति) की शक्तियों में दखलंदाजी किए बगैर ट्रम्प को बिना शर्त छोड़ना ही सही सजा होगी।' इसी तरह कैपिटल हिल हिंसा मामले में भी ट्रम्प पर कार्रवाई नहीं हुई थी। दरअसल, 2021 में उनके राष्ट्रपति चुनाव हारने पर अमेरिकी संसद की बिल्डिंग कैपिटल हिल में उनके समर्थकों ने घुसकर तोड़फोड़ की थी। आरोप लगे थे कि समर्थकों को ट्रम्प ने भड़काया था, लेकिन इस मामले में न केस बना और न ही जिम्मेदारी तय की गई।

बाइडेन ने कहा कि कुछ समय में देश में रईसों के एक छोटे से तबके का वर्चस्व बढ़ रहा है। इससे देश और लोकतंत्र को खतरा है। अमेरिकी लोगों पर फेक न्यूज का जाल फैला दिया गया है, और इसके जरिए सत्ता का दुरुपयोग हो रहा है।

टेस्ला और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X के मालिक इलॉन मस्क और उद्योगपति विवेक रामास्वामी जैसे कई लोगों ने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में खुलकर ट्रम्प का सपोर्ट किया था। ट्रम्प ने चुनाव जीतने के बाद मस्क और रामास्वामी को डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) की जिम्मेदारी भी सौंपी है। विपक्ष का आरोप है कि असली ताकत मस्क के हाथों में आ गई है।

बाइडेन ने कहा- कुछ शक्तिशाली लोग अपनी ताकत का इस्तेमाल क्लाइमेट चेंज पर हमारे फैसलों को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। वे अपने फायदे के लिए सत्ता का इस्तेमाल करना चाहते हैं। दरअसल ट्रम्प राष्ट्रपति रहते पेरिस क्लाइमेट डील से बाहर निकल गए थे। इस डील के तहत क्लाइमेट चेंज को रोकने के लिए दुनिया के देश साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इसकी जरिए पृथ्वी के तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस कम रखने की कोशिश की जानी थी। डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति रहते हुए इस डील से अमेरिका को बाहर कर लिया था।

ट्रम्प ने कहा था कि क्लाइमेट चेंज जैसी कोई चीज नहीं है। जो बाइडेन ने राष्ट्रपति बनने के बाद फिर से इस क्लाइमेट प्रोग्राम को जॉइन किया था।

# मस्क ने इटालियन पत्रकार को ईरानी जेल से छुड़ाया

### कानून तोड़ने के आरोप में हुई थी गिरफ्तारी, इटली ने भी ईरान का कैदी छोड़ा

रोम, 16 जनवरी (एजेंसियां)। ईरान ने पिछले साल दिसंबर में इटली की पत्रकार सेसिलिया साला को ईरानी कानून तोड़ने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया था। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक टेस्ला के मालिक इलॉन मस्क की मदद से सेसिलिया को ईरानी जेल से रिहा करवाया गया।

सेसिलिया की आजादी के बदले इटली ने ईरानी इंजीनियर मोहम्मद अबेदिनी नजफाबादी को रिहा किया। अबेदिनी पर ईरान समर्थित विद्रोही संगठनों को ड्रोन टेक्नोलॉजी देने के आरोप है। रिपोर्ट के मुताबिक सेसिलिया साला की गिरफ्तार के बाद उनके बॉयफ्रेंड डेनियल रेनेरी ने मदद के लिए इलॉन मस्क से संपर्क किया। इसके बाद मस्क ने दोनों देशों के बीच मध्यस्थ को रोल निभाया और कैदियों के अदला बदली की डील तय की।

हालांकि अभी तक इस डील में मस्क की डायरेक्ट भागीदारी की डिटेल सामने नहीं आई हैं।

# जेलेंस्की से मिलने पहुंचे ब्रिटिश पीएम स्टार्मर

## यूक्रेन–ब्रिटेन बनाएंगे अगले 100 साल की रणनीति

कीव, 16 जनवरी (एजेंसियां)। रूस के साथ युद्ध कर रहे यूक्रेन की मदद के लिए ब्रिटेन लगातार पहल कर रहा है। अब ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मिलने के लिए कीव पहुंच गए हैं। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले स्टार्मर कीव में यूक्रेन को एक सदी तक सुरक्षा की गारंटी देने का वादा लेकर आए हैं।

ब्रिटिश सरकार ने कहा कि यूक्रेन में स्टार्मर और जेलेंस्की 100 साल की साझेदारी पर हस्ताक्षर करेंगे। इसमें रक्षा, विज्ञान, ऊर्जा और व्यापार समेत तमाम मुद्दे शामिल हैं। जुलाई में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद कीर स्टार्मर की यह पहली यूक्रेन यात्रा है। इससे पहले उन्होंने 2023 में विपक्ष के नेता के रूप में कीव का दौरा किया था। हालांकि स्टार्मर दो बार यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से 10 डाउनिंग स्ट्रीट में बातचीत कर चुके हैं।

ब्रिटेन का कहना है कि उसकी



100 साल की साझेदारी में यह भी शामिल है कि वह किसी भी कीमत पर यूक्रेन को रूस के हमले के बाद भी कमजोर नहीं पड़ने देगा। यह समझौता दोनों पक्षों को रक्षा पर सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध करता है। इसमें बाल्टिक सागर, काला सागर और आजोव सागर में रूस के खिलाफ समुद्री सुरक्षा और ड्रोन सहित प्रौद्योगिकी परियोजनाओं में समर्थन करना शामिल है। साझेदारी में यूक्रेन के कब्जे वाले हिस्सों से रूस द्वारा निर्यात किए गए चोरी किए गए यूक्रेनी अनाज को ट्रैक करने में मदद करने के लिए तैयार की गई एक प्रणाली भी शामिल है। यात्रा से पहले ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने कहा कि यूक्रेन को उसके सबसे करीबी सहयोगियों से दूर करने की पुतिन की महत्वाकांक्षा एक बड़ी रणनीतिक विफलता रही है। हम पहले से कहीं ज्यादा करीब हैं और यह साझेदारी उस दोस्ती को अगले स्तर पर ले जाएगी।उन्होंने कहा कि साझेदारी सिर्फ यहां और अभी के बारे में नहीं है बल्कि यह अगली सदी के लिए हमारे दोनों देशों में निवेश, प्रौद्योगिकी विकास, वैज्ञानिक प्रगति और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को एक साथ लाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए हाल के वर्षों में यूक्रेन द्वारा किए गए नवाचार का उपयोग करने के बारे में भी है।

# क्यूबा ने कैदियों को रिहा करना किया शुरू

## अमेरिका की तरफ से मिले आश्वासन के बाद फैसला

हवाना, 16 जनवरी (एजेंसियां)। क्यूबा ने वेटिकन के साथ वार्ता के तहत बुधवार को कुछ कैदियों को रिहा करना शुरू कर दिया। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन की तरफ से द्वीप राष्ट्र पर आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देश का अमेरिकी दर्जा हटाने के इरादे की घोषणा के एक दिन बाद उठाया गया है।

**12 से अधिक लोगों को किया गया रिहा**

क्यूबा के नागरिक समूहों के अनुसार, द्वीप पर बंदियों के मामलों के बाद, दिन के दौरान 12 से अधिक लोगों को रिहा कर दिया गया, जिन्हें कई अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया था - और उनमें से कुछ को ऐतिहासिक 2021 के विरोध प्रदर्शनों में भाग लेने के बाद गिरफ्तार किया गया था। रिहा किए गए लोगों में टैटू कलाकार रेयना याकनारा बैरेटो बतिस्ता, 24 वर्ष भी शामिल हैं, जिन्हें 2021 के विरोध प्रदर्शनों में हिरासत में लिया गया था और हमलों और सार्वजनिक अव्यवस्था के लिए चार साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। उसे कैमागुए प्रांत की एक जेल से रिहा किया गया, और उसने बताया कि उसके साथ आठ लोगों को भी रिहा किया गया था।

मंगलवार को, अमेरिकी सरकार ने कहा कि उसने वेटिकन की तरफ से सुगम किए गए सौदे के हिस्से के रूप में क्यूबा के पदनाम को हटाने के इरादे के बारे में कांग्रेस को सूचित किया।

अधिकारियों ने कहा कि 20 जनवरी को बाइडन के प्रशासन के खत्म होने से पहले क्यूबा के अधिकारी उनमें से कुछ को रिहा कर देंगे। घंटों बाद, क्यूबा के विदेश मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने पोप फ्रांसिस को सूचित किया कि वह धीरे-धीरे 553 दोषियों को रिहा करेगी, क्योंकि अधिकारी ऐसा करने के लिए कानूनी और मानवीय तरीके तलाश रहे हैं।

**ट्रंप प्रशासन में पलट सकता है क्यूबा पर फैसला**

हालांकि, क्यूबा को आतंकवाद का प्रायोजक राज्य घोषित करने के अमेरिकी आदेश को हटाने के जो बाइडन के इरादे को अगले हफ्ते ही पलट दिया जा सकता है, जब नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पदभार संभालेंगे और विदेश मंत्री का पद मार्को रुबियो संभालेंगे।

# इजराइल-हमास में 19 जनवरी से सीजफायर शुरू होगा

## बाइडेन और ट्रम्प में क्रेडिट लेने की होड़, गाजा में आज भी इजराइल के हमले जारी

तेल अवीव, 16 जनवरी (एजेंसियां)। इजराइल-हमास के बीच गाजा में पिछले 15 महीनों से जारी जंग रविवार, 19 जनवरी को थम जाएगी। इसके लिए दोनों में सीजफायर और बंधकों की रिहाई से जुड़ी डील फाइनल हो गई है। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जसीम अल-थानी ने बुधवार को इसकी जानकारी दी।

सीजफायर के लिए पिछले कई हफ्तों से कतर की राजधानी दोहा में बातचीत चल रही थी। इस बातचीत में मिस्र और अमेरिका भी शामिल थे। डील के मुताबिक हमास अपनी कैद में मौजूद इजराइली बंधकों के रिहा करेगा। बदले में इजराइल भी हमास के लोगों को छोड़ेगा।

अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक कतर पीएम थानी ने हमास और इजराइल के प्रतिनिधियों से बुधवार को




मुलाकात की, जिसके बाद ये डील पूरी हुई। डील को लेकर अमेरिका राष्ट्रपति जो बाइडेन और नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प में क्रेडिट लेने की होड़ शुरू हो गई है। दूसरी तरफ गाजा में अभी भी इजराइली हमले जारी हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक गुरुवार को इजराइली हमले में 40 लोगों की मौत हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को सीजफायर का क्रेडिट लेने का दावा किया। व्हाइट हाउस ने इस डील में ट्रम्प के प्रतिनिधि को भी शामिल किया था। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि ये ऐतिहासिक समझौता, राष्ट्रपति चुनाव में हमारी जीत की वजह से हो पाया। ट्रम्प ने कहा कि ये डील मेरे प्रशासन की शांति स्थापित करने और अमेरिका व उसके सहयोगियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास का सबूत है। भारत ने भी इजराइल-हमास के बीच सीजफायर और बंधकों की रिहाई की डील पर प्रतिक्रिया देते हुए फैसले का स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को वेबसाइट पर आधिकारिक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। हमास की शर्त ये है कि सीजफायर डील के पहले चरण में इजराइली सेना गाजा सीमा से 700 मीटर पीछे अपने इलाके में चली जाएगी। फिलहाल इस सीजफायर डील को इजराइली कैबिनेट में पेश होना बाकी है। वहां इसे मंजूरी मिलते ही सीजफायर डील को तुरंत लागू किया जाएगा। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस डील को लेकर कहा कि हमास जल्द ही बंधकों को रिहा कर देगा। न्यूज एजेंसी एएफपी ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में बताया था, 'इजरायल और हमास के बीच सीजफायर का पहला फेज कुल 42 दिनों का हो सकता है। सीजफायर डील के पहले फेज में हमास 33 बंधकों को रिहा कर सकता है, जिनमें 5 महिलाएं शामिल हैं। उधर इजराइल इसकी एवज में 250 फिलिस्तीन कैदियों को छोड़ेगा। इसके 15 दिन बाद हमास बाकी बंधकों को रिहा करेगा। इस बीच दोनों पक्ष स्थायी सीजफायर पर बात करेंगे। इस समझौते के लिए कतर की राजधानी दोहा में मिस्र, कतर और अमेरिका की मदद से बातचीत की गई। इसमें इजराइल का प्रतिनिधित्व मोसाद चीफ डेविड बार्निया और शिन बेट चीफ रोनेन बार ने किया।

# बलूचिस्तान से सात लोगों को पाकिस्तानी सेना ने किया अगवा

## घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन

क्वेटा, 16 जनवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान की सेना पर बलूचिस्तान के कई इलाकों से कई लोगों को अगवा करने आरोप लगाया गया है। वहीं इस मामले को लेकर कई इलाकों में लोगों की तरफ से बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया जा रहा है। बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, बलूचिस्तान के कई हिस्सों से पाकिस्तानी सेना की तरफ से कथित तौर पर कम से कम सात लोगों को अगवा किया गया है, जिससे पूरे इलाके में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुआ है।

बलूचिस्तान पोस्ट के अनुसार, दो व्यक्तियों - नजीर के बेटे मुजीर और अहमद के बेटे जसीम को कल देर रात पंजगुर के सैदान इलाके से पाकिस्तानी सेना ने अगवा कर लिया। इसके जवाब में, उनके परिवारों ने अपने प्रियजनों की तत्काल रिहाई की मांग को लेकर सैदान में सड़कें जाम कर और ट्रैफिक रोककर धरना प्रदर्शन किया है। बलूचिस्तान पोस्ट ने आगे बताया है कि खुजदार जिले में भी विरोध




प्रदर्शन हुए हैं, जहां निवासी जबरन गायब हुए लोगों की बरामदगी की मांग कर रहे हैं।

हाल ही की एक घटना में, पाकिस्तानी सेना ने रुस्तम खान के बेटे मोहम्मद सलीम के अपहरण का प्रयास किया, जब वह जेहरी तरासानी में अपने मवेशियों की देखभाल कर रहा था। हालांकि, स्थानीय निवासियों और सलीम के परिवार ने हस्तक्षेप कर अपहरण को रोक दिया। इसके बावजूद, सलीम का परिवार उसकी सुरक्षा को लेकर डरा हुआ है और उन्होंने बिलाल बलूचियों को चेतावनी दी है कि अगर उसे कोई नुकसान पहुंचा तो वे सरकार को जिम्मेदार ठहराएंगे।

पिछले कुछ दिनों में, खुजदार तहसील में कथित तौर पर 12 व्यक्तियों को अगवा किया गया, जिससे परिवारों ने विरोध में सड़कें जाम कर दीं। तुर्बत में इसी तरह की घटनाओं ने और अशांति फैला दी है। बताया जाता है कि पाकिस्तानी सेना ने सुबह 2 बजे के आसपास न्यू बहमन दन्नुक में घरों पर छापा मारा और हैदर अली के बेटे बिलाल बलूच और हैर मोहम्मद के बेटे इस्माइल बलूच को हिरासत में ले लिया।

बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार दोनों लोगों को अज्ञात स्थान पर ले जाया गया। तुर्बत में अगवा किए जाने के कारण शापुक के पास तुर्बत-क्वेटा एम-8 सीपीईसी हाईवे पर विरोध प्रदर्शन हुए, जहां महिलाओं, बच्चों और युवाओं ने सड़क जाम कर दी। वे मुनीर अहमद, शकील रिंद और शेख गुलाम कादिर की रिहाई की मांग कर रहे हैं, जिन्हें 12 जनवरी, 2025 को दुकरम मवेशी बाजार के पास हिरासत में लिया गया था। सात अतिरिक्त परिवार, जिनके रिश्तेदार भी लापता हो गए हैं, विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गए हैं, जिससे न्याय की मांग और बढ़ गई है।

# जॉर्जिया मेलोनी को देख अल्बानियाई पीएम एडी रामा बैठे घुटनों पर और गाने लगे गाना



अबू धाबी, 16 जनवरी (एजेंसियां)। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी 48 साल की हो गईं। उनके लिए बुधवार का दिन बड़ा ही खास और हैरान करने वाला था। दरअसल, अल्बानिया के प्रधानमंत्री एडी रामा ने कुछ अलग अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी। एडी रामा मेलोनी को देखते ही उनके लिए घुटनों पर बैठ गए और स्कार्फ उपहार में दिया। इतना ही नहीं उन्होंने गाना गाकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। बता दें, ये दिलचस्प वाकया संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में हुआ, जहां कई देशों के राष्ट्र प्रमुख वर्ल्ड फ्यूचर एनर्जी समिट में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। काफी लंबे रामा के सामने जब इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी आईं तो उन्होंने घुटनों पर बैठकर उनके लिए (हैप्पी बर्थडे) गाना गाया।

# ओहायो सीनेट सीट से चुनाव लड़ना चाहता है ये शख्स

## पहले रह चुका है रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार

वाशिंगटन, 16 जनवरी (एजेंसियां)। पूर्व रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार विवेक रामास्वामी ने ओहायो यूएस सीनेट सीट में रुचि व्यक्त की है, जिसे नवनिर्वाचित अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की तरफ से खाली किया गया था, बायोटेक उद्यमी की इच्छाओं के बारे में सीधे जानकारी रखने वाले दो लोगों ने द एसोसिएटेड प्रेस को जानकारी दी है। सिनसिनाटी के बायोटेक उद्यमी विवेक रामास्वामी 2026 में ओहायो के गवर्नर के लिए एक अभियान पर विचार कर रहे थे और संघीय सरकार के खर्च, विनियमन और कर्मियों में कटौती करने के लिए एक गैर-सरकारी प्रयास का नेतृत्व करने वाले अरबपति एलोन मस्क के भागीदार के रूप में अपने नीति पोर्टफोलियो का निर्माण करने की उम्मीद कर रहे थे।

**विवेक रामास्वामी ने डोनाल्ड ट्रंप से की बातचीत**

एक शख्स के अनुसार, हाल के हफ्तों में, विवेक रामास्वामी ने सीनेट सीट को भरने के बारे में नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति



डोनाल्ड ट्रंप के साथ कई बार बातचीत की है। उस व्यक्ति ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ने संघीय नौकरशाही को कम करने के ट्रंप के लक्ष्य से परिचित व्यक्ति के रूप में सीट लेने पर विचार करने के लिए विवेक रामास्वामी से संपर्क किया।

**वेंस के उत्तराधिकारी की नियुक्ति करेंगे गवर्नर**

ओहायो के रिपब्लिकन गवर्नर माइक डेविन वेंस के उत्तराधिकारी की नियुक्ति करेंगे, जो 2022 में सीनेट के लिए चुने गए थे, लेकिन सोमवार को रिपब्लिकन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने वाले हैं। माइक डेविन की तरफ से नियुक्त व्यक्ति दिसंबर 2026 तक काम करेगा। उन्हें नवंबर 2026 में शेष अवधि के लिए फिर से चुनाव लड़ना होगा।

**रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार रहे थे रामास्वामी**

बता दें कि, रामास्वामी ने पिछले साल 2024 के रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के लिए नामांकन के लिए बाहरी उम्मीदवार के तौर पर दावेदारी की थी, लेकिन आयोवा के लीडऑफ प्रीसिंक्ट कॉकस में चौथे स्थान पर रहने के बाद उन्होंने अपना अभियान स्थगित कर दिया। फिर रामास्वामी ने ट्रंप का समर्थन किया और अभियान के लिए नियमित प्रतिनिधि बन गए, युद्ध के मैदान वाले राज्यों में धन उगाहने वाले कार्यक्रमों में मुख्य भूमिका निभाई।

# खनिकों-पुलिस के बीच गतिरोध में 87 की मौत

## बचाव अभियान में 240 लोगों को खदान से निकाया गया बाहर

जोहान्सबर्ग, 16 जनवरी (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका में एक सोने की खदान में अवैध रूप से भूमिगत काम करने के दौरान फंसे खनिकों और पुलिस के बीच एक महीने से जारी गतिरोध में मरने वालों की संख्या कम से कम 87 हो गई है। पुलिस ने बताया कि उन्होंने एक बचाव अभियान चलाकर 240 से अधिक जीवित लोगों को खदान से बाहर निकाला। राष्ट्रीय पुलिस प्रवक्ता एथलेंडा माथे ने कहा कि सोमवार से शुरू हुए बचाव अभियान में खदान से 78 शव निकाले गए, जबकि नौ अन्य शव पहले ही बरामद किए गए थे। राष्ट्रीय पुलिस प्रवक्ता एथलेंडा माथे ने फिलहाल इस बात का विवरण नहीं दिया कि शव कैसे निकाले गए। कम्यूनिटी ग्रुप ने कहा कि उन्होंने अपने बचाव के प्रयास खुद शुरू किए थे, क्योंकि पिछले साल अधिकारियों ने कहा था कि वे खनिकों की मदद नहीं करेंगे, क्योंकि वे अपराधी है। खनिकों की मौत का कारण भूख और निर्जलीकरण को बताया जा रहा है। अधिकारियों का मानना है कि लगभग दो हजार खनिक पिछले साल अगस्त से जोहान्सबर्ग के दक्षिण-पश्चिम में बफेल्सफोंटेन गोल्ड माइन में अवैध रूप से काम कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि सभी जीवित लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बुधवार को बचाव अभियान समाप्त करने की घोषणा की। उनका मानना है कि अब कोई भी भूमिगत नहीं है। इसकी पुष्टि के लिए गुरुवार को एक कैमरा खदान में भेजा जाएगा। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बचाव अभियान से पहले कम से कम 13 बच्चे भी खदान से बाहर निकाले गए। पुलिस ने बताया कि अधिकांश खनिक पड़ोसी देशों के रहने वाले हैं। एक कैबिनेट मंत्री ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, खनिकों को बाहर निकालने के प्रयास में पिछले साल कुछ समय के लिए उन्हें भाजन और अन्य आपूर्ति में कटौती की गई थी।

# शी जिनपिंग से मिले श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके

बीजिंग, 16 जनवरी (एजेंसियां)। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके चीन के चार दिवसीय राजकीय दौरे पर हैं। बीजिंग में उन्होंने अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग से मुलाकात की है। बीते साल पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनका पहला चीन दौरा है। दिसानायके इसके पहले राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले विदेशी दौरे के लिए भारत को चुना था। बुधवार 15 जनवरी को दिसानायके के साथ मुलाकात के दौरान शी जिनपिंग ने एक बार फिर से बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव को बढ़ाने की कोशिश की।

# पाकिस्तान में सियासी उथल-पुथल

## इमरान खान की पार्टी के दो वरिष्ठ नेताओं ने सेना प्रमुख से की मुलाकात


इस्लामाबाद, 16 जनवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान में सियासी उथल-पुथल जारी है। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के दो वरिष्ठ नेताओं ने सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से मुलाकात की। साथ ही, पार्टी के प्रतिनिधियों ने सरकार के सामने अपने राजनीतिक मुद्दे पेश किए ताकि मौजूदा सियासी तनाव को हल किया जा सके।

बता दें, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक 72 वर्षीय खान ने रावलपिंडी की अदियाला जेल से पत्रकारों को बताया कि उनकी पार्टी के नेताओं ने सेना प्रमुख से मुलाकात की। उन्होंने यह भी बताया कि पार्टी के नेता इससे अलग भी बातचीत के जरिए अपनी मांगों को पूरा करवाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी लंबे समय से बातचीत की कोशिश कर रही थी।

पीटीआई अध्यक्ष गौहर अली खान ने बताया कि इमरान खान ने सेना प्रमुख के साथ हुई मेरी बैठक को लेकर जो भी कहा वो एकदम सही है। उन्होंने यह भी कहा कि वह और खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर इस सप्ताह पेशावर में जनरल मुनीर से मिले थे। उन्होंने बैठक के पीछे का लक्ष्य बताते हुए कहा, 'हमारा मकसद पार्टी की सभी मांगों को सीधा मुनीर के सामने रखना था। हमने उनसे मुलाकात करके उन्हें अपनी सभी मांगों से अवगत कराया। उन्होंने इसे एक सकारात्मक कदम बताया।'

वहीं, पीटीआई ने सरकार के सामने अपनी राजनीतिक मांगों का एक दस्तावेज पेश किया। यह तीसरी बार था जब पीटीआई और सरकार के बीच वार्ता हो रही थी। यह वार्ता 23 दिसंबर से शुरू हुई थी और अब तक तीन दौर हो चुके हैं। इस बैठक में दोनों पक्षों ने सियासी तनाव कम करने के लिए चर्चा की।

नेशनल असेंबली के स्पीकर अयाज सादिक ने पीटीआई के छह नेताओं और सरकार के आठ प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की।नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब, खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर, पीटीआई नेता असद कैसर, सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के प्रमुख हामिद रजा, मजलिस वहदत-ए-मुस्लिमीन के प्रमुख सीनेटर राजा नासिर अब्बास जाफरी और पीटीआई के महासचिव सलमान अकरम राजा ने विपक्ष से भाग लिया।



# पानी की कमी होगी दूर, 45 हजार गांवों में होगा काम

## पीकेसी-ईआरसीबी को लेकर भी सीएम ने कहा जल संचय के लिए काम शुरू होगा

जयपुर, 16 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में पानी की कमी को दूर करने के लिए भजनलाल सरकार लगातार प्रयासरत है। ऐसे में अब प्रदेश के 45 हजार गांवों में जल संचय के लिए बड़ा काम शुरू होगा। यहां भू-जल बढ़ाने, तालाब और झीलों के पानी के संरक्षण के लिए अभियान चलेगा। इसके लिए प्रवासी राजस्थानी भी सहयोग करेंगे। सीएम भजनलाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थानियों से जल संचय-जन भागीदारी के सामाजिक सरोकार अभियान से जुड़ने के लिए



कहा। सीएम भजनलाल ने मुख्यमंत्री आवास पर उद्योगपतियों, प्रवासी राजस्थानियों को संबोधित किया।

सीएम ने कहा कि पानी की कमी के कारण ही कई लोग प्रवासी बने, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। इस दौरान केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल भी साथ रहे।

**90 प्रतिशत पैसा केन्द्र देगा**

पीकेसी-ईआरसीपी की लागत की 90 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार वहन कर रही है। राजस्थान को तो केवल 10 प्रतिशत राशि ही खर्च करनी पड़ेगी।

**सीएम ने यह भी कहा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अरब सागर में जा रहे पानी को सहेजने के लिए उदयपुर में देवास योजना के तीसरे और चौथे चरण की शुरुआत की गई है। इससे उदयपुर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़ वासियों को पानी मिलेगा।

बारिश का पानी ज्यादा आता है तो यहां अतिरिक्त पानी दूसरे जिलों तक भी ला सकते हैं। तहसील और जिलों के विकास के लिए जल्द बड़ी योजनाएं लाने पर भी काम हो रहा है।

# जिलों के बाद अब 9 ट्रेजरी समाप्त

## नई व्यवस्था 1 फरवरी से होगी प्रभावी

जयपुर, 16 जनवरी (एजेंसियां)। भजनलाल सरकार की ओर से समाप्त किए गए 9 जिलों में अब ट्रेजरी भी समाप्त कर दी गई हैं। इन्हें अब फिर से सब ट्रेजरी बना दिया है। समाप्त किए गए जिलों की सब ट्रेजरी फिर से मूल जिले की ट्रेजरी के अधीन हो जाएगी। यह व्यवस्था 1 फरवरी से प्रभावी हो जाएगी। इसके साथ ही राज्य सरकार ने जिला और संभाग के बाद पुलिस रेंज का भी पुनर्गठन कर दिया है।

सब ट्रेजरी पुनः मूल जिलों की ट्रेजरी में शामिल

भजनलाल सरकार ने हाल ही अनूपगढ़, दूदू, जयपुर ग्रामीण, गंगापुर सिटी, जोधपुर ग्रामीण, नीमकाथाना, केकड़ी, सांचोर, शाहपुरा जिले समाप्त कर दिए। इनको फिर से सब ट्रेजरी बना दिया है। समाप्त किए गए इन जिलों की सभी सब ट्रेजरी पुनः मूल जिलों की ट्रेजरी में शामिल कर दी गई है।

**पुलिस रेंज का भी पुनर्गठन**

राज्य सरकार ने जिला और संभाग के बाद अब पुलिस रेंज का भी पुनर्गठन कर दिया है। जयपुर और जोधपुर में पुलिस आयुक्तालय है, जयपुर-जोधपुर रेंजों में पुलिस जिलों की संख्या सबसे अधिक 8-8 है।

**गृह विभाग से आदेश जारी**

गृह विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार अजमेर रेंज में अजमेर, भीलवाड़ा, ब्यावर, टोंक, नागौर व डीडवाना-कुचामन, बीकानेर रेंज में बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ व चूरू, भरतपुर रेंज में भरतपुर, धौलपुर, करौली, डीग व सवाईमाधोपुर, जयपुर रेंज में जयपुर ग्रामीण, कोटपूतली-बहरोड़, दौसा, अलवर, खैरथल-तिजारा, भिवाडी, झुंझुनूं व सीकर हैं।

**पुलिस आयुक्तालयों को पुलिस रेंजों से रखा गया है अलग**

वहीं, जोधपुर रेंज में जोधपुर ग्रामीण, फलौदी, जैसलमेर, बाड़मेर, बालोतरा, पाली, सिरोही व जालोर, कोटा रेंज में कोटा शहर, कोटा ग्रामीण, बूंदी, बारां व झालावाड़ तथा उदयपुर रेंज में उदयपुर, चित्तौड़गढ़, राजसमन्द, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा व सलूम्बर पुलिस जिले शामिल किए गए हैं। जयपुर और जोधपुर शहरों के लिए बनाए गए पुलिस आयुक्तालयों को पुलिस रेंजों से अलग रखा गया है।

# दौसा में चुनाव क्यों हार रही बीजेपी? कांग्रेस की जीत पर सांसद ने कहा

दौसा, 16 जनवरी (एजेंसियां)। दौसा विधानसभा हो, दौसा लोकसभा हो चाहे दौसा विधानसभा उपचुनाव या फिर नगर परिषद उपचुनाव, तमाम स्तरों पर चुनाव हुए। लेकिन भाजपा बैक-टू-बैक चुनाव हार रही है, जिसका ठीकरा हार के बाद अलग-अलग तरीकों से अलग-अलग लोगों पर फोड़ा गया। लेकिन पार्टी ने अभी तक इस पर कोई मंथन करते हुए किसी के सिर पर जिम्मेदारी का ठीकरा नहीं फोड़ा। नहीं तो शायद जिले में भाजपा मजबूत होकर चुनाव लड़ती और चुनाव जीत जाती। आखिर क्या रही सारी गणित जानिए। इसी पर कांग्रेस से दौसा सांसद मुरारीलाल मीणा ने भाजपा पर हमला करते हुए बयान दिया है।

दौसा विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने शंकर शर्मा को बीजेपी से टिकट दिया और कांग्रेस के उम्मीदवार मुरारीलाल मीणा ने शंकर शर्मा को अच्छे खासे वोटों के अंतराल से चुनाव हराया। इस हार के बाद भाजपा उम्मीदवार ने शंकर शर्मा का बयान भी आया था कि उनके साथ पार्टी कार्यकर्ताओं ने धोखा किया, जिसके चलते विधानसभा चुनाव 2023 भाजपा को दौसा विधानसभा सीट से हारना पड़ा।

इधर, 2024 में लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने टिकट पर कन्हैयालाल मीणा ने चुनाव लड़ा तो कांग्रेस ने टिकट पर तत्कालीन विधायक मुरारीलाल मीणा ने उनके सामने चुनाव लड़ा। अबकी बार भी भाजपा और कांग्रेस दोनों के बीच मुकाबला था। इसी बीच चुनाव कांग्रेस प्रत्याशी और तत्कालीन विधायक मुरारीलाल मीणा चुनाव जीत गए। इसके बाद भी भाजपा ने हार का ठीकरा कई हिस्सों में बांटते हुए फोड़े।



उधर, विधायक मुरारीलाल मीणा के सांसद बनने के बाद एक बार फिर दौसा विधानसभा खाली हो गई और साल 2024 में उपचुनाव हुए इस उपचुनाव में भाजपा ने डॉक्टर किरोड़ीलाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा को भाजपा का टिकट देकर चुनावी मैदान में उतरा तो कांग्रेस ने दीनदयाल उर्फ डीसी बैरवा को टिकट देकर चुनावी मैदान में उतार दिया, दोनों के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा था। लेकिन इस सीधी टक्कर के बीच एक बार फिर कांग्रेस इस विधानसभा उपचुनाव को जिताने में कारगर साबित हुई और डीसी बैरवा विधायक बने।

इन सबके बीच दौसा नगर परिषद के वार्ड नंबर 17 के उपचुनाव अगस्त 2024 में घोषित हुए। लेकिन किन्हीं कर्म के चलते नगर परिषद के उपचुनाव को निरस्त करना। उसके बाद एक बार फिर नगर परिषद वार्ड नंबर 17 के उपचुनाव नौ जनवरी को संपन्न हुए। इस चुनाव के दौरान भाजपा ने भूपेंद्र सैनी को चुनावी मैदान में उतरा तो कांग्रेस ने वार्ड नंबर 17 के पूर्व पार्षद मोहन प्रजापत के बेटे दीपक प्रजापत को टिकट देकर वार्ड पार्षद का चुनाव लड़ाया। एक बार फिर वही हुआ जिसका लगातार डर था और कांग्रेस के दीपक प्रजापत इस नगर परिषद उपचुनाव को जीतने में कामयाब साबित हो गए और अब उन्होंने चुनाव जीतने के बाद एक बड़ा इल्जाम भाजपा पर लगाया था। इधर, कांग्रेस के बैक टू बैक चुनाव जीतने पर दौसा सांसद मुरारीलाल मीणा ने कहा है कि हमारी जीत का मूल मंत्र हमारे कार्यकर्ता हैं, जो हमारे लिए जी और जान से काम करते हैं। यही कारण है कि कांग्रेस बैक टू बैक चुनाव जीत रही है।

# प्रवासी पक्षियों की मौत के बाद आई जांच रिपोर्ट से दहशत

## जैसलमेर में बर्ड फ्लू का अलर्ट

जैसलमेर, 16 जनवरी (एजेंसियां)। पिछले कई दिनों से जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से 9 कुरजां पक्षियों के शव मिलने की घटना के बाद से प्रशासनिक अमला अलर्ट हो गया है। पक्षी विशेषज्ञ लगातार इसके कारण तलाशने में जुटे हुए थे। भोपाल लैब से आई मृत पशुओं की जांच रिपोर्ट ने सभी को चौंका दिया, जिसमें बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट आने के बाद जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने अधिकारियों की बैठक ली। इसमें चिकित्सा विभाग, पक्षी विशेषज्ञ, प्रशासनिक अधिकारी, वेटेनरी विभाग, आपदा प्रबंधन एवं वन



विभाग के अधिकारियों सहित अन्य ने शिरकत की।

बैठक में इस वाइरस से निपटने को टीमों का गठन कर विशेष सावधानी बरतने के दिए निर्देश दिए गए। प्रवासी पक्षियों की मौत होने से लोगों में डर का माहौल है। जिला प्रशासन ने तत्काल एक प्रारंभिक बचाव टीम का किया गठन।

पशु पालन विभाग व वन विभाग की संयुक्त रूप से भी एक टीम बनाई गई इनके अधिकारियों द्वारा तालाबों व विभिन्न जलाशयों पर गश्त बढ़ाई।

चूंकि संक्रमण प्रवासी पक्षियों में मिला है सो यह भी आशंका जताई जा रही है कि पड़ोसी देश पाकिस्तान इस बर्ड फ्लू का संक्रमण भारतीय पक्षियों में फैलाने की साजिश रच रहा है। हालांकि फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। अभी प्रशासन का एक मात्र लक्ष्य इस संक्रमण को फैलने से रोकना है।

# गैंगस्टर की पत्नी बिजनेसमैन को देती थी धमकी

## राजू ठेहट हत्याकांड में शूटर को दिए थे हथियार और रुपए; इटली से हुई गिरफ्तार

जयपुर, 16 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने लॉरेंस विश्नोई और रोहित गोदारा गैंग के सक्रिय बदमाश की पत्नी को गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को इटली के ट्रेपानी शहर से दबिश देकर लोकल पुलिस की मदद से उसको पकड़ा गया है। आरोपी महिला अपने पति की मदद से टूरिस्ट वीजा पर देश से भागी थी। सुधा कंवर पर बिजनेसमैन को धमकी देने, फायरिंग करवाने के आरोप हैं। राजू ठेहट हत्याकांड में भी उसका हाथ सामने आया था।

एडीजी दिनेश एमएन ने बताया- एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने गैंगस्टर रोहित गोदारा गैंग के सक्रिय बदमाश अमरजीत विश्नोई की पत्नी सुधा कंवर (26) निवासी बीछवाल बीकानेर को गिरफ्तार करवाया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंटरपोल एजेंसी के साथ समन्वय बनाकर एजीटीएफ टीम ने कार्रवाई करवाई है। इटली की लोकल पुलिस के जरिए बुधवार को ट्रेपानी शहर के सिसली इलाके में दबिश देकर सुधा कंवर को पकड़ा गया।

दिनेश एमएन ने बताया- गैंगस्टर अमरजीत विश्नोई और उसकी पत्नी सुधा कंवर व्यापारियों को धमकी भरे कॉल कर जबरन वसूली करते हैं। वसूली के रुपए नहीं मिलने पर गैंग के बदमाश पीड़ित बिजनेसमैन और उसके परिवार पर गोलीबारी तक करते हैं। सुधा कंवर का पति अमरजीत विश्नोई रोहित गोदारा और गिरोह के अन्य सदस्यों के लिए 'डब्बा कॉल' की व्यवस्था करता था। अमरजीत को एजीटीएफ की सूचना पर पिछले साल 8 जुलाई को इटली में स्थानीय पुलिस के जरिए गिरफ्तार किया जा चुका है।

एडीजी ने बताया- गैंगस्टर अमरजीत की पत्नी सुधा कंवर (26) मूलतः मेड़ता सिटी (नागौर) की रहने वाली है। पहले पति से तलाक होने के बाद इसने अमरजीत विश्नोई के साथ शादी की थी और अपराध की दुनिया में शामिल होकर पति का साथ देने लगी। 3 दिसंबर 2022 को गैंगस्टर राजू ठेहट हत्याकांड के शूटरों में से मनीष उर्फ बच्चिया को सुधा कंवर ने रुपए ट्रांसफर कर और हथियार उपलब्ध करवाकर मदद की थी। पुलिस ने 5 फरवरी 2023 को मामले में सुधा कंवर को अरेस्ट कर जेल भेज दिया था।

कोर्ट से जमानत मिलने पर सुधा कंवर जेल से बाहर आ गई। जमानत मिलने पर सुधा कंवर को पति अमरजीत ने विदेश में बुलवा लिया। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स को जानकारी मिली कि 10 अक्टूबर 2023 को टूरिस्ट वीजा पर शारजाह के रास्ते सुधा कंवर इटली चली गई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंटरपोल एजेंसी के साथ समन्वय कर इसका संपूर्ण आपराधिक रिकॉर्ड, डोजियर, कोर्ट वारंट के साथ तलाश और गिरफ्तारी के लिए लेटर लिखकर दुबई और इटली के लिए इंटरपोल रेफरेंस दिया गया। इंटरपोल से सुधा कंवर का रेड नोटिस जारी करवाया गया। सुधा कंवर के इटली के सिसली में रहने की पुख्ता जानकारी मिली। सूचना का सत्यापन करने के लिए इंटरपोल को रेफरेंस लेटर जारी कराने के बाद इटली की लोकल पुलिस ने सुधा कंवर को अरेस्ट कर लिया। पूर्व में अमरजीत विश्नोई की भारत लाने की लिए प्रत्यर्पण की प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है।

## इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रोफेसर ने किया सुसाइड

उदयपुर, 16 जनवरी (एजेंसियां)। उदयपुर की महाराणा प्रताप यूनिवर्सिटी के सीटीएई कॉलेज में गुरुवार सुबह प्रोफेसर ने सुसाइड कर लिया। उनका शव कॉलेज के ऑफिस में फंदे से लटका मिला। स्टाफ की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें प्रोफेसर ने अपनी बीमारी से परेशान होने और उसके कारण ये कदम उठाने की बात लिखी है। घटनास्थल का मुआयना करने के बाद पुलिस ने शव को एमबी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया। प्रतापनगर थानाधिकारी भरत योगी ने बताया- यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी के कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग (सीटीएई) में प्रोफेसर नवीन चौधरी (54) ने सुसाइड कर लिया। वे कम्प्यूटर साइंस विभाग में कार्यरत थे। प्रोफेसर नवीन सुबह करीब 9 बजे कॉलेज पहुंचे थे। उन्होंने हाजिरी रजिस्टर में साइन किया था। थानाधिकारी ने बताया- स्टाफ ने पूछताछ में बताया कि प्रोफेसर नवीन हर दिन एचओडी सहित अन्य स्टाफ से मुलाकात करते थे।

# विधायक जितेंद्र गोठवाल बोले- कांग्रेस शुरू से ही भीमराव आंबेडकर और दलित विरोधी रही है

सवाई माधोपुर, 16 जनवरी (एजेंसियां)। भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के योगदान को लेकर भाजपा द्वारा राजस्थान में संविधान गौरव यात्रा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सवाई माधोपुर में भाजपा द्वारा एक प्रेसवार्ता आयोजित की गई। जिला भाजपा कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा के प्रदेश मंत्री और खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल और भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित मीडिया से रूबरू हुए।

इस दौरान गोठवाल ने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार शुरू से ही बाबा साहब की विरोधी रही है। बाबा साहब ने जब अपने राजनीतिक जीवन का शुभारंभ किया तो बाबा साहब ने सर्वप्रथम महाराष्ट्र से चुनाव लड़ा और उनका राजनीतिक चुनाव में



विरोध करने वाला अगर कोई व्यक्ति था तो वह कांग्रेस के बड़े नेता थे। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस शुरू से ही बाबा साहब भीमराव आंबेडकर और दलित समाज की विरोधी रही है।

गोठवाल ने कहा कि भाजपा ने भारत रत्न डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के विचारों को अपनाया है। बाबा साहब की न्याय, समानता और सशक्तिकरण पर आधारित एक आदर्श राष्ट्र की परिकल्पना थी, जिसको भाजपा ने अपनाते हुए सामाजिक और आर्थिक सुधारों की दिशा में अनेक कदम उठाए हैं। बाबा साहब को भाजपा समर्थित सरकार ने भारत रत्न प्रदान किया तथा साल 1990 में संसद में उनका चित्र भी स्थापित किया, भाजपा ने अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए आरक्षण को 10 वर्षों के लिए बढ़ाया। भाजपा ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 को हटाकर वहां के नागरिकों को समान अधिकार प्रदान किया, जो की आंबेडकर के दृष्टिकोण के अनुरूप था। भाजपा सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने की परंपरा शुरू की। बाबा साहब की 125वीं जयंती के अवसर पर 125 और 10 रुपये के स्मारक सिक्के जारी किए, जो राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को चिन्हित करेंगे। कांग्रेस हमेशा से ही आंबेडकर की विरोधी रही है। उन्होंने सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन में सदैव बाबा साहब को कमजोर करने का प्रयास किया है।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों को लेकर कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के हजारों युवाओं को सरकारी नौकरी की सौगात दी।

भाजपा की सरकार मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में प्रदेश की पहली ऐसी सरकार है, जो लगातार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का काम कर रही है। दूसरी ओर कांग्रेस की सरकार थी, जहां पर युवाओं को रोजगार का अता-पता नहीं था, बल्कि कांग्रेस नेता मिलकर पेपर लीक करते थे।

# वन विभाग का ऑपरेशन डिकॉय, बरामद हुए शेर के नाखून, हाथी दांत, गेंडे की खाल और अन्य सामग्री

जालोर, 16 जनवरी (एजेंसियां)। जालोर वन विभाग टीम ने सोशल मीडिया के जरिये वन्य जीव उत्पादों के बेचने की गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जिले में ऑपरेशन डिकॉय चलाकर दुकान से कथित 11 बब्बर शेर के नाखून, दो गैंडे की चमड़ी निर्मित कड़े, एक हाथी दांत का ब्रेसलेट बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार जिले में अलग-अलग जगह पर सोशल मीडिया के जरिए वन्य जीव उत्पादों की सामग्री के व्यापार की विभाग को सूचना मिली थी। जिसमें जिले के सायला उपखंड क्षेत्र के सियावट कस्बे में एक प्रतिष्ठान पर डिकॉय ऑपरेशन कर वन विभाग टीम ऑपरेशन के तहत 11 बब्बर शेर के नाखून, दो गेंडे की चमड़ी निर्मित कड़े, एक हाथी दांत का ब्रेसलेट बरामद किया है। जिसका यह कथित तौर पर व्यापार करते थे और मनमाने दामों पर बेचते थे।



डीएफओ देवेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि जूनागढ़ गुजरात के मुख्य वन संरक्षक के रमेश द्वारा संभागीय मुख्य वन संरक्षक जोधपुर आरके जैन के निर्देशानुसार डिएफओ जालोर को मिली जिस पर देवेन्द्रसिंह भाटी नेतृत्व में टीम ने विभिन्न स्थानों पर वन्य जीव अवशेषों से निर्मित उत्पादों के इंस्टाग्राम साइट के जरिए बेचने व खरीद फरोख्त की सूचनाओं के आधार पर गुप्त डिकॉय ऑपरेशन किया गया। जिसमें सियावट स्थित लक्ष्मी फैशन एंड साफा हाउस के ऑनर नरेन्द्रसिंह पुत्र छैलसिंह रावणा राजपूत निवासी सुराणा, वहीं जीवाणा स्थित मारवाड़ी साफा हाउस के हस्तारााम पुत्र भवूताराम कलबी निवासी आलवाड़ा के प्रतिष्ठान पर बौगस ग्राहक बनकर पहुँचे। जिस पर कथित वन्य जीव सामग्री जब्त की गई। आरोपियों से कड़ी पूछताछ कर उनको सप्लाई करने वालो की व्हाट्सएप चेट खंगाल कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में इस प्रकार की गतिविधि करने वालों में हड़कंप मच गया। इस कार्रवाई में मुख्य सरगना के तौर पर बालाजी मोबाइल एंड रिपेरिंग पॉइंट जालमसिंह राव निवासी धुमबड़िया का नाम सामने आया है। जिस पर अग्रिम कार्रवाई जारी रहेगी। बता दें कि इन सामग्री का सोशल मीडिया के जरिए इंस्टाग्राम पर प्रचार किया जा रहा था ताकि अधिक लोगों तक इसकी जानकारी पहुंच सके और उनका माल अधिक बिके, इतना ही नहीं इंस्टाग्राम पर बाकायदा बेचने वाले ने उसका मोबाइल नंबर भी डाल रखा था।

# सुबह के लिए बचाई रोटी खाने पर दोस्त की ली जान, आरोपी गिरफ्तार



बांसवाड़ा, 16 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में स्थित कोहला गांव में रोटी के लिए कत्ल का मामला सामने आया है। मामला गत सप्ताह का है। जिसमें आरोपी राजू निनामा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।आरोपी ने हत्या करना स्वीकार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार 11 जनवरी को कोहला गांव निवासी लवजी निनामा ने छोटे भाई हिरजी की हत्या का मामला दर्ज कराया था। जिसमें उसने बताया कि सुबह राजेश निनामा ने बताया कि हिरजी की मौत हो गई है। उसकी लाश शांति के घर के अंदर पड़ी है। इस पर वह वहां पहुंचा। घर का दरवाजा बंद था। अंदर घर के एक कोने में उसके भाई की लाश पड़ी थी और सिर से खून निकला हुआ था।

गिरफ्तार आरोपी राजू ने बताया कि दस जनवरी रात को वह बाजार से रोटी सब्जी लाया था। खाना खाने के बाद कुछ रोटी सब्जी बची थी, जिसे उसने सुबह के लिए रख दिया। इसी दौरान हिरजी भी वहां पहुंच गया। दोनों ने शराब पी। इसके बाद हिरजी बची हुई रोटी को खाने लगा तो आरोपी ने उसे मना किया। इस बात विवाद हो गया एवं गाली-गलोच से गुस्साए आरोपी राजू निनामा ने हिरजी की हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि पड़ताल में हिरजी का राजू के घर की तरफ जाते देखा जाना सामने आया। इसके चलते उस पर शक हो गया। पुलिस ने उससे पूछताछ की, पहले तो वह ना नुकूर करता रहा, लेकिन जब सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने वारदात करना स्वीकार कर लिया।

## ग्रामीणों के लिए दहशत बने दो भालू पिंजरे में हुए कैद

### 20 दिन से मचा रहे थे आतंक

सवाई माधोपुर, 16 जनवरी (एजेंसियां)। सवाई माधोपुर के रणथम्भौर टाइगर रिजर्व के निकटवृति सावटा एवं तलवाड़ा गांव में विगत करीब 20 दिनों से आमजन के लिए दहशत का पर्याय बना चुके दो भालू आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो ही गए। सांवटा एवं तलावड़ा गांव में करीब 20 दिनों से दो भालुओं का मूवमेंट बना हुआ था, जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त थी। भालू विगत 20 दिनों से रात के समय दोनों गांवों के कई घरों व दुकानों में घुसकर खाद्य सामग्री चट कर रहे थे और बहुत से घरों के कई सामान खराब कर देते थे। ग्रामीणों की शिकायत पर भालुओं को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम पिछले कई दिन से प्रयास भी कर रही थी। शातिर भालू वन विभाग के शिकंजे में नहीं आ रहे थे। कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार वन विभाग की टीम को दोनों भालुओं को पकड़ने में सफलता हासिल की।

# चोरों का आतंक, गाड़ी से बांधकर उखाड़ ले गए एसबीआई का एटीएम

बीकानेर, 16 जनवरी (एजेंसियां)। वज्जू थाना इलाके में मुख्य मार्ग पर लगे एक एटीएम को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। बीती रात अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। RD 860 पर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का एटीएम चोर गाड़ी के पीछे बांधकर उखाड़कर ले गए। हैरत की बात है कि मुख्य मार्ग पर स्थित इस एटीएम को उखाड़ते समय स्थानीय लोगों ने नहीं देखा। देर रात हुई चोरी की इस घटना ने स्थानीय लोगों को स्तब्ध कर दिया है।

बताया जा रहा है कि चोरों ने पहले एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था को भांपा और फिर योजना के तहत चोरों ने पहले एटीएम का गेट को क्षतिग्रस्त कर एटीएम को भारी वाहन से बांधकर उखाड़ दिया। वारदात को अंजाम देने में चोरों ने कुछ ही मिनटों का समय लिया और घटनास्थल से फरार हो गए। घटना के बाद एटीएम में नकदी का आंकलन किया जा रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही वज्जू पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल से अहम सबूत जुटाए हैं और अब क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का मानना है कि यह वारदात किसी संगठित गिरोह द्वारा की गई हो सकती है। स्थानीय लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं और इस घटना के बाद क्षेत्र में भय का माहौल है। लोगों का कहना है कि मुख्य मार्ग पर इस तरह वारदात होना पुलिस की गश्त पर कहीं न कहीं सवाल खड़े करता है। फिलहाल, पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने इलाके में ए श्रेणी की नाकाबंदी कर चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

# मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव से की मुलाकात



नई दिल्ली/हैदराबाद, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव से तेलंगाना में किये जा रहे विभिन्न विकास कार्यों के लिए वन एवं पर्यावरण विभाग से अनुमति देने की अपील की। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने गुरुवार शाम दिल्ली स्थित उनके कार्यालय इंदिरा पर्यावरण भवन में केंद्रीय मंत्री से मुलाकात की। इस मौके पर सीएम ने कई मुद्दे केंद्रीय मंत्री के ध्यान में लाए।

उन्होंने बताया कि वन विभाग के परमिट न मिलने के कारण पूरे तेलंगाना में 161 परियोजनाएं रुकी हुई हैं। सीएम ने वन्यजीव संरक्षण कानूनों के तहत 38 परियोजनाओं को अनुमति देने को कहा है। सीएम रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि इनमें से अधिकतर परियोजनाएं राज्य के दूरदराज के इलाकों और वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में हैं। सीएम रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव को बताया कि परमिट नहीं आने के कारण एजेंसी क्षेत्रों में टावरों का निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्ग, पीएमजीएसवाई और पड़ोसी राज्यों को जोड़ने वाली सड़कों का निर्माण रुक गया है। सीएम ने गौरवेली परियोजना से संबंधित अनुमतियों का मामला केंद्रीय मंत्री के ध्यान में लाया। सीएम ने संबंधित कार्यों की शीघ्र अनुमति देने की अपील की। मुख्यमंत्री की अपील पर केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

मुख्यमंत्री के साथ राज्य के वन मंत्री कोंडा सुरेखा, राज्य के परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर, राज्य के राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी, महबुबाबाद के सांसद बलराम नाइक, राज्य की मुख्य सचिव शांति कुमारी, राज्य के मुख्य सचिव वी. शेषाद्रि भी थे। सरकारी सलाहकार (बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर) श्रीनिवास राजू, पीसीसीएफ डोबरियाल, तेलंगाना भवन के रेजिडेंट कमिश्नर गौरव उप्पल भी मौजूद थे।

## चोरों का 4 सदस्यीय गिरोह गिरफ्तार

हैदराबाद, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जीडीमेटला पुलिस ने गुरुवार को चोरों के एक चार सदस्यीय गिरोह को गिरफ्तार किया, जो 11 जनवरी को दर्ज एक मामले में कथित रूप से शामिल थे और उनके पास से 7 लाख रुपये की चोरी की संपत्ति बरामद की। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान सैयद फिरोज (31), मोहम्मद आलम (26), असलम खान (42) और मोहम्मद गफ्फार (46) के रूप में हुई है, जो सभी बहादुरपुरा के निवासी हैं। एक अन्य संदिग्ध सोहेल फरार है। पुलिस के अनुसार, 4 लोग जीडीमेटला के रामी रेड्डी नगर में एक कबाड़ की दुकान में घुसे। उन्होंने कबाड़ का कुछ हिस्सा चुरा लिया और उसे महबूबनगर में एक व्यक्ति को बेच दिया। डीसीपी बालानगर के सुरेश कुमार ने कहा कि गैंग को गजुलारामराम में उस समय पकड़ा गया जब वे स्थानीय कबाड़ विक्रेताओं को चोरी की गई बची हुई संपत्ति बेच रहे थे।

# सीपी ने पुलिस स्टॉल का उद्घाटन किया



हैदराबाद, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सी.वी.आनंद पुलिस आयुक्त हैदराबाद ने यातायात सुरक्षा, महिला सुरक्षा और साइबर अपराध के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए नामपल्ली के प्रदर्शनी मैदान में हैदराबाद सिटी पुलिस स्टॉल का उद्घाटन किया। पी.विश्व प्रसाद, हैदराबाद अतिरिक्त पुलिस आयुक्त यातायात, सुरेंद्र रेड्डी सचिव प्रदर्शनी सोसायटी और अन्य सदस्य शामिल हुए। सी.वी.आनंद सीपी हैदराबाद ने कहा कि यह स्टॉल लोगों में यातायात प्रबंधन और अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए हैदराबाद सिटी पुलिस द्वारा उपयोग की जाने वाली उन्नत तकनीकों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए स्थापित किया गया है। पुलिस आयुक्त ने प्रदर्शनी के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला, जो हर साल बड़ी संख्या में आगंतुकों को आकर्षित करती है।

सीपी हैदराबाद ने लोगों से यातायात सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, विशेष रूप से अपने बच्चों के साथ इस पुलिस प्रदर्शनी का दौरा करने का आग्रह किया। अपने भाषण में आयुक्त ने पुलिस स्टॉल के लिए जगह उपलब्ध कराने के लिए प्रदर्शनी सोसायटी को धन्यवाद दिया और शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करने में उनकी पहल की सराहना की तथा भविष्य में भी प्रदर्शनी सोसायटी को निरंतर सहयोग देने का आश्वासन दिया।

हैदराबाद के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त यातायात श्री विश्व प्रसाद आईपीएस ने कहा कि एक करोड़ से अधिक की आबादी वाले हैदराबाद में यह नहीं कहा जा सकता कि सभी को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। बी.के. राहुल हेगड़े, आईपीएस, डीसीपी यातायात-I, एन. अशोक कुमार, डीसीपी यातायात-II, आर. वेंकटेश्वरलू,श, डीसीपी यातायात-III, डी. कविता डीसीपी साइबर अपराध, लावण्या डीसीपी महिला सुरक्षा विंग, रामदास तेजा, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त यातायात-II, एसीएसपी और हैदराबाद यातायात पुलिस निरीक्षक तथा प्रदर्शनी सोसायटी के अन्य अधिकारी और सदस्य इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# छात्रों के लिए 'स्किल स्प्रिंट' इंटर्नशिप प्रोग्राम भविष्य की कार्यक्षमता को सशक्त बनाना : श्रीधर बाबू

हैदराबाद, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के आईटी और उद्योग मंत्री, दुद्दिल्ला श्रीधर बाबू ने छात्रों और बेरोजगार युवाओं के कौशल को विकसित करने के लिए 'स्किल स्प्रिंट' नामक एक विशेष इंटर्नशिप प्रोग्राम की घोषणा की है। इस पहल का आयोजन टी-वर्क्स और यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

कार्यक्रम का पोस्टर गुरुवार को सचिवालय में जारी किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्रीधर बाबू ने कहा, हम तेलंगाना को एक कुशल मानव संसाधन केंद्र में बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों के बीच की खाई को पाटते हुए, हम तेलंगाना के युवाओं को उद्योग की आवश्यकताओं के




अनुसार रोजगारोन्मुखी कौशल से सुसज्जित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। 'स्किल स्प्रिंट' इंटर्नशिप प्रोग्राम की अवधि 90 दिन है और यह इंजीनियरिंग, रोबोटिक्स, प्रबंधन, बिक्री, व्यवसाय विकास और विपणन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में लक्षित प्रशिक्षण प्रदान करता है। इन क्षेत्रों में स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त कर रहे छात्र इस कार्यक्रम के लिए पात्र हैं। कार्यक्रम की मुख्य विशेषता में विशेषज्ञ मार्गदर्शन : अनुभवी उद्योग पेशेवरों द्वारा मेंटरशिप, व्यावहारिक अनुभव: टी-वर्क्स में उन्नत सुविधाओं का उपयोग करके व्यावहारिक शिक्षा, प्रोजेक्ट विकास : छात्रों को स्वतंत्र प्रोजेक्ट डिजाइन और क्रियान्वयन के लिए प्रेरित करना, शैक्षणिक क्रेडिट्स : सफल प्रतिभागियों को यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी द्वारा प्रमाणित शैक्षणिक क्रेडिट्स दिए जाएंगे। मंत्री श्रीधर बाबू ने जोर देकर कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों को उद्योग की मांगों के अनुरूप कौशल से लैस करेगा, जिससे नवाचार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। इच्छुक कॉलेज और छात्र टी-वर्क्स कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं या आधिकारिक वेबसाइट Yisu.in पर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस घोषणा कार्यक्रम में टी-वर्क्स के सीईओ तानिकेला जोगिंदर और यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी के प्रभारी रजिस्ट्रार चमन मेहता ने भाग लिया और इस पहल के प्रति अपना उत्साह व्यक्त किया।

# बीजापुर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

## 12 नक्सली मारे जाने की खबर, गोलीबारी जारी

बीजापुर (छत्तीसगढ़), 16 जनवरी (एजेंसियां)। बीजापुर जिले के उसूर ब्लॉक के पुजारी कांकेर व मारुड़बाका के जंगल में गुरुवार को सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। सूत्रों के मुताबिक, मुठभेड़ में सुरक्षाबल के जवानों ने 12 नक्सलियों को मार गिराया है। बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर तीन जिलों के नक्सलियों के खिलाफ जवान बड़ा ऑपरेशन चला रहे हैं। गुरुवार को सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। दक्षिण बीजापुर के जंगल में सुबह करीब नौ बजे गोलीबारी शुरू हो गई। अधिकारी ने कहा कि रुक-रुककर गोलीबारी अभी भी जारी है, आगे की जानकारी की प्रतीक्षा है।

सूत्रों के मुताबिक, पुलिस फोर्स के वापस लौटने के बाद की पूरी तरह से स्पष्ट हो सकेगा कि कुल



कितने नक्सली मारे गये हैं। जवान नक्सलियों के शवों को लेकर जिला मुख्यालय पहुंचेंगे। इसके बाद इन शवों की शिनाख्ती की जाएगी। बताया जा रहा है कि इस नक्सल ऑपरेशन में करीब एक हजार जवान शामिल हैं। ज्वाइंट ऑपरेशन में सुकमा, दंतेवाड़ा डीआरजी के अलावा सीआरपीएफ के जवान भी शामिल हैं। जवानों ने नक्सलियों को चारों तरफ से घेर रखा है। इससे हड़बड़ाये नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवान मोर्चा संभाल कर मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। इस ऑपरेशन में नक्सलियों के भारी नुकसान की बात कही जा रही है। बस्तर आईजी पी सुंदरराज इस नक्सल ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहे हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीन जिलों के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के कर्मी, सीआरपीएफ की विशिष्ट जंगल युद्ध इकाई कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन) की पांच बटालियन और सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) की 229वीं बटालियन ऑपरेशन में शामिल हैं। 12 जनवरी को बीजापुर के मद्देड़ थाना क्षेत्र में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में दो महिलाओं समेत पांच नक्सली मारे गये थे।

पुलिस ने कहा था कि दो साल में छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों पर अपने सबसे बड़े हमले में नक्सलियों ने इस महीने की शुरूआत में बीजापुर जिले में 60 से 70 किलोग्राम वजन वाले एक तात्कालिक विस्फोटक उपकरण का उपयोग करके एक वाहन को उड़ा दिया, जिसमें आठ सुरक्षाकर्मी और उनके नागरिक चालक की मौत हो गई।

# कर्नाटक संगीत के 10 गौरवशाली वर्षों का मनाया गया जश्न



हैदराबाद, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कर्नाटक संगीत का उत्सव संकीर्तनोत्सव ने अपना 10वां वर्ष पूरा कर लिया है। कर्नाटक संगीत और इस शैली पर आधारित सभी धाराओं को प्रचारित करने के उद्देश्य से शुरू किए गए इस महोत्सव ने गायन संगीत, वाद्य संगीत, हिंदुस्तानी संगीत, अभंग संकीर्तन, हरिकथा और नामसंकीर्तन की धाराओं को छुआ है। इस वर्ष का संकीर्तनोत्सव 16 दिनों का कार्यक्रम था जिसमें कई युवा संगीतकारों के साथ-साथ इस कला के कई वरिष्ठ और दिग्गज कलाकार भी शामिल हुए। मुख्य उत्सव की प्रस्तावना के रूप में, युवा कर्नाटक संगीतकारों को बढ़ावा देने के लिए 'युवा संकीर्तनोत्सव' के तहत कार्यवाही को जोड़ा गया। प्रत्येक दिन मुख्य संगीत समारोह से पहले स्वरा भंगिमा, स्वरा लय और स्वरा भारती के विद्यार्थियों द्वारा समूह गायन और लघु अवधि के संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सम्पूर्ण कार्यक्रम का आयोजन सम्प्रदाय द्वारा सुजनारंजनी, तुम्बुरु संगीत अकादमी, मीडिया सहयोग और होपेड प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया गया। होपेड टीवी के निदेशक के.एस. राव और के. सुनीता ने महोत्सव की कार्यवाही की समीक्षा की।

## भाजपा जिला प्रमुख ने की हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

मंचेरियल, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा जिलाध्यक्ष रघुनाथ राव ने बुधवार को कस्बे के मटन मार्केट में पार्टी नेता मेट्टुपल्ली जयराम राव पर हमला करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पार्टी के सदस्यों के साथ मिलकर गुरुवार को पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) ए भास्कर के समक्ष शिकायत दर्ज कराई।

मीडिया रिपोर्टरों से बात करते हुए रघुनाथ राव ने खेद व्यक्त किया कि विपक्षी दलों के नेताओं पर हमले बढ़ रहे हैं, लेकिन पुलिस अपराधियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। वह चाहते हैं कि पुलिस जयराम राव पर हमले में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। उन्होंने चेतावनी दी कि अन्यथा भाजपा जल्द ही हैदराबाद में डीजीपी के कार्यालय के सामने धरना देगी।

# जस्टिस विनोद चंद्रन ने ली सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में शपथ

## ✻ तेलंगाना हाईकोर्ट के लिए कॉलेजियम ने अहम मंजूरी दी



नई दिल्ली, 16 जनवरी (एजेंसियां)। भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने गुरुवार को पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति चंद्रन को 29 मार्च, 2023 को पटना उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। न्यायमूर्ति चंद्रन के शपथ ग्रहण के साथ ही शीर्ष न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है, जबकि स्वीकृत संख्या 34 है जिसमें मुख्य न्यायाधीश भी शामिल हैं। केंद्र ने 13 जनवरी को सर्वोच्च न्यायालय के कोलेजियम के उस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी, जिसमें न्यायमूर्ति चंद्रन को सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की गई थी। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अगुवाई में पांच न्यायाधीशों के कोलेजियम ने सात जनवरी को हुई बैठक में न्यायमूर्ति चंद्रन के नाम की सिफारिश की, जिन्हें आठ नवंबर, 2011 को केरल उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। इस बीच मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने तेलंगाना हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में चार न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। 11 जनवरी को हुई बैठक में कॉलेजियम ने रेणुका यारा, नरसिंह राव नंदीकोंडा, तिरुमाला देवी ईडा और मधुसूदन राव बोब्बिली रामैया के नामों को मंजूरी दी। एक अन्य फैसले में कॉलेजियम ने न्यायिक अधिकारियों-अवधनाम हरि हरनाधा सरमा और डॉ. यादवल्ली लक्ष्मण राव को आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने को भी मंजूरी दी।

## इंजीनियरिंग छात्रा का यौन उत्पीड़न

हैदराबाद, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। इब्राहिमपटनम के एक निजी छात्रावास में बुधवार देर रात एक इंजीनियरिंग छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न किया गया। लगभग 19 वर्षीय युवती इब्राहिमपटनम के एक निजी कॉलेज में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही थी और आदिबटला के एक छात्रावास में रह रही थी। एसीपी इब्राहिमपटनम केपीवी राजू ने बताया कि बुधवार रात को ड्राइवर का काम करने वाला एक व्यक्ति महिला के कमरे में आया और पीड़िता को धमकाकर उसका यौन उत्पीड़न किया।



ए.एस.राव काकतीया नगर स्थित गेहलोत परिवार द्वारा आयोजित एक शाम आईमाताजी के नाम जागरण में भजन प्रस्तुत करते हुए सांवलराम देवासी, वोराराम एंड पार्टी। आयोजक हेमाराम, हापूराम, दीपक गेहलोत, सीरवी समाज तेलंगाना पारसीगुटा कोषाध्यक्ष खंगारसिंह लचेटा, शिक्षा समिति अध्यक्ष लाबूराम पंवार, मोतीलाल काग, गणेशराम बर्फा, मंच संचालक किशनसिंह राठौड़ व समाज बन्धु।

# मिसाइल बनाने के लिए 'भारत डायनामिक्स' के साथ 2,960 करोड़ रुपये का सौदा

नई दिल्ली, 16 जनवरी (एजेंसियां)। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को भारतीय नौसेना को मीडियम-रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल (एमआरएसएएम) की सप्लाई के लिए 'भारत डायनामिक्स लिमिटेड' (बीडीएल) के साथ लगभग 2,960 करोड़ रुपये की लागत से एक कॉन्ट्रैक्ट पर साइन किया है। एमआरएसएएम सिस्टम एक स्टैंडर्ड फिट है, जो कई भारतीय नौसेना जहाजों पर लगा है और इसे भविष्य में अधिग्रहण के लिए प्लान किए गए प्लेटफार्मों पर फिट करने की योजना है। रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, यह कॉन्ट्रैक्ट भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और एडवांस मिलिट्री टेक्नोलॉजी को स्वदेशी बनाने की राह में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 'आत्मनिर्भर भारत' पर जोर देने के साथ, मिसाइलों की सप्लाई बीडीएल द्वारा 'बाय (इंडियन)' कैटेगरी के तहत की जाएगी।

जिसमें काफी हद तक स्वदेशी सामग्री होगी। बयान में कहा गया




है कि इस कॉन्ट्रैक्ट से एमएसएमई सहित रक्षा उद्योग में लगभग 3.5 लाख मेन-डेज का रोजगार सृजित होगा। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में रक्षा मंत्रालय और बीडीएल के अधिकारियों ने दिल्ली में कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर किए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तीन अग्रणी नौसैनिक जहाजों- विध्वंसक आईएनएस सूरत, फ्रिगेट आईएनएस नीलगिरि और पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित करने के एक दिन बाद कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर किए गए, जो भारत की बढ़ती नौसैनिक शक्ति को और मजबूत करेंगे।

पिछले एक दशक में भारत के सशस्त्र बलों द्वारा आत्मनिर्भरता को अपनाने की सराहना करते हुए, प्रधानमंत्री ने संकट के समय अन्य देशों पर निर्भरता कम करने के सराहनीय प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों ने 5,000 से अधिक वस्तुओं और उपकरणों की पहचान की है, जिनका अब आयात नहीं किया जाएगा। उन्होंने घरेलू स्तर पर उत्पादित उपकरणों का उपयोग कर भारतीय सैनिकों के बढ़ते आत्मविश्वास पर जोर दिया।

पीएम मोदी ने कर्नाटक में देश की सबसे बड़ी हेलीकॉप्टर निर्माण फैक्ट्री और सशस्त्र बलों के लिए एक परिवहन विमान फैक्ट्री की स्थापना का जिक्र किया। उन्होंने तेजस लड़ाकू विमान की उपलब्धियों और उत्तर प्रदेश तथा तमिलनाडु में रक्षा गलियारों के विकास पर प्रकाश डाला, जिससे रक्षा उत्पादन में तेजी आ रही है।

प्रधानमंत्री ने नौसेना द्वारा 'मेक इन इंडिया' पहल के महत्वपूर्ण विस्तार पर संतोष व्यक्त किया और मझगांव डॉकयार्ड की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया। उन्होंने पिछले दशक में नौसेना में 33 जहाजों और सात पनडुब्बियों को शामिल किए जाने का जिक्र किया, जिसमें 40 में से 39 नौसैनिक जहाजों का निर्माण भारतीय शिपयार्ड में किया गया है। प्रधानमंत्री ने 'मेक इन इंडिया' कैंपेन को आगे बढ़ाने के लिए सशस्त्र बलों को भी बधाई दी।

# माओवादी क्षेत्र समिति की सदस्य ने किया आत्मसमर्पण



कोत्तागुडेम, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सीपीआई (माओवादी) पार्टी केरलापाल एरिया कमेटी (दरभा डिविजन कमेटी) के सदस्य ने गुरुवार को यहां जिला पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। छत्तीसगढ़ राज्य के सुकमा जिले के पल्या गांव की आत्मसमर्पण करने वाली नक्सली कलुमु पायिकी 2009 में मुलर रिवोल्यूशनरी पीपुल्स कमेटी (आरपीसी) की मिलिशिया सदस्य के रूप में माओवादियों में शामिल हुई थी। पुलिस अधीक्षक बी रोहित राजू ने बताया कि उसे 2012 में दलम सदस्य बनाया गया था। उन्होंने 2017 तक केरलपाल लोकल ऑर्गनाइजिंग स्क्वाड (एलओएस) की डिप्टी कमांडर के रूप में काम किया, बाद में जन मिलिशिया कमांडर के रूप में काम किया। 2020 में उन्हें एरिया कमेटी मेंबर के रूप में पदोन्नत किया गया और मिलिशिया कमांडर बनाया गया। फिलहाल उसने कोत्तागुडेम पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया क्योंकि वह राज्य सरकार की ओर से आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को पुलिस द्वारा दी जा रही सुविधाओं से प्रभावित थी। रोहित राजू ने कहा कि जो भूमिगत माओवादी कार्यकर्ता आत्मसमर्पण करना चाहते हैं, वे अपने परिवार के सदस्यों के माध्यम से या पुलिस से संपर्क करके ऐसा कर सकते हैं।

स्वतंत्र वार्ता

Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com

Epaper :
epaper.swatantravaartha.com

For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# बीसीसीआई फिर लागू करेगी विराट कोहली की पुरानी नीति

## कभी गौतम गंभीर ने किया था विरोध अब करेंगे समर्थन?

मुंबई, 16 जनवरी (एजेंसियां)। पिछले कुछ समय में नतीजे भारतीय टीम के पक्ष में नहीं रहे हैं. पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद से ही वनडे और टेस्ट में टीम इंडिया ने संघर्ष किया है. इससे ना सिर्फ कप्तान रोहित शर्मा और हेड कोच गौतम गंभीर बल्कि बीसीसीआई पर भी दबाव बढ़ा है. इसलिए वो कई बड़े बदलाव करने के बारे में सोच रही है. इसके लिए उसने मुंबई में एक रिव्यू मीटिंग भी रखी थी. इस दौरान टीम के प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए काफी मंथन किया गया. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, काफी सोच-विचार के बाद विराट कोहली की सख्त फिटनेस नीति को वापस लाने का प्रस्ताव सामने रखा गया है, जिसका गंभीर कोच बनने से पहले विरोध कर चुके हैं.



**यो-यो टेस्ट की होगी वापसी?**

विराट कोहली क्रिकेट में अपनी फिटनेस के लिए जाने जाते हैं. इसी चीज को उन्होंने अपनी कप्तानी के दौरान टीम इंडिया पर भी लागू किया था. वो चाहते थे हर खिलाड़ी फिट हो, जिससे उसके ओवरऑल प्रदर्शन में निखार आए. इसलिए यो-यो टेस्ट को लागू किया था. टीम में जगह पाने के लिए हर खिलाड़ी के लिए इसे पास करना जरूरी होता था. टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि अब बीसीसीआई वापस उनकी इस नीति को लागू करने के बारे में सोच रही है.

रिपोर्ट के मुताबिक, ज्यादातर खिलाड़ी अपने फिटनेस को लेकर सीरियस हो गए थे. इसलिए बीसीसीआई ने इसमें ढील दे दी थी और सारा फोकस उनकी इंजरी की समस्या पर शिफ्ट कर दिया था. लेकिन कुछ खिलाड़ियों ने इसका फायदा उठाते हुए लापरवाही बरतनी शुरू कर दी है. यही कारण है कि बोर्ड ने फिर से फिटनेस के लिए कड़े नियम लाने को मजबूर हो गया है. खिलाड़ियों के लिए एक फिटनेस स्टैंडर्ड जल्द ही लागू किया जा सकता है.

**गंभीर कर चुके हैं विरोध?**

टीम इंडिया का हेड कोच बनने से पहले गौतम गंभीर ने कोहली के यो यो टेस्ट का विरोध किया था. एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा था कि खिलाड़ियों को उनके टैलेंट और स्किल्स को देखकर सेलेक्ट किया जाता है. सिर्फ यो यो टेस्ट के रिजल्ट पर सेलेक्शन करना नाइंसाफी है. ये तरीका सही नहीं है. ट्रेनर का काम है कि वो प्लेयर्स को उनके फिटनेस पर काम करे और फिजिकली बेहतर बनाए रखे. अब देखना होगा कि वो इस नियम का विरोध जता चुके टीम के हेड कोच वापस इसे लागू करने देंगे या नहीं.

**क्या है यो यो टेस्ट?**

क्रिकेट के अलावा दूसरे कई खेलों में यो-यो टेस्ट का इस्तेमाल किया जाता है. इस फिजिकल फिटनेस टेस्ट के जरिए खिलाड़ियों की शारीरिक एरोबिक और रिकवरी की क्षमता का अंदाजा लगाया जाता है. इसमें खिलाड़ियों को एक खास तरह की डिजाइन किए हुए ट्रैक पर दौड़ना होता है. टेस्ट का लेवल आगे बढ़ने के साथ उसकी कठिनाइयां भी बढ़ाई जाती हैं.

# चैंपियंस ट्रॉफी के फिट होकर मैदान पर लौटने को तैयार स्टार गेंदबाज कुलदीप यादव

नई दिल्ली, 16 जनवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का ऐलान जल्द ही होना है। टीम इंडिया के लिए इस मेगा इवेंट से पहले बड़ी खुशखबरी सामने आई है। स्पिन गेंदबाज कुलदीप यादव इंजरी से उबरने के बाद मैदान पर लौट चुके हैं। कुलदीप ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह गेंदबाजी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले चाइनामैन गेंदबाज का फिट होना भारतीय टीम के लिए राहत भरी खबर है। कुलदीप अपनी फिरकी के दम पर किसी भी बैटिंग ऑर्डर को तहस-नहस करने का दमखम रखते हैं।



**टीम इंडिया के लिए गुड न्यूज**

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम के सिलेक्शन से पहले कुलदीप यादव ने अपनी फिटनेस को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। कुलदीप ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह नेट्स में गेंदबाजी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। कुलदीप बॉलिंग करते हुए पूरी तरह से फिट दिख रहे हैं और अच्छी लय में भी नजर आ रहे हैं। कुलदीप ऑस्ट्रेलिया की धरती पर खेली गई बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में टीम इंडिया का हिस्सा नहीं रहे थे।

चाइनामैन गेंदबाज ने अपना आखिरी मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। पहले टेस्ट के बाद वह लंबे समय से चली आ रही अपनी ग्रोइन इंजरी की वजह से परेशानी में दिखे थे, जिसके चलते उन्हें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भेज दिया गया था। कुलदीप अगर पूरी तरह से फिट पाए जाते हैं, तो उनका सिलेक्शन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पक्का माना जा रहा है।

**लौटते ही होगी बड़े रिकॉर्ड पर नजर**

कुलदीप यादव की निगाहें मैदान पर लौटने के साथ ही एक बड़े रिकॉर्ड पर होगी। कुलदीप इंटरनेशनल क्रिकेट में 300 विकेट से सिर्फ 3 विकेट दूर खड़े हैं। कुलदीप ने 159 मैचों में अब तक कुल 297 विकेट निकाले हैं। 22 गज की पिच पर वह आठ बार एक ही पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा कर चुके हैं।

हालांकि, इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए कुलदीप को टीम में नहीं चुना गया है। वनडे सीरीज का आगाज 6 फरवरी से होना है, जबकि चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी से होगी। भारतीय टीम को अपने सभी मुकाबले यूएई में खेलने हैं, इसको देखते हुए कुलदीप टीम इंडिया के लिए ट्रंप कार्ड साबित हो सकते हैं।

# अश्विन ने बताई बॉर्डर-गावस्कर सीरीज हारने की वजह

मुंबई, 16 जनवरी (एजेंसियां)। रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया को हाल ही में ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 3-1 से रौंद दिया। टीम ने इसके साथ ही दस साल बाद कंगारू टीम के खिलाफ यह सीरीज गंवा दी। इस सीरीज के तीसरे टेस्ट के बाद दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करके सभी को चौंका दिया था। अश्विन ने अब सीरीज को लेकर कहा है कि अगर कंगारू तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड नहीं खेलते तो भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीत सकता था।





बोलैंड को एडिलेड में खेले गए पिंक बॉल टेस्ट में जोश हेजलवुड की जगह टीम में शामिल किया गया था, जो चोट के कारण बाहर हो गए थे। उन्होंने मैच में पांच विकेट झटके, लेकिन इसके बाद अगले टेस्ट में हेजलवुड की वापसी पर उन्हें बाहर कर दिया गया। बोलैंड ने पूरी सीरीज में तीन टेस्ट खेले और इसमें 21 विकेट झटके। वो सीरीज में तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। उन्होंने भारत के खिलाफ सबसे बढ़िया प्रदर्शन सिडनी में किया, जहां दोनों टीमों के बीच सीरीज का पांचवां टेस्ट खेला गया। उन्होंने मैच में 10 विकेट अपने नाम किए। उन्हें इस जोरदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, जिसके दम पर टीम ने यह मैच छह विकेट से अपने नाम किया और सीरीज पर 3-1 से कब्जा किया।

**हेजलवुड की चोट वरदान साबित हुई- अश्विन**

अश्विन ने कहा कि जोश हेजलवुड की चोट कंगारू टीम के लिए वरदान साबित हुई। अश्विन ने अपने हिंदी यूट्यूब चैनल पर कहा, 'सभी ने कहा कि पैट कमिंस ने पूरी सीरीज में शानदार खेल दिखाया, लेकिन लेकिन बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ उन्हें संघर्ष करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया भाग्यशाली था कि स्कॉट बोलैंड टीम में आए। अगर बोलैंड नहीं खेलते तो भारत सीरीज जीत जाता।'

अश्विन ने कहा, 'जोश हेजलवुड को कोई बुरा नहीं मानना चाहिए क्योंकि वह एक शानदार गेंदबाज हैं। लेकिन अगर वे इसी तरह की गेंदबाजी जारी रखते तो हम जीत जाते। हमारे बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए बोलैंड की राउंड-द-विकेट गेंदों ने काफी मुश्किलें पैदा कीं।'

**बोलैंड ने पेस तिकड़ी में शामिल होने के हकदार**

बता दें कि टेस्ट क्रिकेट में भारत की बैटिंग लाइनअप यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर जैसे बाएं हाथ के बल्लेबाजों से भरी हुई है। बोलैंड ने सीरीज में जायसवाल और पंत को दो-दो बार आउट किया, जबकि नियमित रूप से दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को पवेलियन भेजा। 35 साल के बोलैंड भले ही अपने करियर के आखिरी पड़ाव पर हों, लेकिन उन्होंने खुद को ऑस्ट्रेलिया की मशहूर पेस तिकड़ी में शामिल होने का असली दावेदार बना लिया है। बोलैंड ने 13 टेस्ट मैचों में 17.66 के जोरदार औसत से अब तक 56 विकेट झटके हैं।

# खो-खो विश्वकप: भारतीय पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंची

## बेटियों ने ईरान को हराकर अंतिम-8 में बनाई जगह

नई दिल्ली, 16 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष और महिला टीम ने खो-खो विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पुरुष टीम ने पेरू पर 70-38 से और महिला टीम ने ईरान को 100-16 के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। महिला टीम ने इससे पहले दक्षिण कोरिया को 175-18 के विशाल अंतर से हराया था।



ईरान के खिलाफ महिला टीम ने पहले 33 सेकंड में ही विरोधी टीम के पहले बैच को बाहर कर दिया।

अश्वनी की अगुवाई में किए गए आक्रमण में मीनू कई बार विरोधियों को छू कर अंक जुटाए। भारत ने पहले टर्न को 50 अंक के अंतर से जीता। प्रियंका इंगले को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। पुरुष टीम के लिए आदित्य पोटे, शिवारेड्डी और सचिन भार्गो ने शानदार प्रदर्शन किया।

# आंद्रे रसेल ने 200 की स्ट्राइक रेट से ठोके रन

## मारे सिर्फ छक्के ही छक्के, टीम की जीत की लिखी बंपर स्क्रिप्ट

खेल डेस्क, 16 जनवरी (एजेंसियां)। आंद्रे रसेल अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी का नजारा दिखाने को वर्ल्ड फेमस हैं. और, यही काम उन्होंने फिर एक बार इंटरनेशनल लीग T20 यानी ILT20 में किया है. ILT20 में आंद्रे रसेल अबू धाबी नाइट राइडर्स के ना सिर्फ खिलाड़ी हैं, बल्कि कप्तान भी है. और, इन दोनों ही भूमिकाओं में वो अब तक खरे उतरे हैं. पहला मुकाबला गंवाने के बाद अबू धाबी नाइट राइडर्स ने दूसरा मुकाबला शानदार अंदाज में जीता. टीम का दूसरा मैच शारजाह वॉरियर्ज से था, जिसमें उसने 30 रन की बंपर जीत दर्ज की. इस जीत के नायक भले ही कभी धोनी-विराट के पुराने IPL साथी रहे डेविड विली बने. लेकिन, इसकी बुनियाद आंद्रे रसेल ने 200 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर पहले ही लिख दी थी. शारजाह वॉरियर्ज के खिलाफ मुकाबले में अबू धाबी नाइट राइडर्स ने पहले बैटिंग की और 20 ओवर में 5 विकेट पर 159 रन बनाए. हालांकि, टीम के लिए इस स्कोर तक पहुंचना आसान नहीं होता अगर आखिर में आंद्रे रसेल का बल्ला चला ना होता. छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कप्तान रसेल ने 200 के स्ट्राइक रेट से बल्ला घुमाया और शारजाह वॉरियर्ज के गेंदबाजों के खिलाफ धावा बोल दिया.



आंद्रे रसेल जब बल्लेबाजी करने उतरे थे टीम का स्कोर 16वें ओवर में 5 विकेट पर 109 रन था. लेकिन, उसके बाद उन्होंने जिस तरह से बल्लेबाजी की अबू धाबी नाइट राइडर्स के स्कोर बोर्ड में 50 रन और जुड़ गए. आंद्रे रसेल ने सिर्फ 12 गेंदों पर 24 रन की नाबाद पारी खेली. मतलब 200 की स्ट्राइक रेट से खेलते हुए वो आखिर तक आउट नहीं हुए. उनकी तूफानी पारी की एक और खास बात रही कि उन्होंने चौके नहीं सिर्फ छक्के मारे. शारजाह वॉरियर्ज के खिलाफ रसेल ने 3 छक्के मारे, जबकि चौके एक भी नहीं.

अब शारजाह वॉरियर्ज के सामने जीत के लिए 160 रन का लक्ष्य मिला. मगर वो 19.3 ओवरों में सिर्फ 129 रन बनाकर ही ऑल आउट हो गए. शारजाह की टीम का ये हाल करने में अबू धाबी नाइट राइडर्स के गेंदबाज डेविड विली का बड़ा हाथ रहा, जिन्होंने 4 ओवर में 19 रन देकर 3 विकेट लिए. डेविड विली IPL 2025 में भले ही खेलते ना नजर आएं मगर वो पहले सीएसके और आरसीबी के लिए आईपीएल खेल चुके हैं. अबू धाबी नाइट राइडर्स की जीत में उनके कप्तान आंद्रे रसेल तो बल्ले से चमके ही, टीम भी 30 रन की बंपर जीत से चमक गई. ये जीत लीग के मौजूदा सीजन में 2 मैचों में मिली उसकी पहली जीत रही.

# 'मन से खेलें, दम से खेलें', क्रिकेटर मोहम्मद कैफ बोले- यूपी में टैलेंट की कमी नहीं

बरेली, 16 जनवरी (एजेंसियां)। बरेली के इनवर्टिस विलेज में गैलेंट एलएलसी टेन10 क्रिकेट लीग के ट्रायल्स में कड़ाके की ठंड के बीच खिलाड़ियों का जोश हाई दिखा। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी मोहम्मद कैफ ने टैलेंट को परखा। ट्रायल में खिलाड़ियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन कर टीम में चयन का दावा पेश किया। क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा कि गैलेंट एलएलसी टेन10 क्रिकेट टूर्नामेंट से बहुत सारे टैलेंट को मौका मिलेगा। यह एक अच्छी लीग बने, इसके लिए हम लोग मेहनत कर रहे हैं। कहा कि यूपी में टैलेंट की कमी नहीं है। इस टूर्नामेंट से कई खिलाड़ियों को मौका मिलेगा।



मोहम्मद कैफ ने कहा कि यूपी में टेनिस बॉल से बहुत लोग खेलते हैं। लोगों में इसका बड़ा शौक है। हर शहर में टेनिस बॉल से क्रिकेट खेला जाता है। एलएलसी टेन10 पर कहा कि यह अच्छी मुहिम है। जो भी अच्छा प्लेयर होगा, उसको मौका मिलेगा। भविष्य में यह टूर्नामेंट बहुत अच्छा होने जा रहा है।

क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा कि यूपी में बहुत बड़ी जनसंख्या है। अपार टैलेंट है, सबको मौका नहीं मिल पाता। लेकिन अब टेनिस बॉल टूर्नामेंट से कई खिलाड़ियों को मौका मिलेगा। यह लीग यूपी के प्लेयर को मौका देगा। इस लीग का पहला साल है। भविष्य में इस लीग से महिला खिलाड़ियों को भी मौका मिलेगा।

क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने ट्रायल में आए खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ियों के लिए दुआएं हैं। बहुत सारा प्यारा है। उन्होंने कहा कि ज्यादा नर्वस न हों। मन से खेलें दम से खेलें। जो हुनर है उसे ट्रायल में दिखाएं। बता दें कि मोहम्मद कैफ इस लीग के फिटनेस मेंटर हैं। इस लीग में कुल 12 टीमें होंगी, जिनके मेंटर्स के रूप में दिग्गज खिलाड़ी सुरेश रैना, क्रिस गेल, हरभजन सिंह, इरफान पठान और ब्रेट ली लीग से जुड़ चुके हैं। इस लीग के चीफ सेलेक्टर चेतन शर्मा, टेनिस बॉल क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया व उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ के अधिकारी खिलाड़ियों का चयन करेंगे।

इस टेनिस बॉल क्रिकेट लीग फैनकोड, अमर उजाला यू-ट्यूब पेज पर 20 करोड़ से ज्यादा दर्शक देखेंगे और इसे फरवरी में लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेला जाएगा। यह लीग खिलाड़ियों को बड़ा क्रिकेटर बनने का सुनहरा मौका दे रही है। तो देर किस बात की अभी किसी भी ट्रायल वेन्यू पर पहुंच कर रजिस्टर करें और अपने टैलेंट को आजमाएं। ये लीग अब हर खिलाड़ी के सपनों को पंख देने के लिए तैयार है।

# नोवाक जोकोविच ने रोजर फेडरर का रिकॉर्ड तोड़ा

## सर्वाधिक ग्रैंडस्लैम मैच खेलने वाले खिलाड़ी बने

मेलबर्न, 16 जनवरी (एजेंसियां)। सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम के दौरान स्विट्जरलैंड के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर का सर्वकालिक रिकॉर्ड तोड़ दिया है। ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने 11वें खिताब की तलाश में उतरे जोकोविच ओपन एरा में सबसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम मुकाबले खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता जोकोविच ने 21 साल के पुर्तगाल के जैमी फरिया को चार सेटों में हराया और अगले दौर में जगह बनाई है।



सर्वाधिक ग्रैंडस्लैम मैच खेलने वाले खिलाड़ी (ओपन एरा)

| मैच | खिलाड़ी | देश |
|---|---|---|
| 430 | नोवाक जोकोविच | सर्बिया |
| 429 | रोजर फेडरर | स्विट्जरलैंड |
| 358 | राफेल नडाल | स्पेन |
| 282 | जिमी कोनर्स | अमेरिका |

जोकोविच का यह 430वां ग्रैंडस्लैम मुकाबला था और वह फेडरर से आगे निकलने में सफल रहे जिन्होंने अपने करियर में 429 ग्रैंडस्लैम मुकाबले खेले हैं। जोकोविच ने अपने करियर में 379 ग्रैंडस्लैम मैच जीत लिए हैं और उनका जीत का प्रतिशत 89.2 है जो सभी से बेहतर है। ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में जीत के साथ ही जोकोविच ने ग्रैंडस्लैम में अपने जीत हार का रिकॉर्ड 379-51 कर लिया है।

जोकोविच के नाम सबसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम एकल खिताब जीतने का रिकॉर्ड है। पुरुषों में वह इस मामले में राफेल नडाल (22) और फेडरर (20) से आगे हैं। 37 वर्षीय इस खिलाड़ी के नाम सबसे ज्यादा समय तक रैंकिंग में शीर्ष पर रहने का रिकॉर्ड है। उन्होंने अपने करियर में अबतक 37 ग्रैंडस्लैम फाइनल खेले हैं जो फेडरर के मुकाबले छह ज्यादा हैं। अगर जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने में सफल रहे तो यह उनका 25वां ग्रैंडस्लैम खिताब होगा। यह ऐसा आंकड़ा है जिसे अबतक कोई भी पुरुष या महिला टेनिस खिलाड़ी हासिल नहीं कर सका है।

जोकोविच का यह 11वां ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब हो सकता है। अगर वह ऐसा करने में सफल रहे तो सर्वाधिक बार ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने के मामले में मार्गेट कोर्ट की बराबरी कर लेंगे। इतना ही नहीं यह जोकोविच का 100वां टूर लेवल खिताब हो सकता है।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन में प्रभावित नहीं कर सकी युकी-ओलिवेटी की जोड़ी

## पहले ही दौर में मिली हार



मेलबर्न, 16 जनवरी (एजेंसियां)। भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन में प्रभावित नहीं कर सके और उन्हें पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा। युकी और ओलिवेटी को पुरुष युगल के पहले दौर में वाइल्डकार्ड से प्रवेश पाने वाले ट्रिस्टन स्कूलकेट और एडम वाल्टन की स्थानीय जोड़ी से सीधे सेटों में हार मिली और यह जोड़ी शुरुआती दौर में ही बाहर हो गई।

युकी और ओलिवेटी ने एक घंटे 20 मिनट तक चले पुरुष युगल मैच में कई गलतियां की जिसका खामियाजा उन्हें 2-6, 6-7 से हार से चुकाना पड़ा। भांबरी और ओलिवेटी अपने तीन ब्रेक प्वाइंट में से किसी को भी भुनाने में नाकाम रहे और उन्होंने पांच डबल फॉल्ट किए, जबकि ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने सिर्फ एक बार डबल फॉल्ट किया। पहला सेट आसानी से गंवाने के बाद भांबरी और ओलिवेटी ने दूसरे सेट में चुनौती पेश की लेकिन उन्होंने गलतियां करना जारी रखा जिसका स्कूलकेट और वाल्टन ने पूरा फायदा उठाकर जीत हासिल की। मंगलवार को दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके कोलंबियाई जोड़ीदार निकोलस बैरिएंटोस भी पहले दौर में बाहर हो गए थे।

# ईडी के सामने पेश हुए केटीआर बोले-कुछ गलत नहीं किया

## राजनीतिक प्रतिशोध की वजह से फंसाया जा रहा



हैदराबाद, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव (केटीआर) फॉर्मूला-ई इवेंट से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशायल (ईडी) के समक्ष पेश हुए। केटीआर ने दावा किया कि कोई गलत काम नहीं हुआ है, उन्हें राजनीतिक प्रतिशोध की वजह से फंसाया जा रहा है।

तेलंगाना में सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार इन घटनाओं को अदालतों और जांच एजेंसियों के माध्यम से घसीटने पर तुली हुई है। उन्हें इससे पहले सात जनवरी को ईडी के समक्ष पेश होने के लिए समन जारी किया गया था। हालांकि, उन्होंने दो सप्ताह का अनुरोध किया था और बाद में उन्हें 16 जनवरी को पेश होने के लिए एक नई तारीख दी गई थी। गुरुवार को वे ईडी के सामने पेश हुए। केटीआर 10:30 बजे ईडी के दफ्तर पहुंचे। पुलिस ने कार्यालय के सामने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए। बड़ी संख्या में बीआरएस नेता और कार्यकर्ता जांच एजेंसी दफ्तर के सामने एकत्र हुए। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अरविंद कुमार और एचएमडीए के पूर्व मुख्य इंजीनियर बीएलएन रेड्डी भी इसे मामले में ईडी के समक्ष पेश हुए थे। एजेंसी ने तेलंगाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की एक शिकायत का संज्ञान लेने के बाद हाल ही में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत एक एफआईआर दर्ज की। केटीआर ने बताया कि बैंक टू बैंक लेनदेन के माध्यम से फॉर्मूला ई ऑपरेशंस लिमिटेड को 46 करोड़ का भुगतान किया गया।

एक भी रुपये का दुरूपयोग नहीं किया गया और प्रत्येक रुपये का हिसाब दिया गया है। तेलंगाना मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा, कथित भ्रष्टाचार, हेराफेरी, मनी लॉन्ड्रिंग कहां है?

यदि कुछ है, तो सीएम रेवंत रेड्डी की अदूरदर्शिता और आयोजन के दूसरे वर्ष को रद्द करने का उनका विचारहीन, एकतरफा निर्णय, जिससे सरकारी खजाने को नुकसान हुआ है। मुझे यकीन है कि सच का खुलासा जल्द ही होगा। तब तक हम न्याय के लिए लड़ते रहेंगे।

## 'फॉर्मूला-ई की मेजबानी, मंत्री के रूप में सबसे प्रिय निर्णयों में से एक'

हैदराबाद, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री केटी रामाराव ने दोहराया कि तेलंगाना और खासकर हैदराबाद में फॉर्मूला-ई कार रेस की मेजबानी करना मंत्री के तौर पर उनके सबसे पसंदीदा फैसलों में से एक है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय रेसर्स और ई-मोबिलिटी उद्योग के नेताओं से हैदराबाद को मिली व्यापक प्रशंसा यादगार है और इससे उन्हें गर्व महसूस होता है। उन्होंने कहा कि कोई भी तुच्छ मामला, सस्ती बदनामी या राजनीतिक जादू-टोना उस उपलब्धि की भावना को मिटा नहीं सकता। उन्होंने घोषणा की कि ब्रांड हैदराबाद हमेशा उनके लिए सर्वोपरि है और फॉर्मूला-ई ने हैदराबाद को अंतर्राष्ट्रीय खेल मंच पर ऊंचा स्थान दिलाया।

# युवाओं को कृषि क्षेत्र पर ध्यान देना चाहिए : भवानी रेड्डी



हैदराबाद, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। किसान आयोग की सदस्य भवानी रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना राज्य सरकार कृषि को प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि वे किसानों के कल्याण के लिए काम करती रहेंगी। लेकिन बदलते समय के अनुसार कृषि क्षेत्र में बदलाव और परिवर्धन किये जाने चाहिए। युवाओं को कृषि पर ध्यान देना चाहिए। भवानी रेड्डी ने कहा कि कृषि में विज्ञान और प्रौद्योगिकी को जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि रूढ़िवादिता में खेती करना बंद कर नवीन तरीकों से खेती करना चाहिए। उन्होंने कम निवेश में कम क्षेत्रफल में अधिक उपज देने वाली फसलें लगाकर मुनाफा कमाने कमाना चाहिए। लेकिन ऐसे तरीके तभी संभव हैं जब ध्यान युवा साधना पर हो। वे याद रखना चाहते हैं कि जो लोग विदेशों में आईटी कंपनियों में लाखों वेतन ले रहे हैं वे भी कृषि पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। युवाओं में कृषि के प्रति जुनून पैदा हो तो कृषि क्षेत्र का और विकास होगा। तेलंगाना राज्य सरकार युवा किसानों की मदद के लिए तैयार है।

उन्होंने कृषि किसान कल्याण आयोग से युवा किसानों का एक संघ बनाने के लिए हर समय तैयार रहने का भी आह्वान किया। आयोग के सदस्य भवानी रेड्डी ने कहा कि कृषि विभाग और आयोग कृषि क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं को कृषि क्षेत्र में कौशल और खेती के बारे में शिक्षित करने में सहायता कर रहा है।

# एससीआर के नए प्रमुख मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक एन. रमेश ने कार्यभार संभाला



हैदराबाद, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। एन. रमेश ने दक्षिण मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक (पीसीसीएम) के रूप में रेल निलयम, सिकंदराबाद में कार्यभार संभाल लिया। वे भारतीय रेलवे यातायात सेवा के 1992 बैच के हैं। उनके पास विज्ञान और कानून (बीएससी, बीए, एलएलबी) में स्नातक की डिग्री है। वर्तमान कार्यभार से पहले, वे दक्षिण पश्चिम रेलवे में मुख्य दावा अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। अपने 30 वर्षों के करियर के दौरान, उन्होंने भारतीय रेलवे में कई प्रमुख पदों पर कार्य किया है जैसे कि वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी और वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, बैंगलोर डिवीजन, निदेशक/लोक शिकायत और कार्यकारी निदेशक/ रेल मंत्री, नई दिल्ली के समन्वय, दक्षिण पश्चिम रेलवे में मुख्य परिवहन प्रबंधक, मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक और मुख्य दावा अधिकारी रहे हैं। उन्हें भारत सरकार में संयुक्त सचिव के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। रेल मंत्री (2014-2019) के कार्यकारी निदेशक/समन्वय के रूप में काम करते हुए, उन्होंने लागत साझाकरण के आधार पर रेलवे परियोजनाओं को लेने के लिए भारतीय रेलवे के साथ एक समझौता ज्ञापन (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर करने के लिए सभी राज्य सरकारों के साथ समन्वय किया।

## कॉटन मिल में लगी आग भारी नुकसान

भूपालपल्ली, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में लगातार दूसरे दिन भी कपास की बोरियों में आग लगने की घटना हुई है। बुधवार को खम्मम जिले में जहां कपास की बोरियों में आग लगी, वहीं गुरुवार को जयशंकर भूपालपल्ली में एक कॉटन मिल में भीषण आग लग गई। जिले के कटारम मंडल मुख्यालय स्थित मीनाक्षी जनिंग मिल में आग लग गई।

माना जा रहा है कि आग लगने की घटना में एक हजार क्विंटल कपास जल गया। कंपनी प्रबंधन ने बताया कि करीब एक करोड़ रुपये की संपत्ति का नुकसान होने का अनुमान है। दूसरी ओर, पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच कर रही है।

# कांग्रेस ने तेलंगाना में केजरीवाल के शराब साझेदार को हराया : सीएम



नई दिल्ली, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा कि शराब के कारोबार में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) से जुड़े आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल को तेलंगाना में हार का सामना करना पड़ा और उनका अनुमान है कि केजरीवाल आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी असफल रहेंगे। गुरुवार को नई दिल्ली में मुख्यमंत्री ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस प्रमुख देवेंद्र यादव के साथ कांग्रेस पार्टी के चुनाव गारंटी पोस्टर का अनावरण किया। अपने भाषण के दौरान रेवंत रेड्डी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर धोखा देने की प्रवृत्ति साझा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ऐसा माहौल है जिसमें लोग नई दिल्ली में आने से कतराते हैं। मुख्यमंत्री के तौर पर केजरीवाल और प्रधानमंत्री के तौर पर मोदी दोनों ही दिल्ली के विकास में योगदान देने में विफल रहे हैं। रेवंत रेड्डी ने स्पष्ट किया कि तेलंगाना में किसानों के 2 लाख रुपये तक के फसल ऋण माफ कर दिए गए हैं और अन्य चुनावी वादों को राज्य में सफलतापूर्वक लागू किया जा रहा है।

कांग्रेस सरकार द्वारा 55,000 नौकरियां दिए जाने और महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा सुविधा को तेलंगाना में सफलतापूर्वक लागू किए जाने की याद दिलाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। रेवंत रेड्डी ने घोषणा की, दिल्ली के लोगों को दो गारंटी दी जा रही हैं। लोगों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली और 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है।

## टीजी बीसी स्टडी सर्किल में निःशुल्क कोचिंग

हैदराबाद, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। टीजी बीसी स्टडी सर्किल, हैदराबाद के निदेशक डी. श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि आरआरबी, एसएससी और बैंकिंग भर्ती के फाउंडेशन कोर्स के लिए निःशुल्क कोचिंग कार्यक्रम राज्य के सभी 12 टीजी बीसी स्टडी सर्किल में 15 फरवरी से आयोजित किया जाएगा। पात्र उम्मीदवार 20 जनवरी से 9 फरवरी तक ऑनलाइन www.tgbcstudycircle.cgg.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में माता-पिता की आय 1 लाख 50 रुपये और शहरी क्षेत्रों में दो लाख रुपये प्रति वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। उम्मीदवारों के चयन की विधि इंटरमीडिएट और डिग्री परीक्षा में प्राप्त अंकों और आरक्षण के नियम के अनुसार होगी। पात्र उम्मीदवारों के लिए प्रमाण पत्र सत्यापन 12 से 14 फरवरी तक होगा।

# तीन हत्या के आरोपी मध्य प्रदेश से हिरासत में

## ✻ नारसिंगी दोहरे हत्याकांड में पुलिस की कार्रवाई

हैदराबाद, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। नरसिंगी दोहरे हत्याकांड के तीन आरोपियों को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान राहुल कुमार साकेत, उम्र 26 वर्ष, ड्राइवर, मध्य प्रदेश राज्य के सीधी जिले के मूल निवासी, राज कुमार साकेत, उम्र 22 वर्ष, ऑफिस बॉय, मध्य प्रदेश राज्य के सीधी जिले के मूल निवासी और सुखेंद्र कुमार साकेत, उम्र 30 वर्ष, मध्य प्रदेश राज्य के सीधी जिले के मूल निवासी के रूप में हुई है। डीसीपी, राजेंद्रनगर चौ. श्रीनिवास ने बताया कि हाल ही में मृतक महिला सेक्स वर्कर बन गई थी और अपने परिचित लोगों के साथ रह रही थी।

मुख्य आरोपी राहुल कुमार साकेत ने उसके साथ दो बार संबंध बनाए और उनके निजी समय के दौरान वीडियो बनाने की कोशिश की। मृतक महिला ने इसका विरोध किया और उसे भगा दिया और मृतक अंकित को इसकी जानकारी दी, जिसने राहुल को चेतावनी दी। कुछ कहासुनी के बाद, राहुल ने अंकित को मारने का फैसला किया, राजकुमार और सुखेंद्र की मदद ली। बीते 11 जनवरी 2024 को राहुल ने अंकित के माध्यम से महिला को बुलाया। मृतक और तीनों आरोपी एक ऑटो में अपराध स्थल पर गए। सुखेंद्र को महिला के साथ समय बिताने की अनुमति दी गई और राहुल और राजकुमार ने अंकित को थोड़ी दूर ले जाकर चाकू घोंप दिया और उसे पत्थर से मार डाला। संघर्ष के दौरान, दोनों आरोपी भी घायल हो गए। बाद में आरोपियों ने महिला को भी पत्थर से मार डाला। 12 जनवरी को तीनों आरोपी अपने मूल स्थानों के लिए रवाना हो गए। डीसीपी ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनके पास से दोनों मृतकों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए। डीसीपी राजेंद्रनगर चौ. श्रीनिवास ने कहा कि आरोपियों को ट्रांजिट वारंट लेने के लिए स्थानीय अदालत में पेश किया जा रहा है।

## दुर्घटना में महिला और बेटी की मौत

भुवनगिरी, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार सुबह भुवनगिरी के पास हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गई। वारंगल-हैदराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर रायगिरी में एक लॉरी और कार में टक्कर हो गई, जिससे मां और उसकी बेटी की मौत हो गई। दुर्घटना में दो अन्य लोग भी घायल हो गए। मृतकों की पहचान महबूबाबाद जिले के कीसमुद्रम मंडल के निवासी के रूप में हुई है। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है।

# मनोनीत पद का वादा निभाएं सीएम

## > महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने की मांग > विरोध प्रदर्शन की दी चेतावनी



हैदराबाद, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सुनीता राव ने पार्टी के राज्य नेतृत्व से मनोनीत पदों को भरने में महिलाओं को उचित मान्यता देने की मांग की है, ऐसा न करने पर गांधी भवन पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। गुरुवार को यहां मीडियाकर्मियों से बात करते हुए तेलंगाना महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि बीसी समुदाय (मुधिराज) की सदस्य और महिला होने के नाते वह मनोनीत पद के लिए पात्र हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य में मुधिराज समुदाय के करीब 60 से 70 लाख सदस्य हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने एमएलसी पद के लिए मेरे नाम पर विचार करने का वादा किया था। तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी को सत्ता में लाने के लिए महिला कांग्रेस की महिलाओं ने बहुत संघर्ष किया है और उनके प्रयासों को मान्यता दी जानी चाहिए। सुनीता राव ने चेतावनी देते हुए कहा कि यह हमारा अधिकार है। अगर नेतृत्व हमारी मांगों पर विचार नहीं करता है, तो हम गांधी भवन की सीढ़ियों पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ को भी भवन में प्रवेश करने से रोका जाएगा। अगर महिलाओं के साथ कोई अन्याय होता है, तो हम अपने अधिकारों के लिए लड़ेंगे। इस साल जुलाई की शुरूआत में उन्होंने नई दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया था और राज्य नेतृत्व के खिलाफ एआईसीसी नेतृत्व के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि राज्य में मनोनीत पदों को भरने में उनके साथ अन्याय हुआ है। उन्होंने बताया था कि 37 निगम अध्यक्ष पदों और अन्य मनोनीत पदों में से 10 प्रतिशत भी महिलाओं के लिए आवंटित नहीं किए गए थे। स्थानीय निकाय चुनावों को ध्यान में रखते हुए, तेलंगाना में कांग्रेस ने घोषणा की थी कि मनोनीत पदों को जल्द से जल्द भरा जाएगा।

राज्य नेतृत्व नेताओं को आश्वस्त कर रहा था कि जिन लोगों ने अतीत में पार्टी की सफलता के लिए प्रयास किया है, उन्हें पदों के लिए विचार किया जाएगा।

# जनवरी के अंत में व्यावहारिक परीक्षाएं



हैदराबाद, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। संक्रांति उत्सव के लिए एक सप्ताह की छुट्टी के बाद, शैक्षणिक संस्थान कक्षा कार्य के लिए फिर से खुलने के लिए तैयार हैं। इंटरमीडिएट शिक्षा बोर्ड से संबद्ध सभी जूनियर कॉलेज 17 जनवरी को फिर से खुलेंगे। जैसे ही कक्षाएं फिर से शुरू होंगी, दूसरे वर्ष के छात्रों के लिए व्यावहारिक सत्र होंगे, जिसके बाद जनवरी के अंतिम सप्ताह में व्यावहारिक परीक्षाएं शुरू होंगी। बोर्ड द्वारा जारी समय सारिणी के अनुसार, प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए अंग्रेजी की प्रायोगिक परीक्षा क्रमशः 31 जनवरी और 1 फरवरी को निर्धारित है।

इसी तरह, सामान्य और व्यावसायिक दोनों धाराओं के लिए प्रायोगिक परीक्षाएं 3 से 22 फरवरी तक आयोजित की जाएंगी, जिसमें दूसरा शनिवार और रविवार भी शामिल है। परीक्षा का समय सुबह 9 से दोपहर 12 बजे और दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक है।

प्रायोगिक परीक्षाओं से पहले, बैकलॉग विद्यार्थियों के लिए नैतिकता एवं मानवीय मूल्यों की परीक्षा 29 जनवरी को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा नियमित विद्यार्थियों के लिए पर्यावरण शिक्षा की परीक्षा 30 जनवरी को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगी।

इस बीच, 11 से 17 जनवरी तक की छोटी छुट्टियों पर चल रहे स्कूलों में 18 जनवरी से कक्षाएं फिर से शुरू होंगी। छुट्टियों के बाद, छात्रों को प्रारंभिक मूल्यांकन परीक्षा-IV के लिए तैयार होना होगा। स्कूलों को कक्षा 10 के छात्रों के लिए 29 जनवरी तक और कक्षा 1 से 9 तक के छात्रों के लिए 28 फरवरी तक परीक्षा आयोजित करने के लिए कहा गया है।

# कोडंगल से कांग्रेस कार्यकर्ता बीआरएस में शामिल

हैदराबाद, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कोडंगल विधानसभा क्षेत्र के विकाराबाद के दौलताबाद मंडल के करीब 30 कार्यकर्ता बुधवार को पूर्व विधायक पटनम नरेंद्र रेड्डी की मौजूदगी में बीआरएस में शामिल हो गए। इस अवसर पर उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं को पार्टी का गुलाबी दुपट्टा पहनाकर बीआरएस में शामिल किया। कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया, उनके किसान-समर्थक पहल की प्रशंसा की तथा बीआरएस सरकार की सत्ता में वापसी सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस अवसर पर पूर्व विधायक नरेंद्र रेड्डी ने कहा कि बीआरएस 17 जनवरी को चेवेल्ला निर्वाचन क्षेत्र के शाबाद में रायथु महाधरना कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। इस विरोध प्रदर्शन में बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव और अन्य वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। नरेंद्र रेड्डी ने कोडंगल निर्वाचन क्षेत्र के बीआरएस नेताओं और समर्थकों से बड़ी संख्या में धरने में भाग लेने का आग्रह किया।

## दलबदलू विधायकों की अयोग्यता के मामले में सुप्रीम कोर्ट पहुंची बीआरएस

हैदराबाद, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस के खिलाफ अपनी लड़ाई को और तेज करते हुए बीआरएस ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं दायर कीं, जिसमें पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए 10 विधायकों को अयोग्य ठहराने के निर्देश देने की मांग की गई। ये याचिकाएं वरिष्ठ बीआरएस नेता टी हरीश राव द्वारा बुधवार शाम को नई दिल्ली जाकर कानूनी टीम के साथ अंतिम चर्चा करने और एसएलपी और रिट याचिका दायर करने के साथ आगे बढ़ने का फैसला करने के बाद दायर की गई हैं।

## सीएम रेवंत के खिलाफ निवारक निरोध अधिनियम लागू किया जाना चाहिए : पाडी कौशिक



करीमनगर, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हुजूराबाद के विधायक पाडी कौशिक रेड्डी ने गुरुवार को कहा कि अगर पुलिस निवारक निरोध (पीडी) अधिनियम लागू करना चाहती है, तो इसे वास्तव में मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के खिलाफ लागू किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री के खिलाफ कुल 89 मामले दर्ज किए गए, जिनके खिलाफ पहला धोखाधड़ी का मामला 2002 में दर्ज किया गया था। रेवंत रेड्डी ने अपने चुनावी हलफनामे में भी इसका उल्लेख किया था।

कौशिक रेड्डी ने गुरुवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद बदले की राजनीति के तहत इस साल ही उनके खिलाफ 28 मामले दर्ज किए गए। वह जमानतें दाखिल करने अदालत पहुंचे थे। राज्य सरकार बीआरएस नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ अवैध मामले दर्ज कर रही थी, क्योंकि बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव और सिद्दीपेट के विधायक टी हरीश राव कांग्रेस पार्टी द्वारा चुनावों से पहले किए गए छह गारंटियों के कार्यान्वयन के लिए सरकार पर दबाव बना रहे थे।

# होटल में सांभर चावल में कॉकरोच मिलने से बढ़ी चिंता

हैदराबाद, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बेगमपेट के एक लोकप्रिय होटल में गुरुवार को सांभर चावल में कॉकरोच निकलने से दो दोस्त हैरान रह गए। जीएस राणा और उनके दोस्त सुरेश ने बताया कि वे टूरिज्म प्लाजा स्थित मिनर्वा होटल गए थे और लंच के समय सांभर चावल का ऑर्डर दिया था। हालांकि, उनका आरोप है कि उन्हें परोसे गए व्यंजन में कॉकरोच मिला और उन्होंने होटल प्रबंधन को इसकी जानकारी दी।



उन्होंने नगर निगम प्रशासन की खाद्य सुरक्षा शाखा में भी शिकायत की।

राणा ने होटल में साफ-सफाई और देखभाल की कमी पर दुख जताया। होटल अपने खान-पान के लिए मशहूर है और अपने रख-रखाव के लिए भी जाना जाता है। उन्होंने कहा कि खाने में कीड़े होना एक गंभीर मामला है। इससे फूड पॉइजनिंग हो सकती है और स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच सकता है। हमने इस मुद्दे को होटल प्रबंधकों के सामने रखा और उन्होंने खेद जताया। राणा और सुरेश ने कहा कि वे मामले की जांच करने तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित कार्रवाई करने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों से संपर्क कर रहे हैं।

# एजेंट को मारी गोली, एक करोड़ की लूट-एक की मौत

हैदराबाद, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कुछ अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने गुरुवार दोपहर बीदर कस्बे में एसबीआई एटीएम में नकदी भर रहे 2 व्यक्तियों को गोली मार दी और एक करोड़ रुपये की नकदी लूटकर फरार हो गए। इस घटना से तेलंगाना सीमा के नजदीक स्थित कस्बे में सनसनी फैल गई। हमलावरों को पकड़ने के लिए पुलिस ने तेलंगाना सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी है। जब एजेंसी के कर्मचारी एटीएम में नकदी भरने के लिए पहुंचे, तो कथित तौर पर वाहन का पीछा कर रहे दो आरोपियों ने उनमें से दो को गोली मार दी और सबके देखते ही देखते नकदी बॉक्स लेकर फरार हो गए। इनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय लोगों ने हमलावरों पर पत्थर फेंककर हमला करने की कोशिश की, लेकिन वे उन्हें भागने से नहीं रोक पाए।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.